| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 6:56 |
| सूर्यास्त | : | 5:28 |
| अधिकतम तापमान | : | 19.0 |
| न्यूनतम | : | 10.0 |

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-197 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 08 जनवरी 2025

07 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल

## 70 सीट

## पांच फरवरी को वोटिंग, आठ को होगी मतगणना

- 1.55 करोड़ वोटर्स 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन पर वोट डालेंगे
- नामांकन 10 से 17 जनवरी तक

### चुनाव के खेवनहार



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान मंगलवार को कर दिया है। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम की तारीख भी सामने आ गई है।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद 8 फरवरी को की जाएगी। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उन्होंने कहा, ''यह एक चरण का चुनाव है... हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया। उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर और तमिलनाडु में इरोड विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव इसी कार्यक्रम के अनुसार होंगे। कुमार ने कहा कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष और 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है। राजीव कुमार ने बताया कि राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे।

### मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान

**पांच फरवरी को वोटिंग**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का ऐलान चुनाव आयोग ने मंगलवार को कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मुताबिक 5 फरवरी को मिल्कीपुर सीट पर मतदान होगा। वहीं 8 फरवरी को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। मिल्कीपुर विधानसभा सीट एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। फैजाबाद सीट पर लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद ये चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। बता दें कि इस से समाजपार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने 2022 में जीत दर्ज की थी। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में अयोध्या संसदीय सीट से उनके सांसद चुने जाने के बाद से यह सीट खाली हो गई थी।

# चीन में भूकंप से 126 की मौत

- रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता, नेपाल-भूटान समेत सिक्किम और उत्तराखंड में भी असर



**बीजिंग।** चीन के तिब्बत प्रांत में मंगलवार सुबह आए भूकंप से 126 लोगों की मौत हो गई, जबकि 188 घायल हो गए। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक सुबह 9.05 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे) आए इस भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिजांग में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप का असर नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम और उत्तराखंड में भी दिखा। फिलहाल भारत में इससे जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने बताया कि पहले भूकंप के तुरंत बाद इस क्षेत्र में दो और भूकंप आए। लोकल अधिकारी लगातार हालात का जायजा ले रहे हैं, इस वजह से हताहतों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप के बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे में फंस गए हैं। इन्हें रेस्क्यू किया जा रहा है। चीन की स्टेट कार्उसिल ने भूकंप प्रभावित इलाके में टास्क फोर्स भेजी है और लेवल-3 इमरजेंसी घोषित कर दी है। चीनी वायुसेना भी प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू में जुटी है। भूकंप की वजह से इलाके का इन्फ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह डैमेज हो गया है, जिससे यहां बिजली और पानी दोनों की सप्लाई बाधित हो गई हैं। भूकंप के मद्देनजर चीन ने माउंट एवरेस्ट के टूरिस्ट क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। लेवल-3 की इमरजेंसी तब डिक्लेयर की जाती है जब दुर्घटना इतनी बड़ी हो कि लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और स्टेट की सरकार उससे नहीं निपट सकती। ऐसे हालात में केंद्र सरकार अपनी तरफ से तत्काल मदद भेजती है।

## न्यूज डायरी

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में 15 जनवरी को सुनवाई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के सरकारी और



सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने मंगलवार को सुनवाई शुरू होते ही कहा कि उसके सामने दो विकल्प हैं - तीन न्यायाधीशों की पीठ मामले की फिर से सुनवाई करे या इसे दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो 19 दिसंबर से अंतिम दलीलें सुन रही है। मामले में पिछली सुनवाई उसी दिन हुई थी।

### जगजीत डल्लेवाल की हालत नाजुक

**पटियाला।** खनौरी बॉर्डर पर 43 दिन से आमरण



अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती स्थिति को लेकर किसान मोर्चा के सब्र का बांध टूटने लगा है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी। कोहाड़ ने कहा कि अगर डल्लेवाल को कुछ हो गया तो केंद्र स्थिति को संभाल नहीं पाएगा। बेहतर है कि समय रहते केंद्र सरकार किसानों की बातों को गंभीरता से सुने और उनकी मांगों को पूरा करे। वहीं डल्लेवाल की हालत नाजुक बनी हुई है।

### मेनका की सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने चुनाव याचिका दायर करने के लिए 45 दिन की समयसीमा को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि वह कानून बनाने का काम नहीं कर सकता और बाढ़ के लिए दरवाजा नहीं खोल सकता। हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मेनका गांधी की याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिका में उन्होंने समाजवादी पार्टी के रामभुआल निषाद की लोकसभा चुनाव में जीत को चुनौती दी थी। निषाद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सुल्तानपुर सीट से जीत हासिल की थी। कोर्ट ने निषाद को चार हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# भाजपा ने अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई : अखिलेश यादव



**सपा ने संभल हिंसा की रिपोर्ट रखी, अखिलेश यादव का बड़ा आरोप**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है। इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहिये हैं एक अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। ये लोग भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने के लिए प्रदेश में जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अधिकारी अन्याय की सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यूपी में हर दिन 50 हजार गायें काटी जा रही हैं।

# सीएम योगी ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

## केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए तीन नए कानूनों के बेहतर तरीके से अमल को लेकर हुई चर्चा




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार की शाम दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से उनके मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान बैठक में गृह एवं सहकारिता मंत्री के समक्ष बीएनएसएस का यूपी से संबंधित प्रस्तुतीकरण भी किया गया। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई।

केंद्रीय गृह सचिव के साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी इस बैठक में शामिल रहे। महाकुंभ में सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश का गृह विभाग आपस में मिलकर फूल प्रूफ प्लान बना रहे हैं. जिसको लेकर मंगलवार की शाम गृह मंत्रालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच बैठक हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में दोनों नेताओं ने महाकुंभ में सिक्योरिटी के एडवांस सिस्टम को डेवलप करने पर हामी भरी।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया है। 5 फरवरी को वोट पड़ेंगे, जबकि 8 फरवरी को उपचुनाव के नतीजे आएंगे। सीएम योगी के दिल्ली दौरे को कई मायनों में बेहद अहम माना जा रहा है। बता दें कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बीते दिनों तीन खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर से महाकुम्भ 2025 को लेकर एक वीडियो जारी किया था। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने महाकुम्भ के तीनों शाही स्नान पर्व पर आतंकी वारदात को अंजाम देने की धमकी जारी की थी। पन्नू ने अलग-अलग जगह ईमेल करके वीडियो भेजा था।

# देश में जल्द ही होंगे 100 करोड़ मतदाता : ईसी

- केंद्रीय बजट में नहीं होगी दिल्ली से जुड़ी कोई घोषणा
- चुनाव आयोग ने किया साफ
- कैबिनेट सेक्रेटरी को लिखेंगे पत्र
- हेलीकॉप्टर जांच पर सभी दलों के साथ समान व्यवहार




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के पांच फरवरी को होने वाले चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने साफ किया है कि एक फरवरी को आने वाले केंद्रीय बजट में दिल्ली से जुड़ी कोई घोषणा नहीं होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि आज ही वह कैबिनेट सेक्रेटरी को इस संबंध में चिट्ठी लिखेंगे और कहेंगे कि वह यह सुनिश्चित करें कि दिल्ली को लेकर कोई नई घोषणा न की जाए।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह जानकारी मंगलवार को चुनाव आचार संहिता और सभी राजनीतिक दलों के लिए एक समान चुनावी मौके मुहैया कराने को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के एक लेवल प्लेइंग फील्ड मुहैया कराने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी साफ निर्देश दिया गया है। इसमें अनुमति से लेकर कार्रवाई करने तक में एकरूपता की बात कही गई है। आयोग ने पिछले चुनाव में कुछ राजनीतिक दलों की ओर से सिर्फ उनके ही हेलीकॉप्टर की जांच के आरोपों का भी जवाब दिया और कहा कि आयोग ऐसा बिल्कुल नहीं करता है। वह सभी दलों के साथ एक समान व्यवहार करता है। आयोग ने राजनीतक दलों को चुनावी प्रक्रिया का अहम हिस्सा बताया और कहा कि चुनावी विश्वसनीयता बनी रहे और नई पीढ़ी चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा ले इसके लिए जरूरी है कि राजनीतिक दल चुनावी डेकोरम को बनाए रखे। खासकर प्रचार के दौरान वह कोई ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी न करें, जिससे चुनावी प्रक्रिया को लेकर उनके मन किसी तरह कुंठा न पैदा हो। चुनाव आयोग ने बताया कि देश में जल्द ही मतदाताओं की संख्या 100 करोड़ होने वाली है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ हो गई है। यह आंकड़े तब आए है, जब देश में मतदाता सूची की पुनरीक्षण का पहला चरण पूरा हो गया है। जो पांच जनवरी को उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में पूरा हो गया है, जल्द ही बाकी राज्यों में यह काम पूरा हो जाएगा।

## अमित शाह ने भारतपोल का किया शुभारंभ

# अब अपराधियों की खैर नहीं



**नई दिल्ली।** भारत से भागकर दूसरे देशों में छिपे अपराधियों को पकड़ने में अब आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपकी निष्ठा को जब मंच पर सम्मानित करते हैं, तो न केवल आपके हौसले की बात होती है, बल्कि यह दूसरे अधिकारियों का भी हौसला बढ़ाता है।

भारतपोल पोर्टल को लॉन्च करने के दौरान अमित शाह ने कहा, भारतपोल हमारे देश के अंतरराष्ट्रीय इंवेस्टिग्वेशन को अलग रूप में ले जाने की पहल है। अभी तक इंटरपोल के साथ सिर्फ सीबीआई काम कर पाती थी, लेकिन अब भारतपोल के जरिए राज्यों की पुलिस और दूसरी एजेंसियां भी आपस में इंटरकनेक्ट रहेंगी। उन्होंने कहा, नोडल एजेंसी अभी भी सीबीआई ही रहेगी, जो इंटरपोल से डायरेक्ट कनेक्ट रहेगी, लेकिन अब दूसरी एजेंसी भी इंटरनेशनल लेवल पर होने वाले क्राइम को पहले रोकने में योगदान निभा पाएगी। 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 साल हो जाएंगे, तब भारत हर क्षेत्र में सबसे आगे होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 2027 तक भारत को विश्व के तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

# राजघाट पर बनेगी पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि

- शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी को कहा थैंक्स



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की याद में समाधि की मांग के बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के लिए पहले समाधि बनाने का फैसला किया है। एक जनवरी को केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी।

दरअसल, बिना किसी मांग के सरकार द्वारा समाधि बनाने के फैसले पर खुशी जताते हुए शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इसके लिए आभार जताया। ध्यान देने की बात है कि मोदी सरकार 2019 में प्रणब मुखर्जी को देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित कर चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजघाट के नजदीक बनाए गए राष्ट्रीय स्मृति स्थल में प्रणब मुखर्जी की समाधि के लिए जमीन की पहचान कर ली गई है। समाधि स्थल की पहचान करने के बाद शर्मिष्ठा मुखर्जी को सूचित किया गया। प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति बनने के पहले इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार में अहम मंत्रालयों के मंत्री रह चुके हैं। वहीं, शर्मिष्ठा मुखर्जी अपने पिता प्रणब मुखर्जी को कांग्रेस में उचित सम्मान नहीं मिलने को लेकर पिछले कुछ समय से लगातार हमलावर रही हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद प्रणब मुखर्जी कई बार प्रधानमंत्री मोदी के काम करने के तरीके और जुनून की

> शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता के नाम पर समाधि की जानकारी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इससे हो रही खुशी को वह शब्दों में बयान नहीं कर सकती है। उनके अनुसार यह प्रधानमंत्री मोदी की उदारता और बड़प्पन है कि उन्होंने बिना मांग के भी पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर समाधि बनाने का फैसला किया।

तारीफ की थी। इसके अलावा शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस की ओर से मनमोहन की समाधि की मांग पर कटाक्ष भी किया। उनके अनुसार प्रणब मुखर्जी हमेशा कहते थे कि सरकारी सम्मान कभी नहीं मांगना चाहिए, इसे स्वतः ही आना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को राहत, दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2013 के बलात्कार



मामले में जेल में बंद आसाराम को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से नहीं मिलने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग के अलावा उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है। न्यायालय ने 2023 में गांधीनगर की एक अदालत द्वारा आसाराम को दी गई आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की उसकी याचिका पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इस मुद्दे की जांच केवल चिकित्सा आधार पर करेगा। गुजरात उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त 2024 को आसाराम की सजा निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि उसे राहत देने का कोई मामला नहीं बनता है।

## यूपी की नौकरशाही में बड़ा उलटफेर

# आठ जिलों के कप्तान सहित 15 आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** यूपी के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। शासन के निर्देश पर डीजीपी मुख्यालय ने मंगलवार को आठ जिलों सुल्तानपुर, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, मैनपुरी, कन्नौज, मिर्जापुर, भदोही और बस्ती के एसपी समेत 15 आईपीएस का तबादला कर दिया।

आदेश के मुताबिक सुल्तानपुर के एसपी सोमेन वर्मा को मिर्जापुर का एसपी बनाया गया है। अमरोहा के एसपी कुंवर अनुपम सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त संकल्प शर्मा को लखीमपुर खीरी का एसपी बनाया गया है। लखीमपुर में तैनात गणेश साहा को मैनपुरी का एसपी बनाया गया है। मिर्जापुर के एसपी अभिनन्दन को बस्ती की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैनपुरी के एसपी विनोद कुमार को कन्नौज का नया एसपी बनाया गया है। भदोही की एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को कानपुर में एसपी इंटेलिजेंस बनाया गया है, जबकि कानपुर में तैनात बसंत लाल को एसीओ मुख्यालय भेजा गया है। बस्ती के एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। कन्नौज के एसपी अमित कुमार आनंद को अमरोहा में तैनात किया गया है। सहारनपुर के एएसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को भदोही का एसपी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर में एएसपी व्योम बिंदल को सहारनपुर में प्रभारी एसपी सिटी बनाया गया है। डीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा को सीबीसीआईडी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को डीजीपी मुख्यालय भेजने का आदेश निरस्त कर दिया गया है। डीजीपी के जीएसओ एन. रविन्दर का एडीजी एसीओ के टद पर किया गया।

# समाचार पत्र वितरक हैं समाज के सजग प्रहरी: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** तराई में लगातार बढ़ रही ठंड से जिले के



समाचार वितरकों, दिव्यांगजन, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कंबल वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग मौजूद करीब 450 लोगों को कंबल वितरित किया। प्रशासन से कंबल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सभी को लंच पैकेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आम आदमी तक समाचार पत्रों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक प्रशंसा के पात्र हैं। उनका काम किसी चुनौती से कम नहीं है। वितरक सच्चे अर्थ में कर्मयोगी के साथ ही समाज के भी सजग प्रहरी हैं। अखबार वितरण चुनौतीपूर्ण कार्य है। वितरक बदलते मौसम ठंडी, गर्मी व बरसात में भी हमें देश-दुनिया की खबरों से अपडेट कराने के लिए कठिन परिश्रम करते रहते हैं। वितरक सुबह होते ही बिना किसी छुट्टी के रोज अखबार पहुंचाने का जज्बा लोगों के लिए मिसाल है डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान आए। आम जनता खुशहाल रहे। प्रशासन का उद्देश्य है कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। इसी क्रम में मा.मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजन, वृद्धजन, जीरो पॉवर्टी परिवारो के साथ-साथ समाचार पत्र वितरकों को कंबल प्रदान किया जा रहा है। डीएम ने अपने हाथों से सभी पांच कैटिगरी के चिन्हित महिला, पुरुषों को अपने हाथ से कंबल ओढ़ाया तथा ठंड से बचने की सलाह दी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में भी अखबार लोगों तक विश्वसनीय खबरें पहुंचाने का साधन बने हैं। उन्होंने समाचार पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे समाचार पत्र वितरकों के कार्य को सराहा। समाचार पत्र वितरक अखबार रूपी इमारत के नींव के पत्थर हैं। हर परिस्थिति में लोगों के जागने से पहले रोज सुबह समाचार पत्र घरों तक पहुंचाना सर्दी-गर्मी और बारिश या अन्य कैसी भी कठिनाई हो वितरक रोज अपना काम पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। रोज सुबह तीन-साढ़े तीन बजे उठ कर लोगों तक समाचार पत्र पहुंचाना काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, प्रशासनिक अधिकारी/ नाजिर सदर मो. सलीम सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने परखी सर्वे व ऐप में फीडिंग की डिटेल की बारीकियां

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को जिले में ब्लाक नकहा से सीडीओ अभिषेक कुमार ने आवास प्लस सर्वे की शुरुआत की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं नकहा गांव में झोपड़ी में गुजर बसर करने वाली पिंकी पत्नी संजय के डिटेल आवास प्लस सर्वे में फीड की सीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन सर्वे शुरू किया गया है। इसके लिए आवास प्लस एप लॉन्च किया गया है। यह एप लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा और योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से न केवल गरीबों को छत प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य का विश्वास भी दिला रही है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवास प्लस के लिए निर्धारित ऐप में फीड की जाने वाली डिटेल सहित अन्य बारीकियां भी परखी। निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहने पाए मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया के साथ सर्वप्रथम ब्लाक नकहा की ग्राम पंचायत कटकुसमा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी क्रमशः रमेश, सतीश और घनश्याम के आवासों का स्थलीय सत्यापन किया। लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके कुशलता जानी। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से उनकी जुबानी में आवास आवंटन से किस्त अंतरण और आवास बनने तक पूरी प्रकिया जानी। उन्होंने लाभार्थियों से जाना कि आवास बने में किसी प्रकार की सुविधा तो नहीं हुई। लाभार्थियों ने सीडीओ को बताया कि कभी सोचा नहीं था कि पक्का मकान बनेगा। उन्होंने पूछा कि आवास मिलने में किसी ने कोई अपेक्षा तो नहीं की। इसपर खुले मन से लाभार्थियों ने कहा साहब नहीं सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया, डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों संग राजकीय हाई



स्कूल कटकुसमा से ऊंचीकृत होकर इंटरमीडिएट के निर्माणाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ को भवन की जांच के दौरान कई कमियां मिलीं, जिन्हें दुरुस्त करने के बाद पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान विद्यालय का नाम और कक्षाओं पर कक्ष संख्या अंकित नहीं मिला। साथ ही फिनिशिंग का कार्य भी मानक के रूप नहीं मिला। विद्यालय परिसर में कहीं भी संकेतक नहीं लगे मिले, जिस पर वर्किंग एजेंसी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द इन कमियों को दुरुस्त कर कर पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि भवन को जल्द ही संबंधित विभाग को हस्तगत कराया जा सके।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा अ0सं0 1220/22 धारा 128 द0प्र0सं0 में वारंटी अभियुक्त राममिलन पुत्र छोटन्ने निवासी ग्राम तिलकापुर पोस्ट धर्मापुर थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण नहीं हुआ स्पष्ट

**लखीमपुर खीरी।** मझगईं थाने के गांव हुलासी पुरवा निवासी रामचंद्र के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इसके कारण विसरा सुरक्षित किया गया है, जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। उधर, उसके परिजन लगातार पुलिस की पिटाई से रामचंद्र की मौत होने का आरोप लगा रहे हैं मंगलवार को गांव में रामचंद्र के घर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। एएसपी पवन गौतम ने गांव पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही निघासन विधायक शशांक यादव भी वहां पहुंचे। एएसपी पवन गौतम ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। परिजन के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वह गलत हैं हुलासीपुरवा गांव निवासी रामचंद्र (40) पर अवैध रूप से शराब बनाने के आरोप में सात-आठ दिन पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। उसके भाई दिनेश ने बताया कि रामचंद्र सोमवार शाम को दोस्तों मोहन, सुरेश और मुनेश के साथ लकड़ी बीनने गया था। मझगईं थाने के सिपाहियों संग एक एसआई व निघासन कोतवाली के कुछ पुलिसकर्मी पहुंचे। रामचंद्र और उसके दोस्तों को मझगईं थाने ले गए। वहां रामचंद्र को बुरी तरह पीटा। हालत बिगड़ने पर पुलिस वाले उसे अपनी गाड़ी से निघासन सीएचसी लाए और छोड़कर फरार हो गए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## शीतलहर और अत्यधिक गलन से जन-जीवन बुरी तरह से रहा प्रभावित

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में मंगलवार को सुबह से कोहरा छाया रहा। आसमान में बादल भी रहे, जिससे दोपहर तक धूप नहीं निकली। शीतलहर और अत्यधिक गलन से जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए शीत दिवस व कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश से लाखों रूपये कीमत की स्मैक बरामद, भेजा जेल



**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर व नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 77 ग्राम स्मैक, एक इलैक्ट्रानिक काँटा व एक मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 1,55,000 रूपये आंकी गई है। थाना नानौता प्रभारी सचिन पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक धीरज सिंह के नेतृत्व में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर इकबाल पुत्र शकूर निवासी मौ.शेखजादगान कस्बा व थाना नानौता को पीठ रोड कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 77 ग्राम स्मैक, एक इलैक्ट्रानिक कांटा व एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये नशा तस्कर के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। श्री पूनिया ने बताया कि दबोचा गया आरोपी एक शातिर किस्म का अपराधी है तथा थाना नानौता का हिस्ट्रीशीटर भी है, जिसके विरूद्ध थाना नानौता पर डेढ़ दर्जन से भी अधिक मुकदमें पंजीकृत है। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपी इकबाल ने बताया कि वह नशा करने का आदी है। वह यह स्मैक बाहर से सस्ते दामों पर खरीदकर लाता है तथा यहा लाकर राह चलते लोगों को महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाता है। आज भी वह स्मैक बेचने के लिये ग्राहक के इन्तजार में खडा था, कि पुलिस ने पकड लिया।

# शासन से प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले की एडवाईजरी हुई जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि 14 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ के आयोजन में महाकुम्भ मेला परिक्षेत्र में भगदड, अग्निकांड, डूबना, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या इत्यादि के निस्तारण तथा महाकुम्भ 2025 को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा महाकुम्भ-2025 में जाने वाले तीर्थयात्री एवं आमजन के लिए एडवाईजरी जारी की गयी है।

मनीष बंसल ने बताया कि महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेले की जानकारी प्राप्त करें। यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में रखें। मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग की आईएमडी की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत मोबाईल एप डाउनलोड कर चेक करें। 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य करायें। चिकित्सक से सलाह लेने के उपरान्त ही महाकुम्भ मेले में जाये। हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें एवं अपनी दवा निरंतर समय पर लें। यदि आयुष्मान कार्डधारक है तो कार्ड साथ रखें जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में मुफ्त इलाज प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि संगम क्षेत्र पंहुचने हेतु पैदल चलना पड सकता है इसलिए शरीर में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए पानी या ओआरएस का घोल पीते रहें। मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड की संभावना होने के दृष्गित गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। बच्चों, वृद्धजनों व गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें तथा गहरे पानी में जाने से बचे। चप्पल जूते का प्रयोग करें एवं कीचड वाले स्थान पर ना चलें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धडकन का तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पडना, थकान होना, सांस फूलना, खांसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल सम्पर्क करें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोयें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

## मंदिर के दान पात्र से नगदी उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने मंदिर के दान पात्र से पैसे चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नगदी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वादी अमित त्यागी पुत्र सुरेश त्यागी पार्षद निवासी हकीकत नगर थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ सावित्री बाई जी की कुटिया के सामने वाले मन्दिर का दान पात्र तोड़कर पैसे चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जहांगीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी मंजीत उर्फ केचुंआ पुत्र राकेश निवासी ग्राम पिन्जौरा पुलिया के पास फ्रेन्ड्स कालौनी थाना कोतवाली देहात को गश्त के दौरान चांदमारी मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# नेहरु मार्किट, जुबली पार्क, भगत सिंह मार्ग पर आज नहीं लगा मंगल बाजार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नेहरु मार्किट, जुबली पार्क, भगत सिंह मार्ग व रायवाला आदि बाजारों में मंगल बाजार न लगने से आज लोगों ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी व नगरायुक्त के निर्देश पर आज नगर निगम ने पुलिस व श्रम विभाग के सहयोग से उक्त बाजारों में मंगल बाजार नहीं लगने दिया। कुछ दुकानदारों ने प्रतिरोध भी किया लेकिन किसी की एक नहीं चली। शाम तक पुलिस, श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी नेहरु मार्किट में डेरा डाले रहे और निरंतर गश्त करते रहे।

उद्योग बंधु व्यापार समिति के साथ मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व नगर निगम अधिकारियों की कुछ दिन पूर्व हुई बैठक में नेहरु मार्किट, जुबली पार्क, भगतसिंह मार्ग, रायवाला, लोहानी सराय आदि बाजारों से मंगल बाजार शिफ्ट करने पर सहमति बनी थी। जिस पर नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम अधिकारियों ने उक्त



बाजारों में सड़क पर थड़ा ( थला या फड़ ) लगाकर सामान बेचने वालों के लिए मेला गुघाल पर स्थान आरक्षित किया था। उक्त आदेशों के अनुपालन में नगर निगम ने उक्त बाजारों में मुनादी कराकर तथा थड़ा दुकानदारों से व्यक्तिगत रुप से मिलकर मेला गुघाल स्थल पर अपना व्यवसाय करने का अनुरोध किया था। निगम द्वारा थड़ा दुकानदारों को लाटरी सिस्टम से मेला गुघाल स्थल पर स्थान आवंटन भी किया गया था। लेकिन कुछ थड़ा लगाने वाले अभी भी नेहरु मार्किट और जुबली पार्क में ही थड़े लगाने की जिद पर अड़े थे। इनके अलावा नेहरु मार्किट के कुछ दुकानदारों ने भी साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन करते हुए अपनी दुकानों के सामने थड़े लगाने शुरु कर दिये थे।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव के नेतृत्व में आज नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग तथा सीओ अशोक कुमार सिसौदिया, इंस्पैक्टर कोतवाली धर्मेन्द्र गौतम व सहायक श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभिषेक कुमार ने अपनी टीमों के साथ सुबह से ही नेहरु मार्किट में डेरा डाल लिया था। निगम व पुलिस टीम द्वारा पुल जोगियान, जुबली पार्क के दोनों गेट, लोहानी सराय, नेहरु मार्किट व रायवाला बाजारों में बेरिकेटिंग लगाकर नाकेबंदी कर दी गयी थी। नाकेबंदी के चलते थड़ा लगाने वालों की उक्त बाजारों में एंट्री नहीं होने दी गयी। इसके अलावा दुकानदारों को भी साप्ताहिक बंदी का पालन करने के लिए बाध्य किया गया।

कुछ दुकानदार जो दुकानों के सामने सड़क पर थड़ा लगाना चाहते थे तथा कुछ थड़ा दुकानदारों ने निगम व प्रशासन के फैसले पर विरोध जताया लेकिन निगम व श्रम विभाग के सामने किसी की एक नहीं चली।

उन्हें स्पष्ट कहा गया कि जिसे भी थड़ा लगाकर व्यापार करना है वह मेला गुघाल स्थल पर जाकर थड़ा लगाए। मोबाइल मार्किट, वी मार्ट तथा एक अन्य बड़े दुकानदार ने अपने प्रतिष्ठान खोलने का प्रयास किया तो श्रम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उन्होंने साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन किया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# सुंदरकांड का पाठ कर नवीन सत्र पर किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक रिटायरीज एसोसिएशन ने अपने नवीन सत्र की शुरुआत के अवसर पर सभी वरिठ नागरिकों के कल्याण के लिए सुंदर कांड पाठ किया तथा हरि मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया। न्यू आवास विकास कॉलोनी स्थित हरि मंदिर में पीएनबी रिटायरीज एसोसिएशन ने अपने नवीन सत्र की शुरूआत अनूठे ढंग से की। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया और संस्था पदाधिकारियों द्वारा मंदिर परिसर में पौधारोपण के साथ-साथ गरीबों व असहायों को कम्बल भी वितरित किए गए। संस्था सचिव सुभाष सपरा ने बताया कि संस्था पीएनबीआरए सम्पूर्ण भारतवर्ष मे, पंजाब नेशनल बैंक के सेवा निवृत साथियों की एक अग्रणी संस्था है, जो सम्पूर्ण भारतवर्ष के वरिष्ठ नागरिकों की भलाई और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस दौरान संस्था चेयरमैन बीके कमल, अध्यक्ष कुलदीप शर्मा व कोषाध्यक्ष अरुण प्रकाश शर्मा ने प्रसिद्ध रामायण व भजन गायक अनिल शर्मा, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अरुण गर्ग, एसके लूथरा, आरके जैन, सुशील शर्मा, विशु शेखर, चरण जीत सिंह, मुकेश गर्ग, गुरमीत, सुनील अरोड़ा, अमृत लाल अरोड़ा, अशोक जैन, अश्वनी अग्रवाल, नेकी राम, मणि राम, एमएस पाहुजा, शशि भल्ला, जुशील कुमार, रति राम, अशोक मरवा, अजय अग्रवाल, बीके गुप्ता, अश्वनी मादान, अर्जुन मेहता मक्कड़, भारतेश जैन, केसी जैन, वीपी भसीन, श्रीमती शालिनी शर्मा, नीता शर्मा, शारदा सप्रा, अमिता गर्ग, मधु शर्मा, सुनीता अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## दियोरिया में ख्वाजा गरीब नवाज़ के 813 वां उर्स के मौके पर हुआ दलिया का लंगर

**मीरगंज।** हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (गरीब नवाज) की दरगाह पर सालाना रूप से मनाए जाने वाले उर्स को लेकर जायरीनों में काफी उत्साह दिखा। मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ दियोरिया अब्दुल्लागंज में नीम वाले दादा मियां की मजार पर भी मनायी गई। फातिहा का एहतिमाम हुआ जिसमें अक़ीदतमन्दों ने मजार पर पहुंचकर फातिहा में शिरकत की वही उपसभापति शाहनवाज की तरफ से लंगर का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों ने ख्वाजा का लंगर ग्रहण किया। वहीं सामूहिक दुआ में देश-प्रदेश में अमन-चैन व तरक्की-खुशहाली की कामनाएं की गई।

राजस्थान के जिला अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की 813वें उर्स की शुरुआत बुधवार को रजब (इस्लामी माह) का चांद नजर आने के बाद हो चुकी है और इसी के साथ उर्स की धार्मिक रस्में भी शुरू हो चुकी हैं।

# आगरा में फिल्मी स्टाइल में चोरियां, पहले पूड़ी-सब्जी बनाकर खाते हैं, फिर उड़ाते हैं माल

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** वैसे तो देश भर में लोग तमिल और तेलुगू फिल्मों के दीवाने हैं पर यहां तो अब चोर इस कदर दीवाने नजर आ रहे हैं की अब चोरी करने के तरीके भी तमिल फिल्म से सिख रहे हैं। दरअसल, नवंबर 2024 में महाराजा फिल्म आई थी। तमिल की इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में थे। फ़िल्म में अनुराग कश्यप चोरी से पहले साथियों के साथ पहले घर में खाना बनाते थे फिर चोरी करते थे। अब इसी प्रकार का मामले आगरा से सामने आए हैं जहां चोरों ने 10 दिनों के भीतर तीन बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह है कि चोर हर बार चोरी से पहले पूड़ी-सब्जी बनाकर खाते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं।

मामला थाना सदर के रोहता स्थित कंपोजिट विद्यालय का है। स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता सक्सेना ने बताया कि 25 दिसंबर की रात को चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर बच्चों का राशन और समान चुरा लिया। इससे पहले चोरों ने रसोई घर में सब्जी-पूरी बनाकर खाई थी। बचा हुआ सामान उन्होंने दूसरे कमरे में रखवा दिया था। मगर अगली बार वह समान भी चुरा ले गए। प्रधानाचार्य ने बताया कि 25 दिसंबर के बाद अगली चोरी 30 दिसंबर को हुई। तब चोर रात में आए और स्कूल के 8 लॉकर और अलमारी को तोड़कर बच्चों के खिलौने और सामान चुरा ले गए। इस पर उन्होंने गांव के प्रधान से कहकर विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। मगर कैमरों को लगे एक दिन ही हुआ था। 3 जनवरी को एक बार फिर से चोर स्कूल में दाखिल हुए और कार्यालय का ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को निकाल ले गए। कार्यालय में रखा अन्य सामान भी चोरी कर ले गए।

बरौली अहीर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता सक्सेना ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि लगातार स्कूल में इस तरह चोरी होने से मुश्किलें बढ़ रही हैं। कोई भी सामान स्कूल में लाने से डर लगता है। 2 साल पहले स्कूल में 14 बार चोरी हुई थी। इसके बाद स्कूल में पुलिस तैनात की गई थी। इधर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

## दुनिया में तीसरे नंबर पर होगी भारत की अर्थव्यवस्था : राजनाथ सिंह

**आगरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगरा में आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के 57वें राज्य सम्मेलन में शिक्षकों के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें से 5वें स्थान पर आ चुका है और जल्द ही टॉप 3 देशों में शामिल होगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान और विज्ञान में पारंगत होना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहना भी है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करें, जिसमें तन, मन, बुद्धि और आत्मा का संतुलन हो।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका देश की प्रगति में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, शिक्षक वह शिल्पकार है जो आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करता है। गुरु को कुम्हार और शिष्य को कुम्भ कहा गया है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका कार्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि बच्चों को शिक्षित और विवेकशील बनाना है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया भारत को एक बड़ी शक्ति के रूप में देख रही है। उन्होंने शिक्षकों को जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हुए कहा,

आप किसी बच्चे का भविष्य बनाते हैं, तो राष्ट्र का भविष्य बनाते हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायत राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, और कार्यक्रम संयोजक मुकेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीएल एग्रो ने अपनी सीएसआर पहल के तहत राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 के विजेताओं को पांच साल तक समर्थन देने का संकल्प लिया

*अवधनामा संवाददाता*

**मेरठ।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 में उत्तर प्रदेश के एथलीटों की अभूतपूर्व उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं के लिए एक व्यापक पांच वर्षीय सहायता कार्यक्रम की घोषणा की है। बीएल एग्रो के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का एक हिस्सा यह पहल पैरा-एथलीटों को अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है।

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक और यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक आशीष खंडेलवाल ने पैरा-एथलेटिक्स की प्रशंसा करते हुए कहा हमारे पैरा-एथलीटों द्वारा प्रदर्शित धैर्य और दृढ़ संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें और भारत को गौरवान्वित किया है। बीएल एग्रो में, हम इस प्रतिभा को



पोषित करना चाहते हैं और इन चैंपियनों को उत्कृष्टता की उनकी यात्रा जारी रखने में मदद करना चाहते हैं। इस पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए आवश्यक सभी संसाधन हों।

इस पहल की खेल समुदाय के दिग्गजों ने सराहना की। यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की चेयरमैन डॉ. दीपा मलिक ने कहा, सम्मान महत्वपूर्ण है, लेकिन निरंतर समर्थन ही वह चीज है जो क्षमता को स्थायी प्रभाव में बदल देती है। बीएल एग्रो की प्रतिबद्धता भारतीय पैरा खेलों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगी। इस तरह के निरंतर समर्थन से अधिक प्रतिभाओं को बढ़ावा मिल सकता है और एथलीटों के जीवन में सार्थक बदलाव आ सकता है।

ये पुरस्कार भारतीय खेलों में उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में 17 जनवरी, 2025 को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सम्मानित होने वालों में शामिल हैं:-

प्रवीन कुमार (पैरा-एथलेटिक्स-पुरुष ऊंची कूद):- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्ता।

प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स - महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर)

अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स - पुरुष जेवलिन)

सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स - महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर) प्रत्येक को 2024 का अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## गुलाब का फूल देकर सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाने के प्रति किया जागरूक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी डा0 वी0 के0 सिंह के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी के द्वारा जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत उनमें 50 प्रतिशत कमी लाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट लगाने हेतु जागरूक किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार तथा एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी के द्वारा बगैर हेलमेट पहने तथा बगैर सीटबेल्ट लगाये वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को अवगत कराया गया कि सड़कों पर सर्वाधिक मौतें वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट न लगाने के कारण होती हैं। इसके अतिरिक्त सड़कों पर कोहरे के दृष्टिगत 18 ट्रैक्टर -ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गये। यातायात उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार साथ रहे।

## आसिफ एवं रिजवान मंसूरी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त एवं





आई.एस.ओ. प्रमाणित सामाजिक संगठन मंसूरी सोसाइटी ऑफ मेडिकल सोशल वर्कर्स के पदाधिकारियों की घोषणा की गई हैं। मंसूरी सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए बताया कि ब्लॉक-बढ़पुर के ग्राम पपियापुर निवासी श्री आसिब खान को मंसूरी सोसाइटी-फर्रुखाबाद का नगर प्रभारी एवं क़ायमगंज के मोहल्ला कुकीखेल निवासी श्री रिज़वान मंसूरी को उप जिला प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। इन पदाधिकारियो के मनोनयन पर समाज के प्रबुद्ध लोगों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुबारक़बाद दी हैं वहीं बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ हैं।

## अग्निशमन सतर्कता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नवंबर माह में मेडिकल कालेज झांसी में हुए अग्निकांड की घटना को लेकर अग्निशमन विभाग सतर्कता दिखा रहा है। अग्निशमन विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अग्निशामक यंत्रों की पड़ताल की और कर्मचारियों को उनका प्रयोग करना सिखाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित अग्निशमन सतर्कता कार्यक्रम के तहत अग्निशमन केंद्र प्रभारी महेंद्र प्रताप बाजपेयी की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र कई प्रकार के होते हैं, प्रत्येक को रंग कोडिंग और लेबलिंग द्वारा पहचाना जा सकता है। जांच लें कि आप जिस अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने जा रहे हैं वह आग के प्रकार के लिए उपयुक्त है अथवा नहीं। जैसे कि बिजली के उपकरणों से जुड़ी किसी भी आग पर पानी के अग्निशामक यंत्र का उपयोग कभी नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि यंत्रों की जांच भी समय समय पर करते रहें। यदि यंत्र एक्सपायर हो गया है तो उसे बदला जाना चाहिए। उन्होंने चिकित्सालय में लगे अग्निशमन उपकरणों की पड़ताल की और कर्मचारियों को फायर सिलेंडर चलाना सिखाया। बताया कि एबीसी सिलेंडर का उपयोग आग लगने पर किया जाता है। सीओ टू फायर सिलेंडर का उपयोग इलेक्ट्रिक समान में जैसे पैनल बोर्ड आदि में किया जाता है। शिविर में चिकित्सालय परिसर में आग को बुझाकर दिखाया गया।

## कोतवाल ने परखी बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बैंक शाखाओं में होने वाली टप्पेबाजी की घटनाओं को रोके जाने और अनधिकृत लोगों पर नजर रखने के लिए पुलिस लगातार बैंक शाखाओं में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रहती है। कोतवाली पुलिस ने पीएनबी की शाखा में जाकर गहनता के साथ जायजा लिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा में पहुंचकर वहां तैनात गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म, कैश काउंटर की व्यवस्था देखते हुए लॉकर की सुरक्षा जांची। इस दौरान बैंक शाखा में मौजूद ग्राहकों से सुरक्षात्मक बिंदुओं को लेकर उन्होंने बातचीत की। संदिग्ध नजर आने वाले युवकों से प्रभारी निरीक्षक ने आवश्यक पूछताछ की और फालतू टाइप के लोगों को चलता किया। उन्होंने शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ के लोगों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति अथवा वस्तु बैंक के अंदर संदिग्ध नजर आए तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर सके।

## उधार का रुपया मांगने पर मनबढ़ो ने पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के टीकरियां निवासी मनीषा साहनी पत्नी विजय कुमार साहनी जो मिनवा चौराहे पर घर बना कर रहती है। और वहां पर सहज जन सेवा केंद्र चलाती है।गांव का एक मनबढ़ 2 हजार रुपया उधार ले गया था। उधार का दिया गया रुपया पति ने मांगा मनबढ़ अपने भाई के साथ आकर पति को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी प्रशांत पासवान,मनीष पासवान के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर रहेगा 03-06 वर्ष के बच्चों का अवकाश

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त ने जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में अवगत कराया है कि अत्यधिक सर्दी के कारण जिन तिथियों में प्राथमिक विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाएगा, उन तिथियों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 03 से 06 वर्ष के बच्चों का अवकाश रहेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष के बच्चों को टीएचआर के रूप में पोषाहार वितरण किया जाएगा और आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामुदाय आधारित गतिविधि, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, आधार व मोबाइल सत्यापन, टीएचआर के रूप में पोषाहार वितरण निर्धारित तिथियों में पूर्व की भांति की होता रहेगा।

## वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर के देवनगर चौराहे पर एआरटीओ ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर के देवनगर चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक किया। चौराहे से बिना सीट बैल्ट, बिना हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें माला पहनाई गई। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से जान जाने का जोखिम कम से कम होता है। आप जब घर से निकलते हैं तो आपके वापस घर लौटने पर आपके परिवार के सदस्य आपका इंतजार करते हैं। यातायात नियम आपकी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। इसलिए आप यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इससे न सिर्फ आप स्वयं को बचा सकते हैं बल्कि सड़क पर दूसरों के लिए भी खतरा पैदा नहीं करेंगे। आप यह सोचकर चलें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है।

## सुढार सालाबाद गांव में आयोजित रामकथा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सुढार सालाबाद गांव में आयोजित रामकथा के आयोजन में श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन किया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी का जयघोष किया। सुढ़ार सालाबाद गांव में कारस देव मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित संजय पांडेय माधवपुर ने भक्तों को श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि रावण का चारों ओर आतंक था। ऋषि मुनि यज्ञ आदि कार्य संपन्न नहीं कर पा रहे थे।

# सपा जिला कार्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा सभी जिला उपाध्यक्ष फ्रंटल संगठन के जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी को जोन स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी अन्य पदाधिकारी को सेक्टर स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी जिनका काम होगा वोट बढ़ाना, बूथ को मजबूत करना एवं पीडीए चर्चा कार्यक्रम मे अपने-अपने जोन व सेक्टर मे कार्यक्रम करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कमजोर बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी को दी जाएगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने पीडीए पर जोर देने की चर्चा की इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, प्रभारी विधानसभा भोजपुर, अरशद जमाल सिद्दीकी, पूर्व प्रत्याशी कायमगंज पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इजहार खान व वरिष्ठ नेता डॉक्टर जेपी सिंह वर्मा,सदस्य प्रदेश कमेटी समीर यादव,जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया, पुष्पेंद्र यादव,चांद खान, सिराजुल आफाक मुन्ना, डॉक्टर नवरंग सिंह यादव ,सौरभ कटियार, जिला सचिव फ्रंटल प्रभारी रामपाल सिंह यादव,निजाम अंसारी,शिव शंकर शर्मा, समीर मिर्जा,विनीत परमार, संतोष दिवाकर, नीलम सिंह, ईश्वरदयाल कार्यकारिणी सदस्य अंकुर शाक्य, जीशान खान, हर्षवर्धन प्रधान, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा जितेंद्र यादव सिरौली ,राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी बंटी यादव ,राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब वाहिनी अशोक अंबेडकर प्रदेश सचिव युवजन सभा संदीप यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष युवजन सभा अभिषेक शाक्य, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विमल प्रताप लोनिया, प्रदेश सचिव महिला सभा रागिनी यादव, जिला अध्यक्ष युवजन सभा शिवम यादव, छात्र सभा हर्ष गंगवार, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान,अनुसूचित जाति अमित कठेरिया,बाबा साहब बहिनी अमन सूर्यवंशी, पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप,नगर अध्यक्ष नवागंज अश्विनी यादव, कंपिल बबलू यादव,कमलगंज बिल्लू श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष मुख्तार आलम, महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक कमल हसन,छात्र सभा माजिद अली, पुष्पेंद्र सिंह सीटू यादव, विकास यादव दीपू, इंद्रेश यादव, राजपाल यादव, योगेंद्र यादव, बलराम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## सजातीयों के निधन पर निःशुल्क आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा राठौर समाज

**उरई (जालौन)।** नए साल में राठौर समाज ने एक नेक काम की शुरुआत की है। समिति अब किसी सजातीय परिवार में निधन होने पर निःशुल्क रूप से कुर्सियां, पानी के कैंपर, जाजम आदि जरूरी सामग्री उपलब्ध करायेगी ताकि दुःखी परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। राठौर समाज सेवा समिति की एक बैठक चंदकुआं स्थित अवधविहारी लाल महाराज मंदिर में संपन्न हुई जिसमें समाज के लोगों ने इस काम को लेकर चर्चा की और तय किया कि नगर में रहने वाले समाज के किसी परिवार में यदि किसी व्यक्ति का निधन होता है तो समिति की तरफ से उसके घर पर निःशुल्क रूप से सामग्री पहुंचाई जाएगी। इसलिए समाज के लोग इस प्रकार की जानकारी अवश्य दें ताकि संबंधित व्यक्ति के घर समय से सामग्री पहुंचाई जा सके। इस दौरान रामनरेश राठौर, राठौर धर्मादा समिति मंत्री धर्मेंद्र राठौर, मुकेश डीजे, रोहित राठौर, सेठ सौरभ, ब्रजेश, छोटू, राजेश, संजीव, जयपाल, पवन, अतुल, शैलेंद्र, सागर, अंशुल, मनोज, मुकेश, सेठ अंकुर, आकाश, डॉ. वीरेंद्र राठौर, प्रदीप, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

# उप श्रमआयुक्त कार्यालय में कर्मचारी नदारद भ्रष्टाचार का अड्डा बना उप श्रमआयुक्त कार्यालय

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** उप श्रम आयुक्त कार्यालय में कर्मचारियों का काम करने में मन ही नहीं लगता। आज जब हमारे प्रतिनिधी कार्यालय में पहुंचे तो वहां कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। यहाँ तक की ए एल सी शेर सिंह भी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। चोकाने वाली बात यह है कि कार्यालय का मुखिया ही जब नहीं आते तो अन्य कर्मचारी कैसे आयेंगे।

अलीगढ़ के उप श्रम आयुक्त सिया राम हैं। उनका नाम तो सियाराम है मगर अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं है। केवल पूरे कार्यालय में सिर्फ एक ही बाबू उपस्थित था। यहां यह भी बता दें कि आउट सोर्सिंग से जो कर्मचारी रखे हैं वह भी समय पर नहीं आते। यह भी पता चला कि आउट सोर्सिंग से जो कर्मचारी भर्ती हुए है वह भी कार से आते हैं। यह कहना उचित होगा कि ए एल सी भी आगरा से अलीगढ़ नियमित नहीं आते। वही एक कर्मचारी गौरव उपाध्याय आगरा से अलीगढ़ नियमित आता है और समय से पूर्व देखा जाता हैं। बाकी सभी कुर्सी टेबल खाली नजर आती हैं। वही इस कार्यालय में बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता। विभिन्न योजनाएं मजदूरों के लिए संचालित है पर मजदूरों को प्राप्त नहीं होती। इस सदर्भ में जब उप श्रम आयुक्त सियाराम से वार्ता करनी चाही तो उन्होंने फोन तक काट दिया और बात करना उचित नहीं समझा।

## काकोरी में चोरों ने बनाया ट्रांसफार्मर को अपना निशाना बेशकीमती तार और ऑयल ले उड़े

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी में बेखौफ चोरों ने समदा पुलिस चौकी के अंतर्गत काकोरी मोड़ सड़क पर बिंद्रा प्लास्टिक फैक्ट्री के पास निज़ी प्लाटिंग साइड पर रखे ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा कर ऑयल व कॉपर चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि लाइन चालू थी। इसके बाद चोरों ने चोरी को अंजाम दिया।



एफसीआई विद्युत उपकेंद्र तहत मंगलवार की तड़के सुबह निजी प्लाटिंग साइट पर रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर आयल सहित कॉपर चोरी कर फरार हो गए। विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। एफसीआई उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी प्रशांत गिरी ने बताया कि रहमानखेड़ा फीडर अंतर्गत बिंदा प्लास्टिक के पास स्थित महेंद्र सिटी में रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने फेज काटकर नीचे गिरा दिया और ट्रांसफार्मर खोलकर लगभग 200 लीटर आयल और लगभग 50 किग्रा तक कॉपर चोरी कर लिया। ट्रांसफार्मर का ढांचा छोड़कर चोर फरार हो गए। सुबह साढ़े सात बजे उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने चोरी की जानकारी दी। अवर अभियंता नितिन कुमार ने अज्ञात चोरों पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। ट्रॉली ट्रांसफार्मर रखवाकर विद्युत आपूर्ति शुरू करवा दी है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## 10 से 16 जनवरी तक होगा गोरखपुर महोत्सव

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने



प्रेस वार्ता कर बताया कि स्थानीय कलाकारों को मंच दिया गया है गोरखपुर प्राचीन काल से भारत वर्ष की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महायोगी गोरक्षनाथ जी की नगरी एवं बुद्धिष्ठ सेक्टर के केन्द्र बिन्दु के रूप में अपनी पहचान स्थापित किये हुए है, सांस्कृतिक पर्यटन विकास के दृष्टिगत भारत वर्ष की सांस्कृतिक नगरी गोरखपुर में पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, सूचना विभाग, जिला प्रशासन एवं स्थानीय उद्यमियों के संयुक्त प्रयास से गोरखपुर महोत्सव समिति द्वारा गोरखपुर महोत्सव का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत दिनांक 10 से 16 जनवरी तक किया जा रहा है। महोत्सव अवधि में 10 से 16 जनवरी 2025 तक विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल/प्रदर्शनी भी लगायी जायेंगी। गोरखपुर महोत्सव के आयोजन के माध्यम से जहां एक और गोरखपुर में पर्यटन सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रचार प्रसार को उत्तरोत्तर गति प्राप्त होगी, वहीं दूसरी ओर आगन्तुक देशी/विदेशी पर्यटकों सहित स्थानीय जनता को भी एक ही स्थान पर कला, संस्कृति एवं गीत संगीत एवं क्रीड़ा का अद्भुत समागम प्राप्त हो सकेगा।

## भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया गया है इसके अंतर्गत जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ है इस अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी का संगठन और उसके कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि घर-घर पहुंचकर डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान व भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित करने का कार्य करेंगे। जिसके लिए जिला व मंडल स्तर पर टोली बनाई गई है जिला कार्यशाला के उपरांत 8 जनवरी से 9 जनवरी के मध्य मंडलों में कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे संगठन के सभी मोर्चे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संवैधानिक मूल्यो भाजपा की उपलब्धियों और डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए पूरा संगठन इस कार्यक्रम में जी जान से जुटेगा।

## गरीब व जरूरतमंद लोगों को वितरित किया कंबल

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** शहर में बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिनके पास ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े और कंबल आदि नहीं होते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाएं बेहतरीन मानवीय किरदार निभाती हैं। (SRNQ) एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने अमीनाबाद डाकघर के पास बने अमेठी हाउस में गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। संस्था के संचालक नईम आदिल, (कोषाध्यक्ष) हमज़ा आदिल, (समाजसेवी) अतुल कुमार सिंह और (समाजसेवी) रजनीश सिंह ने बताया कि सर्दी शुरू हो गई है और जरूरतमंद लोगों के पास कपड़ों की कमी होती है। संस्था के सदस्य हर साल जरूरतमंदों की मदद करते हैं। इस साल भी संस्था की ओर से कंबल बांटे गए हैं। संस्था के (अध्यक्ष) नईम आदिल ने कहा मानव सेवा करना पहला परमधर्म है इस अवसर पर 100 बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद कम्बल लोगो को कंबल दिए गए, कंबल मिलने से खुश गरीब जरूरतमंदों ने संस्था के लोगों को धन्यवाद दिया।

## अमेठी में कलेक्ट्रेट में हुई उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रशासनिक एवं वित्तीय विलम्ब समिति की बैठक

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रशासनिक एवं वित्तीय विलम्ब समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कार्मिकों की पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य देयकों के भुगतान सम्बंधित लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी और समाज कल्याण अधिकारी को छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान और कृषि विभाग के अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित अन्य समस्त जनपद अमेठी के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभापति का बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के अंतर्गत जनवरी 2019 से दिसंबर 2022 के मध्य विभिन्न विभागों के सेवानिवृत हुए कार्मिकों के पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों के संबंध में बिंदुवार समिति को अवगत कराया गया। इस दौरान समिति के माननीय सभापति द्वारा अधिकांश विभागों के लंबित प्रकरण अवशेष ना होने पर प्रसन्नता व्यक्त की, अधिकांश विभागों के जो भी प्रकरण लंबित थे वे सभी शासन स्तर से लंबित हैं।

## बरसीन काटने से मना करने पर मनबढ़ो ने पीटा, चार लोग घायल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भूआशहिद सीवान में बुआई की गई बरसींन को इसी गांव का मनबढ़ जबरजस्ती काट रहा था। जिसे देखकर पीड़ित ने विरोध के किया तो मनबढ़ जातिसूचक गालियां देते हुए मारने पीटने लगा और अपने स्वजन को भी बुला दिया। और मारपीट कर आधा दर्जन लोगो को घायल कर दिया। पुलिस ने। आधा दर्जन नामजद,तथा एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के माइला निवासी अशोक कुमार उतर रामसावर जो अपनी पत्नी निर्मला को बाइक बैठकर मंगलवार को सुबह 10 बजे के करीब सहजनवा जा रहा था। देखा कि बुआ शहीद में बुआई की गई बरसीन को मनबढ़ काट कर उठा ले जा रहे है। जिसका विरोध किया तो वह जातिसूचक गालिया देते हुए अपने स्वजन को बुला लिया। और लाठी डंडे, लोहे की रॉड, धारदार हथियार,कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिए। जिसमें दीपक,राकेश, अशोक, निर्मला,बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अनिल गुप्ता,सुनील गुप्ता,कपिल गुप्ता, कमला, अभिषेक गुप्ता, करामत सुनिल मल्ल तथा एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ बलवा, एससी/एसटी, बलवा, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में थानेदार विशाल उपाध्याय ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापारी एकता विकास मण्डल, सर्राफा बाजार लक्ष्मी मार्किट सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य हैः- 1. पवन गोयल अध्यक्ष 2. अनुज कुमार गर्ग उपाध्यक्ष 3 हरी प्रकाश कक्कड़ मन्त्री 4. प्रिंस कक्कड़ उपमन्त्री 5. विभू गोयल कोषाध्यक्ष 6. पारस कक्कड़ संगठन मन्त्री 7.योगेश कुमार गुप्ता ऑडिटर 8अर्जुन कक्कड़ सदस्य 9.आकाश कक्कड़ सदस्य 10.सचिन मित्तल सदस्य 11. राहुल टंडन सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मण्डल के पंजी.के विरूद्ध कोई भी आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 20 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार करना सम्भव न होगा और गुणदोष केआधार पर पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगीविदित हो उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 ( 1 ) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुआ हैं।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहा. रजि.,फर्म्स, सोसा. चिट्स,सहारनपुर।**

## सूचना

मैं शाहिदा बेगम पत्नि मो. इसरार मरहूम नि. न्यू 62 फुटा रोड, राहत गार्डन,निकट मस्जिद नूर नसीम, कोतवाली देहात,सहारनपुर अपने पुत्र शाहनवाज आलम पुत्र वधु श्रीमति राबिया पत्नी शहनवाज आलम पुत्री नौशाद नि.चिलकाना रोड,मंडी समिति, राहत गार्डन कॉलोनी, स. पुर को गलत संगत एवं आचरण के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे अपने सभी संबंध विच्छेद कर रही हूं भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगें। मैं या मेरा परिवार उनके किसी कु कृत्य हेतु ज़िम्मेदार ना होगा।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ-2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित अनेक विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :-

रेलगाड़ी सं. 06019/06020 मंगलूरू सेन्ट्रल-वाराणसी जं.-मंगलूरू सेन्ट्रल कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06019 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06020 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | ---- |
| 14:50 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:20 |

चलने के दिन : 06019 मंगलूरू सेन्ट्रल से दिनांक 18.01.2025, 15.02.2025 को और 06020 वाराणसी जं. से दिनांक 21.01.2025 एवं 18.02.2025 को।
ठहराव: कासरगोड, नीलेश्वरम, पैय्यानूर, कण्णुर, तलश्शेरी, वडकारा, कोषिक्कोड, फरोक, तिरूर, षोरणूर जं., ओट्टप्पालम, पालक्काड़ जं., कोयंबत्तूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुरकागज नगर, बल्हारशाह जं., चंद्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 06071/06072 चेन्नै सेन्ट्रल-गोमती नगर-चेन्नै सेन्ट्रल कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06071 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06072 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:20 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | ---- |
| 07:40 | 07:50 | वाराणसी जं. | 10:05 | 10:15 |
| 14:15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 03:45 |

चलने के दिन : 06071 चेन्नै सेन्ट्रल से दिनांक 18.01.2025, 15.02.2025, 01.03.2025 को और 06072 गोमती नगर से दिनांक 21.01.2025, 18.02.2025 एवं 04.03.2025 को।
ठहराव: गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह जं., गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. और अयोध्या धाम जं. स्टेशन
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 05267/05268 मुजफ्फरपुर जं.-झूँसी-मुजफ्फरपुर जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05267 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05268 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | ---- |
| 06:40 | 06:45 | वाराणसी जं. | 14:50 | 14:55 |
| 09:55 | ---- | झूँसी | ---- | 12:00 |

चलने के दिन : 05267 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 08.01.2025, 15.01.2025, 05.02.2025, 19.02.2025 को और 05268 झूँसी से दिनांक 09.01.2025, 16.01.2025, 06.02.2025 एवं 20.02.2025 को।
ठहराव: मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तान गंज, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., औंड़िहार जं., एवं वाराणसी जं. स्टेशन
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 05285/05286 जयनगर-झूँसी-जयनगर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05285 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05286 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:50 | जयनगर | 10:15 | ---- |
| 12:40 | 12:45 | वाराणसी जं. | 21:05 | 21:20 |
| 15:45 | ---- | झूँसी | ---- | 17:45 |

चलने के दिन : 05285 जयनगर से दिनांक 10.01.2025, 24.01.2025, 31.01.2025, 28.02.2025 को और 05286 झूँसी से दिनांक 11.01.2025, 25.01.2025, 01.02.2025 एवं 01.03.2025 को।
ठहराव: मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 05295/05296 दरभंगा जं.-झूँसी-दरभंगा जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05295 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05296 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | दरभंगा जं. | 02:30 | ---- |
| 07:00 | 07:05 | वाराणसी जं. | 15:35 | 15:40 |
| 10:00 | ---- | झूँसी | ---- | 12:10 |

चलने के दिन : 05295 दरभंगा जं. से दिनांक 25.01.2025, 15.02.2025, 22.02.2025, 01.03.2025 को और 05296 झूँसी से दिनांक 26.01.2025, 16.02.2025, 23.02.2025 एवं 02.03.2025 को।
ठहराव: समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा जं., बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण मिशन के तहत एक सप्ताह की निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ कर्मचारी विकास केन्द्र, एनटीपीसी टांडा में मंगलवार को किया गया। समारोह का उद्घाटन परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में सी.एस.आर. अधिकारी सुश्री निष्ठा सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख टांडा जयदेव परिदा ने बच्चों का उत्साह वर्द्धन किया और कहा कि एनटीपीसी टांडा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक वरदान स्वरुप है ।इसने विभिन्न क्षेत्रों में कई सामाजिक कल्याण कार्यों को कार्यान्वित किया है। उन्होंने बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की सराहना की और कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह आसपास के वंचित परिवारों से आने वाली बालिकाओं के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

साथ ही कार्यक्रम में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती परिदा ने बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला में आई हुई बच्चियों से मजबूत रहने और अपनी रुचियों का पता लगाकर उन्हें निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि इस प्रकार यह लड़कियां एक दिन अपने सपनों को साकार कर पाएंगी।

इस अनुवर्ती कार्यशाला में आसपास के विद्यालयों में कक्षा छः में अध्ययनरत 10-12 आयु वर्ग की बालिकाओं का चयन उनके अभिभावकों की सहमति के उपरान्त प्रधानाध्यापकों के माध्यम से किया गया है। कार्यशाला में सम्मिलित बालिकाओं को अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों द्वारा सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, गणित के साथ ही योग, खेल, ड्राइंग, आत्मरक्षा आदि के बारे में सहज एवं सरल तरीके से जानकारी देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यशाला का समापन 13 जनवरी को समारोहपूर्वक किया जाएगा।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**अयोध्या।** छत्तीस गढ़ में खोजी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मृतक पत्रकार के परिवार को पांच करोड़ दिए जाने की मांग की गई है।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता की अगुवाई में पत्रकारों ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा को मंगलवार को सौंपे गए चार सूत्रीय ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किए जाने की मांग किया है। साथ ही मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने एवं घटना के दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। नगर मजिस्ट्रेट ने पत्रकारों से प्राप्त ज्ञापन को राष्ट्रपति के पास भेजे जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया,उपाध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष योगेश सिंह , विवेक कुमार वर्मा, परम जीत कौर, शिव दयाल ,अश्वनी सक्सेना सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।वही संगठन की तहसील इकाई रुदौली में तहसील अध्यक्ष अब्दुल जब्बार के नेतृत्व में एसडीएम को, सोहावल में तहसील अध्यक्ष अशोक मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार सोहावल व मिल्कीपुर में तहसील महामंत्री विनय गुप्ता के नेतृत्व में तहसीलदार मिल्कीपुर को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया।

# सूफी संतो, धर्म गुरुओं महापुरुषों के बताएं रास्तों पर चलना चाहिए: बैजनाथ रावत



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला छोटी बाजार स्थित हजरत वली शहीद र0 अ0 मजार के पास वरिष्ठ समाजसेवी एवं सभासद ताहिर अंसारी के नेतृत्व में हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी र0अ0 के 813 वें कुल के अवसर पर आयोजित भंडारा (लंगर) के मौके पर आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह के मौके पर उत्तर प्रदेश एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत द्वारा पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं आम जनता के हक की लडाई हर समय तन मन धन से जान निछावर करने वाले वरिष्ठ सभासद ताहिर अंसारी को उनके सामाजिक कार्यों व अच्छे कार्यों को लेकर पत्रकारों द्वारा भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि, सूफी संतो, धर्म गुरुओं महापुरुषों के बताएं रास्तों पर चलना चाहिए जो बुराई के रास्ता छोड़ अच्छाई के मार्गो पर चलना सिखाता है। आगे उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बिना भेदभाव जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे भी विस्तार से बताया। इस दौरान समाजसेवी मोहम्मद कलीम अंसारी, मिनहाज अंसारी, गुड्डू अंसारी रेहान, मेराज अंसारी, आसिफ हुसैन, संदीप तिवारी, शहाबुद्दीन सिद्दीकी, वसीम खान, अबसार शाह , मोहसिन मुन्ना खान, हंसराज वर्मा पदुम कुमार, जितेन्द्र और कृष्ण गोपाल सहित दर्जनों मीडिया कर्मी व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जबकि कमेटी के लोगों की मौजूदगी में दुपहर से देर शाम तक लंगर व भंडारे में हिंदू मुस्लिम अपनी एक्ता और कस्बे के भाईचारे की मिसाल बने रहे। जिससे पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लंगर में चार चांद लगा रहा।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। बताते चलें कि क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार , सिपाही पंकज राठौर जयनरायण प्रवीन सहयोगी पुलिस के गश्त करते समय मुरदही के पास इमरान उर्फ़ खन्ना पुत्र निसार मोहल्ला मुक्खिन कस्बा जैदपुर को हाथ में लेकर पिपिया में दस ली अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

# जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की फाडवे से हमलाकर हत्या कर दी



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** जमीनी विवाद के चलते आज सुबह दो भाइयों में मामूली कहासुनी हो गई, बात इतनी बढ़ गई कि सगे भाई ने अपने बड़े भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। हत्या की घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व पुलिस बल मौके पर पहुँच गई और फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला सफदरगंज इलाके के झलिहा गांव का है। जहां पर दो भाई परशुराम और विशेषर का आपस में मकान और जमीन का बंटवारा हो चुका था। लेकिन सामने की जमीन को लेकर आए दिन दोनों लोगों के बीच विवाद होता रहता था। आज सुबह ईंट रखने को लेकर के दोनों पक्षों में विवाद हो हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि परशुराम ने अपने बड़े भाई विशेषर पर फावड़ा से हमला कर दिया जिससे विशेषर की मौके पर ही मौत हो गई। गांव में हत्या की घटना के बाद हड़कंप मच गया। सूचना पर सफदरगंज पुलिस समेत अन्य स्थानों की पुलिस और फॉरेंसिक टीम, डाग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# भीषण ठंड में परेशान लोगों को गर्म कंबल वितरित करना सच्ची मानवता: जगत राज कनौजिया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जरूरत मंदो की मदद करना सच्ची मानवता है÷ उक्त विचार भाकियू टिकैत युवा विंग के अयोध्या मंडल प्रभारी फैसल मलिक द्वारा पालिका मार्केट में आयोजित भीषण ठंड में जरूरत मंदो को कम्बल वितरण कार्यक्रम में जगत राज कनौजिया (पीपीएस) व्यक्त करते हुए कहा कि ÷इस भीषण ठंड में परेशान लोगों को गर्म कंबल वितरित करना सच्ची मानवता है शासन प्रशासन ठंड से बचने के तमाम उपाय तो करता ही है किंतु जब समाज के कुछ जिम्मेदार लोग आते हैं तो इसी तरीके की व्यवस्था को किया जाता है ऐसे पुनीत कार्य को करने वालों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, कार्यक्रम आयोजक फैसल मलिक ने कहा कि जरूरतमंदों को उनकी जरूरत के हिसाब से चीज उपलब्ध कराने पर जितना सुकून मिलता है जिसकी व्याख्या की नहीं जा सकती, मध्यांचल प्रवक्ता बलराम यादव ने कहा कि जरूरतमंदों की कोई जाति धर्म नहीं होता यह समाज के हर धर्म जाति और समुदाय में पाए जाते हैं इसलिए इनकी जरूर का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए, वरिष्ठ किसान नेता लाल यादव ने कहा कि महात्मा टिकैत जी का जीवन किसानों और समाज को समर्पित था उन्हीं की प्रेरणा से आज इस कार्यक्रम को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा किसान नेता मोहम्मद रियाज ने कहा कि बड़ों के आशीर्वाद से इस तरीके के कार्य करने से हम युवा वर्ग को भविष्य में और अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है, इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहम्मद अशफाक, रसूल अहमद उर्फ़ गुल्ले, मोहम्मद कलीम उर्फ मुनिया, संतोष कुमार, अरविंद यादव,, सनी वर्मा रामजी वर्मा बॉबी सिंह असद उर्फ आसू, शाहिद, आरपी सिंह, अज्जू नेता, राजा अली, रवि जायसवाल मोहम्मद इस्माइल राजकुमार गुप्ता आदि दर्जनों किसान नेता मौजूद रहे।

# सुरक्षा के दृष्टिगत हाईटेंशन तार को अंडरग्राउंड कराने की मांग



**निचलौल (महराजगंज)।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई ठूठीबारी के लोगो द्वारा जिलाधिकारी महाराजगंज को ज्ञापन सौंप कस्बे के शांति नगर स्थित मरचहवा रोड हाईटेंशन तार को विद्युत विभाग द्वारा शिफ्टिंग कार्य को रोक व जनहित व सुरक्षा के दृष्टिगत अंडरग्राउंड एलटी तार से शिफ्टिंग कराने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम निचलौल शैलेन्द्र कुमार को विद्युत विभाग से कार्य को रोक अंडरग्राउंड शिफ्टिंग के लिए दूसरा स्टीमेट बनाने का निर्देश दिया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इंडो-नेपाल के सरहदी कस्बा ठूठीबारी में एक इंटर कॉलेज के उपर से गुजरे हाई टेंशन तार को हटाने के लिए कस्बे के मुख्य व्यवसायिक रास्ता के किनारे बिजली पोल लगाया जा रहा है। हाई टेंशन तार से खतरे को लेकर ग्रामीण भयभीत है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग अंडरग्राउंड एलटी तार की शिफ्टिंग कराए। इससे किसी को कोई परेशानी नहीं है, लेकिन बाजार के मुख्य रास्ता के किनारे जिग-जैक शिफ्टिंग से रास्ता संकरा हो जाएगा। इससे लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी। दो अक्टूबर को बिजली विभाग ने मस्या के समाधान के तहत हाईटेंशन तार का स्थानांतरण कर इसे घनी आबादी से होकर राधा कुमारी इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार व महत्वपूर्ण हाट बाजार के बीच लगाने का प्रयास किया। स्थानीय वाशिंदों और विद्यालय प्रशासन के कड़े विरोध के कारण काम रोक दिया गया। जिलाधिकारी के आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# नहर में मिला व्यक्ति का शव

**महाराजगंज।** जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा अमवा भैंसी के पास स्थित बड़ी नहर में मंगलवार को एक व्यक्ति का शव बालू में धसा दिखाई दिया, जिसको देखने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान भिटौली थाने के अंतर्गत सेमरा राजा निवासी 55 वर्षीय गिरीश राय के रूप में हुआ हैं। मृतक के परिजन कुछ दिनों पहले ही थाने में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज करवाए थे। जानकारी के अनुसार मृतक गिरीश राय की पत्नी जयंती देवी का बीते 1 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो चुका हैं और मृतक गिरीश राय के दो पुत्र हैं।

# महिला ग्राम प्रधान स्वयं करायें अपनी ग्राम पंचायतों में विकास के कार्य



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** हाई कोर्ट के निर्देश पर मंडलीय उप निदेशक पंचायत महोदय बरेली के मार्गदर्शन में जनपद शाहजहांपुर के ब्लॉक- खुदागंज एवं ब्लॉक निगोही की महिला प्रधानों का संचार कौशल एवं नेतृत्व क्षमता संवर्धन,लैंगिक समानता, पर दो दिवसीय प्रशिक्षण खुदागंज विकास खंड सभागार में प्रारंभ हुआ।प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत खुदागंज पवन कुमार ने एडीओ पंचायत निगोही धर्मेंद्र कुमार एवं राज्य प्रशिक्षक राकेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में मां सरस्वती के सम्मुख दीप जला कर किया।प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए एडीओ पंचायत पवन कुमार ने कहा कि महिला प्रधानों को अपने कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी हो इसके लिए वह पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण में भाग लें जिससे वह अपनी ग्राम पंचायत में अच्छा काम कर सके। प्रथम दिवस प्रशिक्षण में राज्य प्रशिक्षक राकेश कुमार पांडेय ने प्रतिभागी महिला प्रधानों को त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था,महिला प्रधान के दायित्व एवं कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने प्रशिक्षण के द्वारा महिला नेतृत्व क्षमता संवर्धन , पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)छ के तहत ग्राम प्रधान को पद से कैसे हटाया जा सकता है आदि के बारे मे विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षक शिवानी वर्मा ने महिलाओं के प्रति लिंग भेद समस्या पर प्रकाश डाला। आज के प्रशिक्षण में महिला ग्राम प्रधान श्रीमती रजनी,मुन्नी देवी, सत्यभामा,सुशीला देवी जी सहित अन्य सभी महिला प्रधानों ने प्रतिभाग किया।

# चोरी की बाइक सहित,तीन नेपाली नागरिक गिरफ्तार



**महराजगंज।** नौतनवा कस्बे में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास में नौतनवां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर एक चोरी की बाइक बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर खास की सूचना पर मार्डन स्कूल के पास से लगभग 3ः30 बजे एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल यादव और अमन जायसवाल व एक बाल अपचारी राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई।इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक चोरी के बाइक सहित विशाल यादव पुत्र राज किशोर यादव वार्ड नंबर 1 थाना बेलहिया जिला रूपंदेही व अमन जयसवाल पुत्र राजेश जायसवाल वार्ड नंबर-1बेनीपुर, थाना धकधई जिला रूपंदेही राष्ट्र नेपाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय चालान कर दिया गया व एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्राम प्रधान ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी ग्रामसभा के टोला सड़कहवा में नेता जी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय विद्यालय के निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्राम प्रधान अजीत उर्फ अजयकुमार ने डीएम को ज्ञापन देकर जांच और कार्रवाई मांग की है।

ग्राम प्रधान ने शिकायत पत्र देकर बताया कि ग्राम सभा के टोला सड़कहवा में तकरीबन छह करोड़ रुपये की लागत से नेता जी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। इस विद्यालय के बनने से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था होगी। उनका आरोप है कि निर्माण में दोयम दर्जे की ईट, गिट्टी, छड़ और अन्य सामग्री का उपयोग हो रहा है, जो भवन की गुणवत्ता व स्थायित्व के लिए बेहद चिंताजनक है। ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल पर अब तक आवश्यक सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। इससे निर्माण में पारदर्शिता का अभाव दिख रहा है। ठेकेदार से बात करने पर सही सूचना न देना। ग्राम प्रधान ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण मानक के अनुरूप कराने की मांग की है। इसको लेकर डीएम ने टीम गठित कर जांच कराने व दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए प्रधान को आश्वासन दिया है।

# सुल्तान ए हिन्द ख्वाजा मोइद्दीन की याद में कुल शरीफ सम्पन्न

**मसौली बाराबंकी।** सुल्तान ए हिन्द ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती( रह0) की याद में मंगलवार को कस्बा बड़ागांव स्थित हजरत काजी शहाबुद्दीन ओलिया आतिशी परकाले के आस्ताने पर विगत वर्षों की भांति अकीदत के साथ कुल शरीफ सम्पन हुआ। तथा लंगर का आयोजन किया गया । उल्लेखनीय हो कि प्रति वर्ष रज्जब माह की 6 तारीख को अजमेर शरीफ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज का कुल शरीफ होता है। ख्वाजा गरीब नवाज के अकीदत मन्द प्रति वर्ष सुल्तान ए हिन्द की याद में कस्बा बड़ागांव स्थित हजरत काजी शहाबुद्दीन ओलिया आतिशी परकाले रह0 की दरगाह शरीफ पर धूमधाम से कुल कराते है। मंगलवार की सुबह सैकड़ो अकीदतमंदों के बीच ख्वाजा गरीब नवाज का कुल शरीफ सम्पन हुआ जिसमें सैकड़ो लोगो ने शिरकत की तथा आस्ताने पर विशाल लंगर मे सैकड़ो अक़ीदत मंदो ने दाल रोटी का तबरुकात खाया तथा आसिफ पान वाले की ओर से बिरयानी एव जर्दे का लंगर किया गया।

# आयरन रॉड से पानी गर्म करने के दौरान युवक की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर पंचायत परतावल के वार्ड नंबर 11 स्वतंत्रता सेनानी नगर में अपने मामा के घर आए युवक की विद्युत स्पर्षघात से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक नेपाल के जनकपुर का रहने वाला है। परिजन शव लेकर जनकपुर चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल के जनकपुर का रहने वाला युवक राज मंडल 19 श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में अपने मामा प्रताप के घर रहता है। यहां वह अपने मामा के दुकान पर बिजली का काम सिखता है। सोमवार को अपने घर जनकपुर जाने के लिए तैयारी कर रहा था। ठंडी होने के कारण वह बाथरूम में बाल्टी में पानी भर कर उसे आयरन राड से गर्म कर रहा था। कुछ देर बाद वह बाल्टी में हाथ डालकर चेक कर रहा था कि पानी गर्म हो गया या नहीं। आयरन राड में बिजली उत्पन्न हो रही थी। हाथ डालते ही वह बिजली की चपेट में आ गया और बाथरूम में ही गिर गया। कुछ देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजन बाथरूम की तरफ गये। वहां देखा कि राज अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। आनन फानन उसे सीएचसी परतावल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के मामा प्रताप ने बताया कि युवक का अंतिम संस्कार करने के लिए उसके जन्मस्थान जनकपुर नेपाल ले जाया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारियों से वीएचएसएनडी सेशन में कितने बच्चे सैम मैम के मिले जानकारी ली। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं या उनके अभिभावक टीकाकरण नहीं कराते हैं उनकी सूची तैयार कर टीकाकरण सुनिश्चित कराए। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र पर वजन मशीन, इनफैक्टोमीटर स्टेडियोमीटर की उपलब्धता बनी रहनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त बाल विकास योजना अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड में सम्मिलित बिंदुओं पर नियमित रूप से निगरानी करने एवं टीकाकरण सत्रों पर सभी वजन मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश बाल विकास परियोना अधिकारियों को दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग को वजन मशीन संबंधी मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। 75 आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाने तथा 48 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु इसकी साप्ताहिक समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को अवशेष रह गए केंद्रों पर भी विद्युत कनेक्शन शीघ्रता से कराए जाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मना कर माताओ को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर।** जिला अस्पताल में मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत ÷कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया।जिसमें जिला प्रावेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा नवजात जन्मी 13 बच्चियों को हिमालया बेबी किट वितरित की गई। डॉ0 नेपाल सिंह सीएमएस ने मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, भोजन,जननी सुरक्षा केंद्र, दवाओं, जच्चा बच्चा आदि के संबंध में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि आप सभी को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को कैसे नवजात शिशु का व अपना प्रसव के बाद ध्यान रखना है। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा पर आवेदन करने के लिए बताया। महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दी।

# नगर पंचायत के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल(महराजगंज)।** अधिशासी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शिवाजी यादव द्वारा नगर पंचायत निचलौल सीमन अंतर्गत वार्ड नंबर 4 मियां मोहल्ला में स्थित एमआरएफ सेंटर, डंपिंग ग्राउंड तथा रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डंपिंग ग्राउंड में कूड़े का निस्तारण एव डंपिंग ग्राउंड का बाउंड्रीवाल करने के लिए शासन में प्रस्ताव भेजने की बात कही।रैनबसेरा के साफ सफाई और अलाव जलाने का निर्देश दिया। निकाय के लिपिक मोहनलाल,अवधेश कुमार, मु0 अनस, धीरेंद्र पटेल, रोहित कुमार, पन्नालाल, राजकुमार उपस्थित रहे।

# डीएम ने बेवां सीएचसी का किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्रसव कक्ष को देखा गया। प्रभारी एमओआईसी डा0 विकास चौधरी द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को जानकारी दी गयी कि इस कक्ष में एक दिन पूर्व सायं के समय कुछ दंबगों द्वारा आकर स्टाप को धमकी देते हुए उनके साथ अभद्रता की गयी। एमओआईसी द्वारा बताया गया कि इसकी सूचना थाना डुमरियागंज को मेरे द्वारा दे दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा इस पर एक्शन लेते हुए पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जो दंबगो द्वारा अस्पताल के अन्दर आकर दंबगई की गयी है उनके उपर कड़ा एक्शन लेकर जेल भेजा जायेगा। इसके पश्चात एनबीएसयू कक्ष को देखा गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने प्रसव कक्ष, एनबीएसयू कक्ष व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। साथ ही साथ सीएचसी बेवा का नाम भवन पर बड़े अक्षरों में लिखाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रभारी एमओआईसी को निर्देश दिया कि घटना की तहरीर थाना डुमरियागंज पर देने का निर्देश दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन छात्रवृत्ति एवं बोर्ड परीक्षा के सम्बंध में बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन, छात्रवृत्ति एवं बोर्ड परीक्षा के सम्बंध में मंगलवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने टी.बी. जागरूकता हेतु प्रबन्धको को निर्देश दिया कि विद्यार्थी, शिक्षको तथा अभिभावको को निक्षय एप पर रजिस्ट्रेशन कराकर शपथ दिलायी जाये। टीबी सम्बन्धी जागरूकता हेतु निबन्ध, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। अच्छा कार्य करने वालो को सम्मानित किया जायेगा। विद्यालयों के वेवसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार प्रसार किया जाये। शिक्षण सस्थानों में कार्यरत अधिकारी, शिक्षक, कर्मियों को निक्षय मित्र के रूप में सम्मानित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा पर चर्चा पर रजिस्ट्रेशन कराकर लक्ष्य पूर्ण करे। छात्रवृत्ति नामांकन में शासन के निर्देशानुसार लक्ष्य पूर्ण करे। इसके साथ ही अपार आईडी की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी कालेजो में सौन्दर्यी करण हेतु प्रशासन द्वारा प्रस्ताव बनवाया जा रहा है जल्द ही सरकारी कालेजों में सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जायेगा। इसके साथ ही एडेड विद्यालय के प्रबन्धको को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि विद्यालयो के सौन्दर्यीकरण हेतु स्कूलों के छत की मरम्मत, रंगाई, पुताई शौचालय, डी प्लास्टर, टाइल्स आदि कार्य करवाने के लिए मैनेजमेन्ट के साथ बैठक कर बोर्ड परीक्षा से पूर्व कराये। जो विद्यालय अच्छा कार्य करेगा उसे सम्मानित किया जायेगा। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रबन्धको को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर प्र0 जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह, विद्यालयों के प्रबन्धक व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जैतपुर पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जैतपुर पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार को गोली मारकर हत्या करने के मामले में किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया। जैतपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अपहरणकर्ता राजन पुत्र हरिश्चंद्र निवासी सिपाह (असलाई) थाना अहरौला जिला आजमगढ़ को अंगराघाट से गिरफ्तार कर लिया। लिखा है कि 1 जनवरी को उदयपुरा थाना अहिरौला आज़मगढ़ के थाना जैतपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र जैतपुर के बनरहिया बाग नरायणनगर बदमाश थाना जैतपुर के पास रात्रि में अज्ञात मोटर साइकिल सवार का उदय पुत्र हुन्नर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सकतपुर थाना अहिरौला जिला अपने साथी अशोक कुमार पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम खानपुर चंदू थाना अहिरौला जिला मगल के साथ अपने गांव से फूलवरिया बाजार जा रहे थे बनरहिया बाग के पास गोली मार दी गई। पीड़ित असामीअला पुलिस ने अज्ञात के ख़िलाफ़ मुक़दमा पंजीकृत किया था। ज्ञातव्य है कि 04 क्रिएटिव को 06 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन संपन्न



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन मंगलवार को डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार डुमरियागंज ने विभिन्न मतदेय स्थलों पर जाकर नामावलियों की समीक्षा की। तहसीलदार रवि कुमार यादव ने हल्लौर स्थित मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल के 171, 172, 173, 174 व जबजौवा स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय 168,169,170 और सिकहरा कोहड़ा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 164,165 सहित विभिन्न मतदेय स्थलों पर जाकर नामावलियों की जांच की। उन्होंने बीएलओ को नामावलियों की सटीकता और अद्यतन करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर तहसीलदार ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन एक महत्वपूर्ण कदम है जो मतदाताओं को अपने नामों की जांच करने और आवश्यक सुधार करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि वे अपने नामों की जांच करें और आवश्यक सुधार करने के लिए आवेदन करें।

# इफको एमसी की दवा लेने पर किसानों को मिलेगा सुरक्षा बीमा का लाभ




**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के बरदहा गांव के टोला मधुबेनिया में मंगलवार को इफको एमसी के किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान संगोष्ठी में इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र कुमार ने किसानों को फसल में लगने वाले खरपतवार को नष्ट करने को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही इफको एमसी का सल्फर के बारे में जानकारी दी और किसानों को बताया कि इस सल्फर को तिलहन की फसल में गेहूं एवं लगभग सभी फसलों में उपयोग किया जाता है। कहा कि इफको एमसी की दवा लेने पर इफको एमसी के द्वारा बीमा भी निः शुल्क किया जाता है इसके अलावा जिस इफको दुकान से दवा ले तो रशीद जरूर ले जिससे कोई भी दुर्घटना होती है तो इफको एमसी के द्वारा किसानों सुरक्षा बीमा का लाभ मिल सके। इस किसान गोष्ठी में एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप के प्रोपराइटर अनंत कुमार मिश्र, मोनू यादव, मजनू, उमेश, रामकेश, गोविंद, अखिलेश, बावली, तौलन व प्रहलाद आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिलाओं का जांच व टीकाकरण जरूरी

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण के साथ ही बच्चों का टीकाकरण बहुत जरूरी है। यह बातें मंगलवार को क्षेत्र के बिजौरा में आयोजित संचार गतिविधि एवं माता जागरूकता बैठक में अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया।

अधीक्षक ने बताया कि आशा अपने क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में पंजीकरण करें तथा उन्हे दी जाने वाली सुबिधाओं को समय से उपलब्ध कराएं। समय समय पर जांच कराएं जिससे गर्भस्थ शिशु की स्थिति का पता चल सके,साथ ही उच्च जोखिम वाली महिलाओं को चिन्हित कर सीएचसी पर लाएं जिनका इलाज कर सुरक्षित प्रसव

**भनवापुर के बिजौरा में आयोजित संचार गतिविधि एवं माता बैठक में अधीक्षक ने किया जागरूक**

कराया जा सके। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि आशा ड्यूलिस्ट तैयार कर एक दिन पहले लाभार्थी महिलाओं को बुलावा पर्ची का वितरण करना सुनिश्चित करें। किसी भी दसा में बुलावा पर्ची वितरण नहीं करने की शिकायत पर कार्रवाई निश्चित है।चल सौ दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत गांव में लगने वाले स्वास्थ शिविर में खांसी, बुखार आदि के साथ ही संभावित क्षय रोगियों का जांच कराएं तथा उन्हे क्षय रोग के बारे में जागरूक करें। इस दौरान तारा मिश्रा, अंबुज श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 11 से 25 जनवरी तक भाजपा चलाएगी संविधान गौरव अभियान

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संविधान गौरव अभियान के निमित्त मंगलवार को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ शंकर पांडेय रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा देश का संविधान आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के हाथों में ही सुरक्षित है। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब और संविधान का सदैव से अपमान किया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा जिसमें मंडल स्तर पर कार्यशाला कर योजना बनाकर जिले के प्रमुख केंद्रों पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के ध्येय से संगोष्ठी एंव रैलियां की जाएंगी। 25 जनवरी को संगोष्ठी के माध्यम से बूथ स्तर तक संविधान पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा चर्चा किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, बृजबिहारी मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह, सह संयोजक अरुण मिश्रा, संजय गौतम, जिला सह चुनाव अधिकारी द्वय शिवनाथ चौधरी, विजयकांत चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा में महिला सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ



**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला 2025 का शुभारंभ एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के बालिका सशक्तीकरण मिशन के तहत एक सप्ताह की निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ कर्मचारी विकास केन्द्र, एनटीपीसी टांडा में समारोहपूर्वक किया गया। समारोह का उद्घाटन परियोजना प्रमुख (टांडा) श्री जयदेव परिदा एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्ष, बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की बालिकायें एवं उनके अभिभावकगण एवं फेकेल्टी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में सी.एस.आर. अधिकारी सुश्री निष्ठा सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख (टांडा) श्री जयदेव परिदा ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि एनटीपीसी टांडा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक वरदान स्वरुप है इसने विभिन्न क्षेत्रों में कई सामाजिक कल्याण कार्यो को कार्यान्वित किया है। उन्होंने बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की सराहना की और कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह आसपास के वंचित परिवारों से आने वाली बालिकाओं के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। साथ ही कार्यक्रम में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती परिदा ने बालिका सशक्तीकरण अनुवर्ती कार्यशाला में आई हुई बच्चियों से मजबूत रहने और अपनी रुचियों का पता लगाकर उन्हें निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि इस प्रकार यह लड़किया एक दिन अपने सपनों को साकार कर पाएंगी। इस अनुवर्ती कार्यशाला में आसपास के विद्यालयों में कक्षा छः में अध्ययनरत 10-12 आयु वर्ग की बालिकाओं का चयन उनके अभिभावकों की सहमति के उपरान्त प्रधानाध्यापकों के माध्यम से किया गया है। कार्यशाला में सम्मिलित बालिकाओं को अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों द्वारा सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, गणित के साथ ही योग, खेल, ड्राइंग, आत्मरक्षा आदि के बारे में सहज एवं सरल तरीके से जानकारी देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## 27 जनवरी से बूथ स्तर पर पीडीए जागरूकता चौपाल लगाएगी सपा

# पिछड़ों, दलितों एवं समाज के दबे कुचले लोगों को पार्टी से जोड़ने का किया जायेगा कार्य : लालजी यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी पिछड़ों, दलितों एवं समाज के दबे कुचले लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए 27 जनवरी से बूथ स्तर पर पीडीए जागरूकता चौपाल लगाएगी। जिससे भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक दिया जाए। ताकि वह आरक्षण एवं संविधान को समाप्त न कर सकें।

उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहीं। वह मंगलवार को सपा के जिला कार्यालय पर संगठन के मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों से बिजली उपभोक्ता एवं ग्रामीण जनता सबसे अधिक परेशान है। गांवों में जलजीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के नाम पर ठेकेदार सड़कों खोदकर बर्बाद कर दिए हैं। जिसके कारण गांवों की सभी सड़कें खराब हो गयी है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सपा विधानसभा क्षेत्रवार 16 जनवरी से आंदोलन करेंगी। प्रदेश सचिव बेचई यादव ने कहा कि भाजपाई संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के जयंती एवं पुण्यतिथि पर फूल माला चढ़ाकर दिखावा करते है। संसद में उनके ही गृहमंत्री बाबा साहब का अपमान कर दिए है। इससे यह बात साफ हो गया की भाजपाई पीडीए की एकता से घबरा गये है। बैठक को पूर्व विधायक विजय पासवान, राम मलिन भारती, कमरुजमा खान, मो. इद्रीश पटवारी राइनी, जोखन चौधरी, अनूप यादव, जुबैदा चौधरी, धीरेंद्र यादव, मुरली धर मिश्र, बहरैची प्रेमी, चन्द्रभान पहलवान व शकील अहमद आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हरि नारायण यादव, बब्लू खान, चन्द्रजीत यादव, सलनान हिंदी, जेपी यादव, घनश्याम जायसवाल, अवधेश यादव आदि मौजूद रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** सांसद रामप्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस. ने मा. सांसद महोदय को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी प्रकार विधायक हर्रैया अजय सिंह, महादेवा के दूधराम, सदर के महेन्द्रनाथ यादव, रूधौली के राजेन्द्र चौधरी, कप्तानगंज के कविन्द्र चौधरी, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह सहित समिति के सदस्यों को पुष्पगुच्छ दिया गया। उक्त बैठक में मा. सांसद महोदय ने भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के अन्तर्गत महात्मा गॉधी रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, जलजीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान कार्ड, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निःशुल्क डेऊस सहित विभिन्न योजनाओं पर गहन समीक्षा की गयी। उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण, लाभपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलें, जिससे जनपद का चौमुखी विकास हो सकें। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विद्युत, स्वास्थ्य विभाग, जलजीवन मिशन, ट्रांसफार्मर, चिकित्सको व दवाओं की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, जर्जर तार समस्या से अवगत कराया। विधायक हर्रैया अजय सिंह ने बताया कि छावनी, परसरामपुर में जो विद्युत कनेक्शन हुए है, वह ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक है, जिससे लो बोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है।

# अपनी जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधेश मौर्य का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## प्रत्येक कार्यकर्ताओ के सम्मान के साथ जुड़ा है मेरा स्वाभिमानः अवधेश मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**



**गायघाट, बस्ती।** अपनी जनता पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का घघौवा से फुटहिया चौराहे तक फूलमाला व गाजा बाजा के साथ स्वागत कर प्रेस क्लब में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम मौर्य ने कहा कि देश व प्रदेश की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए सभी को संगठित रहना है। पार्टी का मुख्य उद्देश्य पीडीए का विकास और उनकी समस्याओं का निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से लेकर सभी चुनाव दमदारी से लड़ेगी और 2027 में उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव भी लड़ाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधेश मौर्य ने उपास्थित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के नीति और सिद्धांतों के साथ ही पीडीए के लोगों की समस्याओं का समाधान संभव है। सभी को एक साथ रहने की जरूरत है। प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मेरा सम्मान व स्वाभिमान जुड़ा है। जहां भी हमारी जरूरत पड़े तो हमे अवगत कराएं। आप के साथ कदम मे कदम मिला कर चलने को तैयार है। कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी सालिक राम मौर्य और अध्यक्षता मंडल संरक्षक रामचंद्र ने किया। जनपद की सीमा घघौवा पर सुबह दस बजे हजारो की संख्या में लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद छावनी, हरैया, कप्तानगंज, फुटहिया में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार मौर्य, आसाराम मौर्य, शिवपूजन, रोशन अली, राम सजीवन गौतम, हनुमान प्रसाद मौर्य, जगदीश मौर्य, बृजेश मौर्य, प्रदीप कुमार मौर्या, राम कमल मौर्य, शिव बहादुर मौर्य, आदर्श मौर्य, मुरली, बृजेश सिंह, सूर्य प्रकाश यादव, संतोष, आनंद मौर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड की भांति नियमावली बनाने के लिए शिक्षा मित्रों ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षा मित्र शिक्षक पात्रता एसोसिएशन प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले में भी मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव को सौंपा गया। टेट उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों ने उत्तराखंड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) संशोधन सेवा नियमावली 2019 की तरह प्रदेश में लगभग

**टेट उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों ने सीएम के नाम का ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा**

50 हजार बीटीसी टेट, सीटेट उत्तीर्ण 24 वर्ष अनुभवीय शिक्षा मित्रों का भी नियमावली बनाने की मांग की है। एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष मीरा देवी की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन में अवगत कराया है कि उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश भारत देश के ही राज्य हैं, इसलिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक बीटीसी, टीईटी/सीटेट उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों को उत्तराखंड राज्य शिक्षक सेवा नियमावली वर्ष 2019 की तरह उत्तर प्रदेश शिक्षक सेवा नियमावली बनाकर समानता का अधिकार प्रदान किया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि आठ वर्ष बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से शिक्षा मित्रों के हितों की सुधि लेने की पहल शुरू हुई है। यह स्वागत योग्य कदम है। मानदेय बढ़ाने के साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की भांति अन्य सुविधाएं देने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। कई मांगों के क्रम में सबसे महत्वपूर्ण टेट उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों का भी भविष्य सुरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री को विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक बीटीसी, टीईटी/सीटेट उत्तीर्ण शिक्षा मित्रों को उत्तराखंड राज्य शिक्षक सेवा नियमावली वर्ष 2019 की तरह उत्तर प्रदेश शिक्षक सेवा नियमावली बनाकर समानता का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने के दौरान सत्यभामा, कृष्णदत्त, इंद्रजीत, जीतेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**बस्ती।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर सड़क एक्सीडेंट रोकने के प्रयास किये जायें। उन्होने यह भी कहा कि गतवर्ष की तुलना में रोड दुर्घटना में हरहाल में 50 प्रतिशत तक कमी लाये जाने के प्रयास किए जाय। उन्होने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जायेंगा। इस हेतु उन्होने संबंधित विभागों को कार्ययोजना तय कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्कूली वाहनों का सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा निरीक्षण/फिटनेस करायें, बड़े वाहन डिलरों से समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी होर्डिंग एवं बैनर लगवाया जाये।

## पाकिस्तान के नक्शेकदम पर बांग्लादेश

'कातिल की ये दलील भी मुंसिफ ने मान ली, मक्तूल खुद गिरा था खंजर की नोक पे'। बांग्लादेश की मौजूदा हुकूमत के सामने वहां के अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहा तशद्दुद व हिंसा का खौफनाक मंजर कुछ यही बयान कर रहा है। जाहिर है जब कातिल खुद ही अदालत का मुंसिफ होगा तो उसके एब ओ हुनर की तफ्तीश नहीं हो सकती। पाक सैन्य हुक्मरानों के जहन में बांग्ला लोगों के प्रति नफरत व हिकारत इस कदर थी कि पाक जरनैल 'अयूब खान' ने अक्तूबर 1958 को पाकिस्तान में तख्तापलट का पहला मजमून लिखकर बंगाली मूल के राष्ट्रपति 'इस्कंदर अली मिर्जा' को बर्खास्त करके पाकिस्तान छोड़ने का फरमान जारी कर दिया था। बर्तानिया में शरण लेने के बाद 12 नवंबर 1969 को लंदन में फौत हुए 'इस्कंदर अली मिर्जा' की मयत को पाकिस्तान में दफनाने की इजाजत भी नहीं मिली। काफी जद्दोजहद के बाद साबिक सद्रे पाक इस्कंदर मिर्जा के ताबूत को पड़ोसी मुल्क 'ईरान' में कब्र नसीब हुई थी। अपनी आजादी के प्रति भी बांग्लादेशियों के दोहरे मापदंड थे। पाक सेना की बर्बरता का शिकार हुए पूर्वी पाक के सियासी रहनुमा भारतीय सेना के रहमोकरम से आजाद होकर अपना बांग्ला निजाम नाफिज करना चाहते थे। मगर बांग्लादेश की कुछ सियासी जमातें व मजहबी रहनुमां आजाद होकर मानसिक व जज्बाती तौर पर पाकिस्तान के साथ ही रहना चाहते थे। मार्च 1971 में बांग्ला आवाम पर पाक सेना की दरिंदगी के बदनुमां दाग बांग्लादेश में आज भी मौजूद हैं।

बांग्लादेश की महिलाओं के साथ पाक सेना ने जो बर्बरता का सलूक किया था, उस शर्मनाक कारकर्दगी को लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता। पाक सेना की हलाकत से बचने के लिए लाखों बांग्ला लोगों ने हिजरत करके भारत के सरहदी राज्यों में शरण ली थी। इनसानियत का कत्ल तब होता है, जब पीड़ित को उठाने के बजाय लोग तमाशा देखने लगें। सन् 1971 में भी यही हुआ। पूर्वी पाक की कत्लोगारत का मुद्दा भारत ने कई मुल्कों के समक्ष उठाया। लेकिन बांग्ला लोगों को पाकिस्तान के जुल्मोसितम से बचाने व शरण देने की जहमत किसी भी मुल्क ने नहीं उठाई। जगजाहिर है कि भारतीय सेना के जोरदार पलटवार से बेबस होकर पाक सेना ने 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाक में आत्मसमर्पण कर दिया। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को नए मुल्क बांग्लादेश में तब्दील कर दिया था। मगर बांग्लादेश के मजहबी रहनुमां अपनी आजादी का श्रेय भारत के बजाय अपनी मुक्ति वाहिनी को दे रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि मुक्ति वाहिनी को हथियार उपलब्ध कराकर भारतीय सेना ने ही प्रशिक्षित किया था। बांग्लादेश की चरमपंथी जमातें व मजहबी रहनुमां पाकिस्तान के इशारे पर भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। अलबत्ता यहां 'अगरतला षड्यंत्र' का जिक्र करना जरूरी है। बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल होकर भारत में शरण ले चुकी साबिक वजीरे आजम शेख हसीना के वालिद शेख मुजीबुर्रमान को अगरतला षड्यंत्र का हवाला देकर पाक सेना ने मई 1968 में कैद कर लिया था। पाक सदर 'अयूब खान' के दौरे हुकूमत में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए कई बांग्ला नागरिकों व पाक नौसेना के बंगाली मूल के अधिकारियों पर इल्जाम था कि उन लोगों ने पूर्वी पाकिस्तान की आजादी के लिए 'त्रिपुरा' राज्य की राजधानी 'अगरतला' में हिंदोस्तान से समर्थन की गुजारिश की थी। अगरतला साजिश को पाक हुकूमत ने पूर्वी पाक के वजूद के लिए खतरनाक चुनौती माना था। अगरतला षड्यंत्र को बेनकाब करने का खुलासा पूर्वी में तैनात 'आईएसआई' के कर्नल 'शम्सुल आलम' ने किया था।

## काश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

संजीव ठाकुर

जम्मू कश्मीर की वादीयो में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैंद्य और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिजाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैंद्य पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था। अब 370 धारा हटाने के बाद केंद्र सरकार का यह प्रयास लगातार जारी है कि कश्मीरी पंडित वापस जम्मू कश्मीर में अपनी बेची हुई या छोड़ी हुई जगह पर आकर फिर से काबिज हों एवं कश्मीर में फिर से शांति बहाल का बेहतरीन माहौल तैयार हो। वहां पर पर्यटन तथा उद्योगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में पाकिस्तान बिल्कुल नहीं चाहेगा की जम्मू कश्मीर उनके हाथ से निकल कर पूरी तरह भारतीय सरकार की गिरफ्त में हो। पाकिस्तान का यह प्रयास है कि केंद्र शासन चीन के साथ लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश की सीमा में व्यस्त होने के कारण, वह अपने आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश कराकर घाटी में आतंक का साया स्थापित कर सकता है,तो यह पाकिस्तान और आईएसआई को समझ लेना चाहिए कि भारत अपनी सीमा की रक्षा करने में सक्षम तो है ही साथ ही अंतरराष्ट्रीय मित्र देशों का भी उसके साथ समर्थन है। उधर पाकिस्तान की स्थिति यह है कि कुछ मुस्लिम देशों को छोड़कर पूरी मुस्लिम देशों की बिरादरी पर वह अलग-थलग पड़ गया है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और अपने मालिक चीन की आर्थिक सहायता के दम पर वह देश का खर्चा चला रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे।**

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समय-समय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है।



अशोक मधुप

बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं।आटा,दाल और अन्य खाद्य सामन भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है। पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने , खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करे? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नही खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे? आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था। प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के



अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे। आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी। 2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था। इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया। आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है।इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फाष्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं।अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धताकी कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कोटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं। ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।

मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नही कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना - देना नही कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नही। क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा। इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी।भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए।यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता ।

# आस्ट्रेलिया में हार के लिए कोचिंग स्टाफ व चयनकर्ता भी जिम्मेदार

**चयन की रणनीति देखिए कि सिडनी टेस्ट में दो स्पिनर को उतारा गया। चौथी पारी में सिडनी की पिच पर एक तेज गेंदबाज की कमी बहुत खली। बुमराह की ग़ैर में तो ये कमी और सामने आई। अगर एक तेज गेंदबाज और टीम में होता तो आस्ट्रेलिया के लिए मैच जीतना आसान नहीं होता। लम्बे अंतराल के बाद आस्ट्रेलिया ने गवास्कर - बोर्डर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। गिल, कोहली व राहुल के नाकाम होने पर भी घरेलू क्रिकेट में बेहद सफल सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को बेंच पर ही बैठने पर मजबूर किया गया। वहीं दो पारी में असफल होने के बाद सरफराज खान को एक दम किनारे कर दिया गया।**

इस पूरी सीरीज में भारत के लिए जो चीज सबसे यादगार रही, वह है जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी। ऐसा लग रहा था मानो ऑस्ट्रेलिया और बुमराह के बीच ही लड़ाई है। बाकी भारतीय खिलाड़ी महज दर्शक हैं। बुमराह चले तो ठीक है,वरना टीम इंडिया का ठिकाना नहीं। ये भी सही है कि आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजी पूरी तरह नाकाम रही है। लेकिन इस बार सवाल खिलाड़ियों से नहीं, चयनकर्ताओं,



शाहिद नकवी

मुख्य कोच, बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच के साथ टीम मैनेजमेंट से पूछा जाना चाहिए। क्यों कि पूरे दौरे में टीम संयोजन ही बड़ा अजीब था। लगातार फ्लॉप हो रहे खिलाड़ियों को टीम में क्यों बनाए रखा गया। इरफान पठान और हरभजन सिंह ने भी चयनकर्ताओं से यही पूछा है। टीम से सुपर स्टार कल्चर खत्म करने की मांग की है।

प्रसिद्ध कृष्णा पर हर्षित राणा को क्यों तरजीह दी गई। एक मुख्य गेंदबाज और बल्लेबाज की कीमत पर वाशिंगटन सुंदर को क्यों खिलाया जाता रहा? जबकि घरेलू क्रिकेट में वह गेंदबाजी में बहुत सफल नहीं रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में सिर्फ एक बड़ी पारी से उनको बतौर आलराउंडर आस्ट्रेलिया का टिकट दे दिया गया। उन्होंने आस्ट्रेलिया में 6 पारियों में 114 रन बनाए और केवल 3 विकेट लिए। वहीं जडेजा ने 5 पारियों में 135 रन बनाए और 4 विकेट लिए। वहीं हर्षित राणा ने दो मैचों में 50.75 के औसत से 4 विकेट लिए। उधर प्रसिद्ध कृष्णा को एक मैच में अवसर मिला और 17.83 की औसत से 6 विकेट ले गए। चयन की रणनीति देखिए कि सिडनी टेस्ट में दो स्पिनर को उतारा गया। चौथी पारी में सिडनी की पिच पर एक तेज गेंदबाज की कमी बहुत खली। बुमराह की ग़ैर में तो ये कमी और सामने आई। अगर एक तेज गेंदबाज और टीम में होता तो आस्ट्रेलिया के लिए मैच जीतना आसान नहीं होता। लम्बे अंतराल के बाद आस्ट्रेलिया ने गवास्कर - बोर्डर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। गिल, कोहली और राहुल के नाकाम होने पर भी घरेलू क्रिकेट में बेहद सफल सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को बेंच पर ही बैठने पर मजबूर किया गया। वहीं दो पारी में असफल होने के बाद सरफराज खान को एक दम किनारे कर दिया गया। जबकि टेस्ट की 11 पारियों में उन्होंने 3 अर्धशतक और एक शतक लगाया है। टाप आर्डर में शतक जड़ने के बाद भी उनको बाद में आठवें नंबर पर भेजा गया, उनसे पहले गेंदबाज भेजे गए। ऐसा क्यूं किया मैनेजमेंट ने, ये सवाल कमेन्ट्री में बड़ी बड़ी बाते करने वालों ने भी न तब पूछा और न बाद में किसी समीक्षक ने उठाया? जबकि सरफराज ने 82 प्रथम श्रेणी पारियों में 65 से अधिक के औसत से 4583 रन बनाए हैं।

उनको शामिल न करने के पीछे कौन सी मंशा है मैं नहीं जानता हूं। इन खिलाड़ियों को शामिल



न करने और चयन पर सवाल ही नहीं उठ रहा है। कमेन्ट्री करने वाले तो लगता है केवल किसी निर्देश पर चलते हैं जिसमें कहा गया हो कि केवल तारीफ ही करनी है। सही और ग़लत में अंतर नहीं देखना है। आस्ट्रेलिया में बुमराह से बहुत मेहनत करवाई गई है।जब देखो तब उनके हाथ में गेंद दिखती थी। उन्होंने 152.2 ओवर गेंदबाजी की है। इसी लिए वह सिडनी की चौथी पारी में अपनी फिटनेस बरकरार नहीं रख सके थे। हालांकि उनसे अधिक पैट कामिंस ने 167 ओवर फेंके हैं। गौरतलब है कि एक साल पहले एकदिवसीय विश्वकप फाइनल खेलने वाली टीम, मात्र कुछ महीने पूर्व ही 20-20 विश्वकप जीतने वाली टीम आज अपने ही प्रसंशकों से गाली खा रही है। जबकि इस बीच में यदि कुछ बदला है तो केवल कोच। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ को आगे बढ़ाने पर जायज़ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बॉलिंग कोच और बैटिंग कोच से सवाल पूछे जाने चाहिए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ हम लोग 46 रन पर ऑल आउट हो गए।बाकी के मुकाबले में भी हम खराब बल्लेबाजी की वजह से घर पर ही हार गए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया,दोनों के खिलाफ हमारी बैटिंग में कोई दम नहीं था।कोचिंग स्टाफ से सवाल पूछने चाहिए कि आप लोगों ने क्या किया है? इंप्रूवमेंट क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। गावस्कर ने कहा- आपके बैटिंग कोच को देखिए, न्यूजीलैंड के खिलाफ जिस तरह से ऑलआउट हुए। घर में हमारी बैटिंग में कोई दम नहीं था। आस्ट्रेलिया में भी कोई इम्प्रूवमेंट क्यों नहीं दिखा। आपने क्या किया है? खिलाड़ियों के बारे में बात हो रही कि क्या इन्हें आगे खिलाना चाहिए। ये भी पूछना चाहिए कि क्या इस कोचिंग स्टाफ को आगे चलकर रखना चाहिए? ऐसा लगता है कि हालात 2005 जैसे हो रहे हैं, जब गांगुली कोच के रूप में ले कर आये ऑस्ट्रेलियन ग्रेग चैपल को,चैपल के गीत गाये जाने लगे, लगा जैसे सारी दिक्कतें दूर हो जाएंगी।चैपल आते ही अपनी चलाने लगे।

इतनी अधिक उठापटक की टीम ही खंडित हो गयी। खेल का नाश हो गया। स्थिति यहाँ तक आ गयी कि भारतीय टीम विश्वकप के क्वालिफाइंग राउंड से ही बाहर हो गयी थी। चैपल की ज़िद के चलते ही इरफान पठान जैसा स्विंग गेंदबाज धारहीन हो गया था।वह पठान को बल्लेबाज बनाने चले थे।इस समय बोलिंग आलराउंडर खिलाने का चलन चल रहा है। वह भी एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज की कीमत पर।भारत ने इस सीरीज में छह तेज गेंदबाजों को अजमाया और सिर्फ बुमराह सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने में कामयाब रहे।इनमें दो बार पारी में चार विकेट और तीन बार पारी में पांच विकेट लिए।मैकग्रा और फ्लेमिंग जैसे महान तेज गेंदबाजों ने तो यहां तक कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर बुमराह जैसा खौफ किसी गेंदबाज से नहीं हुआ। पांचवें टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी से टीम इंडिया को नुकसान हुआ। बुमराह ने कुल 32 विकेट लिए। उन्हें बाकी किसी गेंदबाज का साथ नहीं मिला। सिराज 20 विकेट ले सके। इस सीरीज में बुमराह ने 13 की औसत और 28.3 के स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी की, जो कि सर्वश्रेष्ठ रहा।वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। इस सीरीज में उन्होंने टेस्ट करियर के 200 विकेट भी पूरे किए। इतना ही नहीं, बुमराह ऑस्ट्रेलिया में किसी एक सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। ये कोई नहीं कह रहा है कि भारतीय टीम को इस सीरीज में गलत टीम चयन ने भी नुकसान पहुंचाया। भारत ने मेलबर्न और सिडनी में दो स्पिनर्स खिलाए।मैनेजमेंट ने एक गेंदबाज या एक बल्लेबाज कम किया।इससे टीम को काफी नुकसान हुआ।जडेजा ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में थोड़ा कमाल दिखाया भी,वॉशिंगटन सुंदर बिल्कुल फेल रहे। सुंदर ने एक अर्धशतक जरूर लगाया,लेकिन बाकी मैचों में फेल रहे।उनकी गेंदबाजी तो बिल्कुल ही फ्लॉप रही।

# कृषि संकट से जूझते बीकानेर के किसान

**सुनीता कहती हैं कि 'रेगीस्तानी क्षेत्र में खेती करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है। समय से पानी नहीं मिलने से सब्जियां और अनाज नहीं उगाया जा सकता है। इसलिए हमारे यहां के अधिकांश लोग वर्षा आधारित रेगिस्तानी खेती करते हैं, वे अन्य किसानों की तरह सभी प्रकार की फसलें उगाने में असमर्थ हैं। इन किसानों के लिए पानी, यूरिया और अन्य उर्वरक खाद को आसानी से प्राप्त करने में बहुत समस्या आती है। जो उन्हें उचित मूल्य एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। सुनीता के अनुसार यहां की आबादी हजार के आसपास होगी।**

राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित बीकानेर अपनी विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कृषि के लिए सदैव एक चुनौती रहा है। यहां के किसान जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मेहनत और साहस से अपनी आजीविका चलाते हैं, आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी समस्या खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कमी है। रेगिस्तानी क्षेत्र होने के



रक्षा शर्मा

कारण पहले से ही पानी की सीमित मात्रा का सामना कर रहे इन किसानों के सामने अप्रत्याशित बारिश समस्या बनती जा रही है। लगातार बदलते पर्यावरण के कारण मानसून की बारिश असमय होने लगी है, जिसका सीधा असर खेती पर पड़ रहा है। सिंचाई की जरूरत के समय वर्षा के न होने से सूखे की स्थिति बनती जा रही है। जिससे न केवल फसल की पैदावार कम हो रही है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित हुई है। इसके कारण बीकानेर के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की तरह लूणकरणसर स्थित राजपुरिया गांव के किसान भी लगातार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्हें लागत से कम पैदावार होने की वजह से खेती किसानी में घाटा हो रहा है।

इस संबंध में 37 वर्षीय किसान संतोष कहते हैं कि उर्वरक, बीज और अन्य कृषि सामानों की आसमान छूती कीमतें किसानों के लिए एक और चुनौती बन गई हैं। हम जैसे छोटे स्तर के किसान, जिनके पास पहले से ही सीमित संसाधन हैं, लगातार कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं। सब्सिडी की कमी और बाजार में कम कीमत पर उपज ने हमारी बिक्री को प्रभावित किया है। वहीं बीकानेर में रेतीले तूफान और अप्रत्याशित गर्मी की लहरों ने समस्या को और भी अधिक जटिल बना दिया है। इसकी वजह से फसलों को नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही पशुओं के लिए भी चारे की कमी एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आ रही है, जिसका किसानों की आर्थिक स्थिति पर लगातार नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक अन्य किसान 58 वर्षीय भंवर सिंह कहते हैं कि अब खेती किसानी में कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसमें पूरा श्रम लगाने के बावजूद घाटा हो रहा है। उदाहरण के तौर पर कभी तूफान तो कभी ओलावृष्टि से फसलें खराब हो जाती हैं। कई बार पानी की कमी के कारण भी किसानों की फसल खराब हो रही है। जिन किसानों के खेत इंदिरा नहर के आस-पास हैं उन्हें सिंचाई के लिए कोई समस्या नहीं है और उनकी फसल भी अच्छी हो रही है, लेकिन जिन किसानों के खेत नहर से काफी दूर हैं उन्हें सिंचाई के लिए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सिंचाई के लिए पंप की व्यवस्था करनी होती है, जिससे एक दिन



का किराया और डीजल मिलाकर लागत काफी बढ़ जाती है।

वहीं 53 वर्षीय सुनीता कहती हैं कि 'रेगीस्तानी क्षेत्र में खेती करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है। समय से पानी नहीं मिलने से सब्जियां और अनाज नहीं उगाया जा सकता है। इसलिए हमारे यहां के अधिकांश लोग वर्षा आधारित रेगिस्तानी खेती करते हैं, वे अन्य किसानों की तरह सभी प्रकार की फसलें उगाने में असमर्थ हैं। इन किसानों के लिए पानी, यूरिया और अन्य उर्वरक खाद को आसानी से प्राप्त करने में बहुत समस्या आती है। जो उन्हें उचित मूल्य एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। सुनीता के अनुसार यहां की आबादी हजार के आसपास होगी। लेकिन गांव के बहुत कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं, अधिकांश खेती किसानी करते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है। वह कहती हैं कि कृषि में लगातार होते घाटे के कारण अब यहां के किसान अपने बच्चों को अन्य रोजगार अपनाने की सलाह देते हैं ताकि उन्हें भूख से मरना न पड़े।

राजपुरिया की 40 वर्षीय राजलक्ष्मी बताती हैं कि उनके पति दिन-रात मेहनत करके खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन पानी की समस्या के कारण उनकी सारी मेहनत बेकार हो जाती है। समय पर सिंचाई नहीं होने के कारण फसल सूख जाती है। पहले समय पर मानसून आने के कारण इसकी समस्या नहीं आती थी लेकिन अब बेमौसम बारिश या जरूरत के वक्त सूखा पड़ जाने से फसल खराब हो जा रही है। अगर इस समस्या का समाधान हो जाए तो उनकी सारी मेहनत सफल हो जाएगी। वहीं 43 वर्षीय किसान संतोष राजपुरिया कहते हैं कि उनकी सारी खेती वर्षा के पानी पर निर्भर करता है। जिसे स्थानीय भाषा में बिरानी कहा जाता है। लेकिन अब यह बहुत कम हो गया है क्योंकि या तो कभी समय पर वर्षा नहीं होती है तो कभी ओलावृष्टि से तैयार फसल तबाह हो जाती है।

एक अन्य किसान राजाराम कहते हैं कि बहुत सी ऐसी फसलें है जिसके लिए पानी की बहुत अधिक मात्रा की जरूरत नहीं होती है। ऐसी फसलें आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। लेकिन इसके लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण की जरूरत होती है। इसके अतिरिक्त समय समय पर मिट्टी की जांच भी करने की आवश्यकता है ताकि उसकी उर्वरा क्षमता को बरकरार रखा जा सके। इसके लिए गांव गांव में मिट्टी जांच केंद्र प्रयोगशाला का होना बहुत जरूरी है ताकि किसानों की वहां तक पहुंच आसान हो सके। राजाराम कहते हैं कि यदि किसानों को खेती से संबंधित सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो जाएं तो न केवल मानसूनी बारिश पर निर्भरता कम हो सकती है बल्कि बदलते पर्यावरण से होने वाले आर्थिक नुकसानों से भी उन्हें बचाया जा सकता है। इसके लिए सरकार के साथ साथ कृषि के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं को भी आगे आने की आवश्यकता है। उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए जल संचित कुशल उपयोग तकनीक जैसे संभावित कदम उठाए जा सकते हैं। इनमें ड्रिप सिंचाई और वर्षा जल संचयन जैसी योजनाओं को बढ़ावा देकर किसानों के बोझ को कम किया जा सकता है। उनकी उपज का उचित मुआवजा देने के लिए बाजारों तक बेहतर पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। अकाल एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। देश की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बीकानेर के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से समझने और इसके लिए तात्कालिक योजनाओं को अमल में लाने की जरूरत है ताकि न केवल कृषि बल्कि मानव विकास को भी नुकसान से बचाया जा सके।

# यूपी में जारी रहेगा घने कोहरे और गलन भरी ठंड का प्रकोप

अवधनामा संवाददाता



■ राहत मिलने के आसार नहीं, अलर्ट जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गलन भरी ठंड और घने कोहरे का सिलसिला अगले तीन से चार दिनों तक ऐसे ही जारी रहने वाला है। वहीं यूपी में 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली पछुआ हवा लोगों को बेहाल कर रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में फिलहाल तीन से चार दिन ठिठुरन भरी ठंड और घने कोहरे का सितम यूं ही जारी रहेगा। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार से बुधवार तक के लिए प्रदेश के 20 जिलों में भीषण ठंड और 32 जिलों में अत्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले कई दिनों से जारी गलन और ठिठुरन भरी ठंड से अब लोगों की रोजमर्रा के काम में दुश्वारियां हो रही हैं। चाहे वो सुबह हॉकर का अखबार बांटने का काम हो, दूध का कारोबार हो या काम पर निकले मजदूर, इस कड़ाके की ठंड ने सभी को बेहाल कर रखा है।

मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी, गोरखपुर और कुशीनगर समेत कई इलाकों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम जा पहुंची और वाहनों की आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में फिर से बदलाव के संकेत हैं।

# जैत में बंदरों का बढ़ता आतंक, छत से गिरकर महिला घायल

**जैत (मथुरा)।** शहर से पकड़ कर बंदरों को गांवों के नजदीक छोड़ दिया जाता है। यही कारण है कि शहर के साथ साथ अब गांवों में भी बंदर खुंखार हो गए हैं और इनका आतंक चरम पर पहुंच गया है। दिल्ली वाला मौहल्ला निवासी सतीश चंद्र की पत्नी कमलेश अपने घर की छत पर सूख रह कपड़ों को लेने गई थी। वहां अचानक बंदरों का झुंड आ गया और कमलेश को घेर लिया। बंदरों से बचने की हड़बड़ी में वह छत से नीचे गिर पड़ीं, जिससे वह बेहोश हो गई। शोर सुनकर बाहर बैठक पर बैठे लोग दौड़कर गए और तत्काल केडी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया। कमलेश के एक्स-रे आदि परीक्षण के बाद पसलियों में फैक्कर बताया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर हुकम सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महानगर मंत्री सतीश चंद्र, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत, दीवान सिंह राजपूत, हेमेंद्र सिंह एडवोकेट, राम राजपूत आदि ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## भाजपा का 'संविधान गौरव अभियान'

# बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएगी पार्टी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 से 25 जनवरी के दौरान 'संविधान गौरव अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की तैयारी के लिए लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सांसद बृजलाल और सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

त्र्यंबक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। अभियान के तहत बाबा साहब अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए 8 से 10 जनवरी के मध्य मंडल स्तरीय और मोर्चों की जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन करना है। जिला स्तर पर अनुसूचित जाति और जनजाति समूह के प्रबुद्ध और विशिष्ट जनों की सूची तैयार करनी है। 12 से 15 जनवरी के मध्य लखनऊ महानगर स्तर पर और उसके बाद 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रीगण और वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे। इस दौरान शिक्षण संस्थानों में निबंध और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा।

18 से 25 जनवरी तक युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों और कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा। अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में रैली और सभाओं का आयोजन भी होगा 25 जनवरी को अभियान समापन पर सभी बूथों पर भारतीय संविधान के प्रस्ताव और नीति निर्देशक तत्व को पढ़कर उस पर चर्चा की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक लेकर जाना है।

पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को लगातार अपमानित किया है कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिला ना ही पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लगा पाया आपातकाल और सामाजिक विभाजन की राजनीति कांग्रेस द्वारा बाबा साहब और उनकी धरोहर को अपमानित करने के कांग्रेसी एजेंडे के उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा बाबा साहब और उनकी धरोहर को सम्मानित किया और उनके मरणोपरांत भारत रत्न से भी सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस की शुरुआत की।

# इशिका ने मोहे रंग दो लाल नृत्य पर दी मनमोहक प्रस्तुति



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महोत्सव के 22वें दिन समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सृजन झंकार डांस एकेडमी की डायरेक्टर रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में, त्र्श्री सक्सेना, आरूषि सक्सेना, इशिका श्रीवास्तव, मधु अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, संजय विद्यार्थी, अमिता विद्यार्थी, विजय मिश्रा, कुमकुम मिश्रा ने 12 गीतों के सम्मिश्रण लिखे जो ख़त तुझे, जाने जाँ ढूँढता फिर रहा, तुम्हें अपना बनाने की क़सम खाई है, छन से जो टूटे कोई सपना आदि पर लेज़ी डांस प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्नेहधरा वृद्धाश्रम में रह रहे अनुपम अवस्थी द्वारा गाने की प्रस्तुति दी गयी। कथक नृत्यांगना इशिका श्रीवास्तव ने जब मोहे रंग दो लाल पर नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल झूम उठा। उसके बाद आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के स्कूल बुनियाद की डायरेक्टर डॉ अर्चना सक्सेना के निर्देशन में बच्चों द्वारा चाइल्ड लेबर पर आधारित गाने पर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत में मंत्री जी के कर कमलों द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति से दिव्या शुक्ला, डॉ अर्चना सक्सेना, रोमा, आमिर सिद्दीकी, अनूप, शैलेंद्र मोहन, अजय यादव, स्वाति आदि का सम्मान किया गया।

# लगने थे डबल सिम वाले स्मार्ट मीटर लगा दिया सिंगल

## उपभोक्ता परिषद में पहले ही व्यक्त किया था अंदेशा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगभग 27000 करोड की लागत से लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में आज उपभोक्ता परिषद एक बडा खुलासा करने जा रहा है मीटर लगाने वाली कंपनियों चाहे वह जीएमआर हो इनटैली स्मार्ट हो पोलारिस हो या जीनस हो को सबसे पहले पूरे उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों मे जो 27395 फीडर है उस पर भारत सरकार की बनाई गई गाइडलाइन आर0एफ0पी के तहत डबल सिम कार्ड वाला स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने का सख्त प्रावधान किया गया था लेकिन उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों मे जो 21082 स्मार्ट प्रीपेड मीटर फीडर पर लगाए गए वह केवल सिंगल सिम वाले मीटर है भारत सरकार का मानना था कि वर्तमान में जो फीडर है उस पर कब बिजली काटी कब बिजलीआई उसी के आधार पर औसत विद्युत आपूर्ति का आकलन किया जाता है और एक कंपनी का सिम का नेटवर्क यदि नहीं काम करेगा डबल सिम रहेगा तो ऑटो स्विच के आधार पर दूसरे सिम से लगातार डाटा प्राप्त हो जाएगा जिससे सही आकलन होगा कि कौन सा फीडर कब बंद हुआ कब चालू हुआ लेकिन बिजली कंपनियों में यह खेल हो गया और कंपनियों के प्रबंध निदेशक चुप्पी साथ कर सोते रहे जबकि उपभोक्ता परिषद ने कई महीने पहले ही या मुद्दा उठाते हुए कहा था कि जो बिजली कंपनियों मे जीटीपी अनुमोदित की गई है उसमें बडा खेल हुआ है और सिंगल सिम वाले फीडर मीटर लगाने की तैयारी है।

| डिस्कॉम | स्थापित फीडर | सिंगल सिम वाले मीटर |
|---|---|---|
| पूर्वांचल | 5187 | 4596 |
| मध्यांचल | 4655 | 1745 |
| पश्चिमांचल | 9996 | 9349 |
| दक्षिणांचल केस्को | 7557 | 5392 |
| **कुल** | **27395** | **21082** |

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज इस मामले पर जहां पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल श्री निधि कुमार नारंग को पूरे मामले पर बात करते हुए सख्त कार्यवाही की मांग उठाई वही भारत सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश में कार्यरत रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड रीजनल ऑफिस लखनऊ को भी इसकी सूचना दे दी है और कहां है कि प्रदेश में भारत सरकार की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन हो रहा है और जो भी मॉनिटरिंग करने वाले लोग हैं वह चुपचाप हैं जो बहुत गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश के मामले में केंद्र सरकार को तत्काल स्मार्ट प्रीपेड मीटर की पूरी परियोजना की सीबीआई जांच करने का आदेश पारित करना चाहिए जिस प्रकार से बिना टेस्टेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगाए जा रहे हैं और अब बडा खुलासा हुआ है कि फीडर पर सिंगल सिम वाले मीटर लगा दिए गए यह सब बडा गोलमाल है। भारत सरकार के कुछ उच्च अधिकारी इस पूरी परियोजना को फेल करने पर तूले है पहले जल्दबाजी में परियोजना को चालू कर दिया और अब गो लाइव करने पर तुले।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में उद्योगपतियों के साथ उदारता बरती जा रही है वह बहुत गंभीर मामला है इस पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी जरूरी है अन्यथा की स्थिति में आने वाले समय में इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पडेगा।

# एनसीएपी के तहत प्रदेश को मिली प्रदूषण नियंत्रण में सफलता

अवधनामा संवाददाता

■ वाराणसी ने 76.4 प्रतिशत पीएम 2.5 की कमी दर्ज की

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की छठी वर्षगांठ पर, उत्तर प्रदेश वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले भारत के सबसे सफल राज्यों में से एक बनकर उभरा है। रेस्पायरर लिविंग साइंसेज की रिपोर्ट 'टुअर्ड्स क्लीयर स्काय' के अनुसार, वाराणसी ने 2019 से पीएम2.5 स्तरों में रिकॉर्ड 76.4 प्रतिशत की कमी हासिल की।

अन्य शहर, जैसे कानपुर (-51.2 प्रतिशत), आगरा (-54.1 प्रतिशत), और लखनऊ (-39.2 प्रतिशत), ने भी महत्वपूर्ण सुधार दिखाए हैं, जो राज्य में एनसीएपी हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। रेस्पायरर लिविंग साइंसेज के संस्थापक रोनक सुतारिया ने कहा, एनसीएपी के साथ, उत्तर प्रदेश ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए समन्वित प्रयासों का राष्ट्रीय मानक स्थापित किया है।

### एनसीएपी में उत्तर प्रदेश की सफलता की भूमिका

- निगरानी नेटवर्क का विस्तार- राज्य ने प्रगति को प्रभावी ढंग से ट्रैक करने के लिए अतिरिक्त वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किए।
- औद्योगिक विनियम- सख्त उत्सर्जन मानकों का प्रवर्तन और प्रदूषणकारी इकाइयों का स्थानांतरण पीएम2.5 स्तरों को कम करने में सहायक रहा।
- सामुदायिक भागीदारी- सार्वजनिक जागरूकता अभियान और स्थानीय भागीदारी ने स्वच्छ ईंधन और कचरा प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने में योगदान दिया।
- सीमावर्ती राज्यों के साथ सहयोग- पराली जलाने को कम करने के लिए संयुक्त प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव लखनऊ और मेरठ जैसे शहरों पर पड़ा।

# लखनऊ की साँस्कृतिक विरासत देख गद्गद् हुए विदेश से पधारे छात्र

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में चल रहे 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर' के प्रतिभागी 7 देशों के मेहमान छात्र आज लखनऊ की साँस्कृतिक विरासत एवं गंगा-जमुनी तहजीब को देख मंत्रमुग्ध हो गये। आस्ट्रेलिया, ब्राजील, जर्मनी, इटली, जापान, नार्वे एवं भारत के ये छात्र 11 वर्ष से 12 वर्ष उम्र के हैं, जो इन दिनों लखनऊ प्रवास पर हैं और 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर' के अन्तर्गत एक साथ एक छत के नीचे साथ-साथ रहकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार रूप दे रहे हैं। ये सभी छात्र आज लखनऊ भ्रमण पर निकले एवं यूपी दर्शन पार्क एवं बड़ा इमामबाड़ा आदि विभिन्न दर्शनीय स्थलों की सैर की। लखनऊ भ्रमण के दौरान इन छात्रों ने यहाँ की गंगा-जमुनी तहजीब को नजदीक से अनुभव किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि लखनऊ की गलियों में घूमते हुए इन विदेशी बच्चों ने वसुधैव कुटुम्बकम का अनूठा अद्भुद दृश्य उपस्थित किया एवं लखनऊ दर्शन के दौरान इन विदेशी बाल मेहमानों ने विभिन्न प्रकार के लजीज पकवानों का भी जमकर आनन्द उठाया। एक अनौपचारिक वार्ता में विभिन्न देशों से पधारे इन बच्चों ने कहा कि भारत के इतिहास के बारे में मैने किताबों में पढ़ा था। आज मैंने यहाँ की संस्कृति, सभ्यता, आपसी प्रेम, मिलनसार लोगों को करीब से देखने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। यहां हमें बहुत प्यार और मुहब्बत मिली है और हम फिर से भारत आना चाहेंगे।

श्री खन्ना ने बताया कि इंग्लैण्ड की चिल्ड्रेन्स इन्टरनेशनल समर विलेज संस्थाके तत्वावधान में सी.एम.एस. की मेजबानी में 29वाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर के प्रतिभागी बच्चों के ठहरने, खाने-पीने, खेल-कूद, ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण, चिकित्सा आदि की सारी सुविधाऐं सी.एम.एस. द्वारा उपलब्ध करायी जा रही हैं।

# दुवाशु में डॉ. सीएम सिंह स्मारक भाषण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान, मथुरा में दिनांक 07 जनवरी को विख्यात पशु विकृति विज्ञानी तथा भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. सी. एम. सिंह स्मारक भाषण का आयोजन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित किया गया। स्मारक भाषण के मुख्य अतिथि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) तथा आसाम कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जोरहाट के पूर्व कुलपति, डॉ. के. एम. बुजरबरूआ थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर चिंतामणि सिंह के पशु चिकित्सा विज्ञान में योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को डॉ. सिंह से प्रेरणा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलते हुए, आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा की हमारे देश में पशुपालन, मुर्गी पालन तथा उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में दूध, दही, घी, मक्खन, अंडा मांस आदि की उपलब्धता, पशु वैज्ञानिकों की शोध एवं उनके क्रियान्वयन का फल है। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने डॉ. सिंह के योगदानों को याद करते हुए, उनसे प्रेरित होकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि डॉ. सिंह ने ने पशुओं की विभिन्न प्रकार की बीमारियों के निदान एवं रोकथाम में अहम योगदान दिया है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार, प्रोफेसर अतुल सक्सेना ने आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# व्यापारियों ने शहर की ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने को दिया सुझाव

अवधनामा संवाददाता

■ फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने दिया एसपी ट्रेफिक को ज्ञापन

■ एस पी ट्रेफिक दिया भरोसा व्यापारियों के साथ बैठक करके ही बनायेंगे शहर का ट्रेफिक प्लान

**मथुरा।** मथुरा महानगर की व्यवस्था हेतु आज फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी ट्रेफिक को ज्ञापन देकर सुझाव दिया। जिसमें व्यापारियों ने कहा कि ई-रिक्शा और स्कूल बसों के लिए वन वे रूट निर्धारित किया जाए। शहर के अंदर चार पहिया वाहनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए।

व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल ने यातायात पुलिस द्वारा बनाए गए वन वे नियमों का सख्ती से पालन हो, शहर में चार पहिया वाहन का प्रवेश पूरी तरह बंद करने की मांग रखी। ई रिक्शा और ऑटो चालकों की लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जांच अति आवश्यक हो जिससे नाबालिको का वाहन चलाना बंद हो। शहर के अंदर रेड लाइट या तो हटाई जाए या फिर व्यवस्थित रूप से चालू हो क्योंकि खराब रेड लाइटों का लगा होने का कोई औचित्य नहीं है।

ज्ञापन में कहा कि शहर के अंदर यातायात पुलिस का मुख्य उद्देश्य चालान काटने से ज्यादा यातायात को व्यवस्थित रूप से चालू रखने से आम नागरिक और तीर्थ यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े, शहर के अंदर टू व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था भी निर्धारित की जाए, गोवर्धन चौराहा, भूतेश्वर, स्टेट बैंक चौराहा, मंडी चौराहा, धोली प्याऊ, यमुनापार लक्ष्मीनगर पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आम नागरिकों और तीर्थ यात्रियों को बहुत ज्यादा असुविधा का सामना करना पडता है। इसका निराकरण कराया जाए, शहर के बाहर लगातार आवासीय कॉलोनी में वृद्धि होने के कारण वहां के यातायात के लिए उचित प्रबंध किया जाए और हाईवे पर प्राइवेट चार पहिया वाहनों की क्रॉसिंग के लिए छोटे अंडर पास बनाए आए। नगर निगम के बड़े वाहनों के संचालन को रात्रि 9:00 बजे से प्रातः 9:00 बजे तक का समय निर्धारित किया जाए,

प्रतिनिधि मंडल में अजय कुमार अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष,यशपाल सिंह जिलाध्यक्ष, रामदास चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष, सुभाष सैनी जिला महामंत्री,रास बिहारी अग्रवाल महानगर अध्यक्ष, लवी गोयल और प्रदीप बेन्देल साथ रहे।

# भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में भाजपा के कथा कथित सड़क छाप नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस पार्टी की सांसद आदरणीय श्रीमती प्रियंका गांधी के प्रति अशोभनीय अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में होली गेट चौराहे पर रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया गया महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने बताया कि भाजपा बलात्कारी दुष्कर्म करने वाले महिलाओं से अशोभनीय अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों की जमात बन चुकी है महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को संरक्षण देती है उन्हें भाजपा टिकट प्रदान करती है और वह नरेंद्र मोदी अमित शाह के साथ मंच साझा करते हैं जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में बैठे हैं देश में महिलाओं के ऊपर अत्याचार बलात्कार दुष्कर्म की घटनाओं मैं भारी वृद्धि हुई हैं मणिपुर राज्य में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाकर उनकी हत्या की जाती है सैकड़ो महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया लेकिन नरेंद्र मोदी के मुंह से एक भी शब्द मणिपुर की महिलाओं के प्रति नहीं निकला पुतला दहन के समय पुलिस से तीखी नोंक झोंक भी हुई। इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि भाजपा के कथा कथित नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा श्रीमती प्रियंका गांधी के प्रति आपत्तिजनक बयान की कड़े शब्दों में निंदा भर्त्सना करते हुए कहा कि ऐसी ऊंची मानसिकता के पीछे नरेंद्र मोदी अमित शाह जैसे लोगों का दिमाग कार्य कर रहा है क्योंकि उन्हें सिर्फ राहुल गांधी प्रियंका गांधी द्वारा संसद में जनता की जनसमस्याओं को उठाना रास नहीं आता और सभी कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर कोतवाली में मथुरा कोतवाल महोदय को एक प्रार्थना पत्र रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के लिए दिया गया पुतला दहन में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री उमाशंकर शर्मा जिलानी कादरी राकेश दिवाकर मनोज गौड़ आदि कांग्रेस जन पुतला अध्ययन में उपस्थित रहे।

# 'चोटीपुरा गुरुकुल में शास्त्रस्पर्द्धा का उपक्रम अद्वितीय'

अवधनामा संवाददाता





■ सम्पूर्ण विश्व के अंदर जो विषमताएं, कटुताएं, असमानताएं हैं

**लखनऊ।** आयुर्वेद मनीषी पूज्य आचार्य बालकृष्ण ने कहा, पूज्या आचार्या डॉ. सुमेधा को वह अपनी बड़ी बहन के समान मानते हैं और स्वयं भी उनसे प्रेरणा लेते हैं। वास्तव में ज्ञान परंपरा में उनका स्थान ऋषि-मुनियों की कोटि का है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल चोटीपुरा इस समय देश भर में सर्वश्रेष्ठ एवम् अनुकरणीय शिक्षण संस्थान है। चोटीपुरा में शास्त्र संरक्षण की दिशा में किए जा रहे विशेष प्रयास की मुक्तकंठ प्रशंसा करते हुए बोले, पूज्या आचार्या डॉ. सुमेधा जी के जन्म दिवस को शास्त्रीय दिवस के रूप में आरम्भ करने का उपक्रम अद्वितीय है। यह अद्भुत कार्य सनातन संस्कृति की शक्ति है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण श्रीमद्दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा में पूज्या आचार्या सुमेधा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिनी शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उल्लेखनीय है, शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं के तहत दर्शन, उपनिषद्, रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता, संस्कृतव्याकरण, पाणिनीयपञ्चोपदेश, चाणक्यनीति, विदुरनीति, षड्दर्शन, अमरकोश, तर्कसंग्रह, नीतिशतक, वैराग्यशतक इत्यादि शास्त्रों की प्रतियोगिताएं हुई। इस मौके पर पूज्या प्राचार्या आचार्या डॉ. सुमेधा के अलावा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान बह्मा स्वामी आर्यवेश, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी नवल कपूर, गौतम खट्टर आदि विद्वानों की गरिमामयी मौजूदगी रही। इससे पूर्व प्रातःकाल की शुभ वेला में यज्ञ भी हुआ। सभी उपस्थित महानुभावों के संग-संग समस्त गुरुकुल परिवार ने संकल्पसुमन समर्पित कर आचार्या डॉ. सुमेधा को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा, आज सम्पूर्ण विश्व के अंदर जो विषमताएं, कटुताएं, असमानताएं हैं, उन्हें सनातन वैदिक संस्कृति के माध्यम से ही दूर किया जाना संभव है। सनातन संस्कृति का प्रत्यक्ष उदाहरण पूज्या आचार्या को देख कर अनुभव कर सकते हैं। पूज्य आचार्य ने अंत में गुरुकुल की छात्राओं को स्वाध्ययन, चिंतन, मनन और उपासना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। आचार्य बालकृष्ण ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, गुरुकुलीय संस्कृति में रहकर अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अवश्य इस संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए। गुरुकुल की पूर्व स्नातिकाओं को भविष्य में भी सदैव गुरुकुल से जुड़कर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। स्वामी आर्यवेश जी ने कहा, ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, शिल्पयज्ञ, राष्ट्रयज्ञ और मानवमात्र के लिए करुणा, दया तथा सर्वोपकार करने का प्रबल संकल्प पूज्या आचार्या में विद्यमान है। आज का यह समारोह हमारे लिए निःसंदेह उत्साहवर्धक और ऊर्जा देने वाला है। शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं के दौरान डॉ. विनय कुमार विद्यालंकार, डॉ सुधीर कुमार आर्य, डॉ. दीनदयाल, डॉ. धनीन्द्र झा, डॉ. देवदत्त सरोड़े, डॉ. अनिल प्रतापगिरि, डॉ. शालिकराम त्रिपाठी, डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल, डॉ. वेदव्रत आदि ने भी अपने उद्बोधन से समारोह को अनुगृहीत किया।

# ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही एनपीएस की पेंशन

■ पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पीडब्ल्यूडी वर्क चार्ज कर्मचारी संघ द्वारा व शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी का सम्मान समारोह आज संघ के जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत संघ के जिला मंत्री उमाशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष फूलसिंह, कोषाध्यक्ष सीताराम सेन द्वारा किया गया। इसमें कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष हरिहर नारायण तिवारी व जी.एल.गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह के रूप में रामलला विराजमान अयोध्या का चित एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहा कि समय आ गया है की सरकारों को कर्मचारियों के बुढ़ापे के हक की मांग को अब स्वीकार कर लेना चाहिए। आज सेवानिवृत हुए इन कर्मचारियों को जब वह सेवारत थे तो 40 हजार से अधिक प्रति माह वेतन मिलती थी, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद एनपीएस के तहत इन कर्मचारियों को दो से ढाई हजार रुपए महीने की पेंशन बन रही है जो कहीं ना कहीं महंगाई के जमाने में ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगी। आज जहां विभिन्न सरकारने कहीं लाडली बहना की नाम पर कहीं लाडली दीदी के नाम पर 2000 से अधिक की धनराशि प्रतिमाह दे रही है, ऐसे में बरसों की सेवा करके सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों को ढाई हजार रुपए की पेंशन दिया जाना न केवल उनके सरकारी योगदान की अपेक्षा है बल्कि अपमानजनक हुई है। कर्मचारियों की इस समस्या को मुख्य अतिथि के रूप मुख्य अतिथि केदारनाथ तिवारी से अनुरोध किया गया कि शिक्षक विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री संज्ञान में लाकर समस्या का सम्मानजनक हल पुरानी पेंशन बहाली अथवा मूल वेतन की आधी पेंशन केंद्र की भांति केंद्र की भांति दिलाए जाने भिलाई जाने के लिए अपने स्तर से कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानजनक हल करने हेतु शीघ्र प्रयास करने का आश्वासन दिया उनके अतिथि ने सेवानिवृत कर्मचारी मोहन कुशवाहा, सुल्तान यादव, कमतू कुशवाहा को रामलला विराजमान का चित्र श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पीडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हरिहर नारायण तिवारी, जिला मंत्री उमाशंकर वर्मा, शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी, संयोजक जी.एल .गौतम, उपाध्यक्ष फूल सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र संखवार, कार्यवाहक अध्यक्ष सीताराम सेन, कार्यालय सचिव अरविंद कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बानपुर थाने में अचानक पहुंचे एसपी, उप निरीक्षक निलम्बित

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, हवालात आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थो, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। थाना प्रभारी बानपुर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शतप्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये।

# महिलाओं के लिए अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेसियों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में खुला मांग पत्र पीड़ित परिवार के साथ नगर आयुक्त शशांक चौधरी जी को 4 जनवरी 2025 को महाविद्या कॉलोनी गोविंद नगर मथुरा में खुले नाले में नगर निगम की लापरवाही से 7 वर्षीय अबोध बालक माधव पुत्र मोहन वर्मा की डूब कर आकस्मिक अकाल मृत्यु हो जाने तथा पीड़ित परिवार को नगर निगम मथुरा एवं जिला प्रशासन से 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं पीड़ित परिवार को एक आवास तत्काल आवंटन करने की मांग को लेकर सौंपा गया। क्यों कि उपरोक्त परिवार किराए पर रहता है परिवार में आर्थिक हालात ठीक नहीं है पांच बहनों के बीच में एक भाई माधव ही था।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि पूर्व में भी 15 जून 2021 को कैलाश नगर नाले में डूब कर जतिन खत्री, अरमान व मसानी लिंक रोड पर ई-रिक्शा चालक की भी खुले नाले में अकाल मृत्यु हो चुकी है और आए दिन खुले नाले में पशु गिरते रहते हैं जिससे प्रशासन ने कोई सबक नहीं सीखा अगर 15 दिन के अंदर पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान नहीं कराई गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को मजबूर होगी ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके साथ ही मथुरा वृंदावन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी व महानगर सचिव मुकेश सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि घनी आबादी के बीच मुख्य रूप से सुभाष नगर, वनखंडी आदि के खुले नाले लोगों को डराने लगे हैं। अपने बच्चों के साथ कोई अनहोनी अप्रिय घटना न हो इसको लेकर चिंतित हैं। समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि तत्काल खुले नालों पर सुरक्षा कवर लगाने तथा रेलिंग सुरक्षा उपकरण के साथ साथ चेतावनी बोर्ड स्थापित किए जाएं जिससे भविष्य में जनहानि न हो ज्ञापन के दौरान पीड़ित परिवार के सदस्य मोहन वर्मा, श्रीमती गीता वर्मा, दुर्गा, हेमा,परी, दीया, गुंजन मौजूद रहे। इस मौके पर लुकेश कुमार राही अध्यक्ष समता फाउंडेशन, पूर्व महानगर सचिव ओमपाल सिंह सैनी, महानगर सचिव जय शर्मा, गुलाब सिंह सविता, मनोज खत्री, पन्ना लाल वर्मा, ब्रिजेश पटेल, मुकेश सैनी, आकाश बाबू, सौदान सिंह, आदि उपस्थित रहे हैं।

# पूजन एवं भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम संपन्न



■ प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में चल रही कथा संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में पिछले 31 दिसंबर से चल रही चल रही श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम आज हवन पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न हो गया। चंडी पीठाधीश्वर स्वामी चंदेश्वर गिरी के मुखारविंद से नगरवासी पिछले सात दिनों से श्रीमद् भागवत कथा का रासस्वदान कर रहे थे। आज भंडारे के साथ में कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर चंडी पीठाधीश्वर स्वामी चंदेश्वर गिरी ने कहा भागवत कथा मोक्षदायिनी है, जो भी वक्ता श्रोता एवं यजमान भागवत कथा का श्रवण करते हैं। आयोजन करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के भंडारे का प्रसाद लोगों को अवश्य ग्रहण करना चाहिए। यह प्रसाद आयु वर्धन स्वास्थ्यवर्धक एवं ऐश्वर्य वर्धन है। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव ने स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने 7 दिन तक कथा का श्रवण गोविंद नगर एवं ललितपुर नगर वासियों को कराया। उन्होंने कहा के क्षेत्र में इस तरह के आयोजनों से लोगों में आध्यात्म के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास बढ़ता है। मैंने सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर विशेष सहयोग करने वाले राजीव खरे, हरिहर शरण खरे, अशोक कुमार श्रीवास्तव, मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव सोमकांत खरे, डा.शिवांशु श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, प्रतिक कुशवाहा, अजय रैकवार, बृजेश रैकवार, भागवत रैकवार, रामस्वरूप चौरसिया, मुकेश जैन, अजय जैन, हरिराम कुशवाहा, वर्णित भटनागर, अर्पित श्रीवास्तव, मुन्ना खान, महेश कुशवाहा, राजीव साहू, नीता सिंह, प्रशांत, प्रमोद मिश्रा, दीपक राजोरिया, राहुल, मनीष राजपूत आदि का सम्मान किया गया। मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी कार्यालय पर फरियादी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के कार्यालय पर मंगलवार सुबह एक फरियादी द्वारा अजीबोगरीब घटना को अंजाम दिया जिसे देख सभी सकते मै आ गए, एक फरियादी द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर खुद आग लगा कर आत्मदाह का प्रयास किया सुरक्षा कर्मियों द्वारा फरियादी को पकड़ कर ज्वलनशील पदार्थ और माचिस को अपने कब्जे में लिया, फरियादी द्वारा कहा जा रहा था कि उसे उसके पिता की संपति मै पिता द्वारा हिस्सा नहीं दिया जा रहा जिसकी फरियाद लेकर वह कई दिनों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है पर उसे किसी भी दर से न्याय की उम्मीद मिलती दिखाई नहीं दी जिस कारण हताश होकर उसने यह कदम उठाया। इस मामले मै जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा फरियादी के पिता को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। फरियादी मथुरा जनपद के थाना मांट इलाके के ग्राम नसीटी का रहने वाला बताया गया जिसका नाम देवेंद्र भरद्वाज बताया गया, वह सुबह जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचा, कार्यालय के बाहर उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की।

# ट्रेन से चोरी हुई पीएसओ की सरकारी पिस्टल, मैगजीन बरामद

■ मध्य प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री के पीएसओ की चोरी हुई थी पिस्टल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मध्य प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री के पीएसओ की चोरी हुई पिस्टल को थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम ने बरामद किया है। 30 दिसंबर 2024 को मंत्री लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश सरकार के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर ओमकार सिंह ट्रेन नंबर 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच ए-2 सीट नंबर 21 पर भोपाल से नई दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। जब ट्रेन 31 दिसम्बर 2024 समय करीब 10 बजे रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के आस पास थी उसी समय पीएसओ ओमकार सिंह अपना पिट्ठू बैग सीट के नीचे छोड़कर वॉसरूम गये, वापस आने के बाद देखा कि पिट्ठू बैग जिसमें रखी एक सरकारी पिस्टल नौ एमएम एक मैगजीन जिसमें 10 कारतूस 9 एमएम, एक जोडी सफारी शूट व एक जोडी कोट पैन्ट व एक लैदर चाबी का गुच्छा था सीट के नीचे नहीं मिला। पीएसओ ओमकार सिंह द्वारा 31 दिसम्बर 2024 को थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर धारा 305(सी) बीएनएस 2023 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन को दी गई। प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन यादराम सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु की चेकिंग एवं भारी भरसक प्रयास तथा सूझबूझ के फलस्वरूप सरकारी पिस्टल व अन्य सामान चोरी करने वाले अभियुक्ता माइकल राज पुत्र स्व. सैमसन निवासी तिरची हनुमान मन्दिर के पास थाना विलियम पुरम जिला चेन्नई हाल पता हरि जाटव का किराये का मकान जयसिंहपुरा पुष्पविहार कालोनी थाना गोविन्दनगर मथुरा मथुरा जिला मथुरा को रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के गेट नम्बर एक पर पीपल के पेड़ के नीचे से पांच जनवरी को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन ने ठिठुरते श्रमिकों को बांटे कंबल

**अमरोहा।** ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन ने देर रात हसनपुर रोड पर स्थित गुड़ के कोल्हूओं पर काम करने वाले श्रमिकों को कम्बल का वितरण किया। इस दौरान अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाएं। उन्होने अन्य सामाजिक संगठनों से भी आगे आकर इस नेक कार्य में सहयोग करने की अपील की। ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन का प्रयास है कि ठंड के इस मुश्किल दौर में कोई भी जरूरतमंद मदद से वंचित न रहे। समाज के अन्य लोगों को भी आगे बढ़कर इस तरह की पहल में शामिल होना चाहिए ताकि हर कोई सर्दी से सुरक्षित रह सके। इस दौरान सुभाष चंद, ईश्वर चंद, राजेश कुमार, हनी प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### संभल हिंसाः पत्थरबाज महिला गिरफ्तार

**संभल।** 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के दौरान पत्थर चलने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है थाना नखासा पुलिस ने जिकरा पत्नी शुएब निवासी हिन्दूपुरा को संभल मे हिंसा के दौरान पुलिस पर पथराव करने का आरोप है पुलिस लगातार महिला की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी लेकिन एक महिने से पुलिस से भागती रही महिला को पुलिस ने एक रिश्तेदार के यहॉ से गिरफ्तार किया संभल हिंसा मे पुलिस प्रशासन पर पथराव करने के आरोप मे पुलिस ने अब तक 54 आरोपियो को जेल भेजा है अन्य हिंसा में शामिल लोगों की पुलिस तलाश कर रही हैं संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद का 24 नवंबर को न्यायालय के आदेश पर सर्वे किया जा रहा था इसी दौरान पुलिस प्रशासन पर अचानक पथराव हो ने लगा था हिंसा मे पॉच युवको की मौत भी हो गयी थी पुलिस कर्मियों समेत लोगों घायल हुए थे संभल मे माहौल तनावपूर्ण हो गया था लेकिन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शहर की कानून व्यवस्था को बिगडने नहीं दिया जिससे संभल का माहौल शांत रहा संभल का माहौल बिगडने वाले और पथराव करने वालों की पुलिस वीडियो और फोटो से पहचान कर गिरफ्तार करके जेल भेज रही।

### 30दिव्यांगों के पंजीकरण कर किया लाभान्वित

**मथुरा।** 424वां निऱ्शुल्क दिव्यांग सहायता मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर, (आगरा -दिल्ली -हाइवे, हाइवे प्लाजा के सामने ) हंसराज कॉलोनी रोड, जसवंत टेलीकॉम के पास, मथुरा पर रामबाबू कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से आयोजित किया गया ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निऱ्शुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की शाखा सफदरजंग हॉस्पीटल के भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ संजीव कुमार जी ,एवं उपकरणों का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा के टेक्निशीयन चंदन सिंह , व सतीश चंद्र द्वारा किया गया जिसमे पंजीकृत हुए 30दिव्यांग भाई- बहिनों का परीक्षण कर सहायता प्रदान की गयी। दिव्यांग शिविर मै केलीपर 05,वैशाखी 01, कृत्रिम पैर 04, छड़ी 02, हैंड स्पॉट 02,अन्य दिव्यांग भाई बहिनों के कृतिम अंगों की मरंमत की गयी। शिविर संचालन मे अध्यक्ष सुरेशचंद गर्ग.,श्री सुनील अग्रवाल (टाइप वाले), महेश चंद्र अग्रवाल एड., प्रेमशंकर अग्रवाल, सत्यवीर अग्रवाल, रामनरेश अग्रवाल , कुलदीप शर्मा,रामकिशन सतीश चंद्र आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## बृजमोहन संज्ञा बने प्रांतीय साहित्य कला प्रमुख



**ललितपुर।** रविवार को श्रीओंकारेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर जवाहर नगर कानपुर में संस्कार भारती की प्रांतीय विशेष साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई, जिसमें संस्कार भारती कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की प्रांतीय नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। जिसमें विनोद द्विवेदी को अध्यक्ष, सुरेंद्र पांडे को महामंत्री तथा समरेंद्र शुक्ला को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रांतीय कार्यकारिणी के अंतर्गत विभिन्न विधाओं के प्रमुखों के चयन के अंतर्गत संस्कार भारती ललितपुर के जिलाध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा को संगीत, साहित्य, रंगमंच आदि संबंधी विशेष योगदान के दृष्टिगत प्रांतीय साहित्य कला टोली में समाहित करते हुए प्रांतीय साहित्य कला प्रमुख के पद पर चयनित किया गया।

# 'वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हनुमान जी मंदिर कचहरी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ जनों ने एक दूसरे को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में सभी ने एक-एक कर कविता पाठ,चुटकुले व्यंग, कहानी आदि का गायन किया। इसके पश्चात उपस्थित वरिष्ठ जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जी के जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ जनों ने एक-एक कर उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तार से वर्णन किया। बैठक में निम्न निर्णय लिए गए जिन्हें जिलाधिकारी के माध्यम से उचित कार्रवाई हेतु प्रेषित कर कार्रवाई के साथ जनपद स्तर पर निर्धारित बिंदु रखे। केंद्र सरकार से रेलवे की सुविधा पुनः बहाल हेतु प्रदेश स्तर पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग का गठन किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को बैठक कक्ष मनोरंजन का व्यायाम कक्ष आदि हेतु पुरानी नगर पालिका में स्थित हॉल का आवंटन किया जाए। जिला चिकित्सालय में पर्चा बनाने चिकित्सक को दिखाने जांच, दवा आदि हेतु अलग से व्यवस्था की जाए। शहर के मोहल्लों का अतिक्रमण हटाने हेतु ताकि एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड आसानी से आ सके। लावारिस जानवरों से वरिष्ठ चरणों की सुरक्षा हेतु नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पोस्ट ऑफिस बैंकों में बैठने एवं निकासी हेतु अलग से वरिष्ठ जनो को व्यवस्था दी जाए। पार्क के वॉशरूम की सफाई व्यवस्था, प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नगर पालिका पार्षद हेतु विधान परिषद सदस्यों, लोकसभा में राज्यसभा सदस्य हेतु नामित किया जाए आदि अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में डा.राजेंद्र श्रीवास्तव एड. ने वरिष्ठ जनों को योग क्रिया करके उसके लाभ के बारे में विस्तार से प्रदर्शन कर जानकारी दी।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन बात्सल्य की बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सभागार में अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बालश्रम, यौन शोषण, पलायन, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति, कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल संरक्षण सेवायें पूर्व नाम समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एक अत्यन्त संवेदनशील समिति है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति का गठन किया जा चुका हैं जिसमें 06 ब्लॉक स्तर एवं 415 ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। बैठक में अध्यक्ष द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में समस्त विभागों को एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया। साथ ही जनपद में होने वाले बाल विवाह को रोके जाने हेतु सभी विभागों को प्रभावी कदम उठाकर विषेश कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिये गये। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सदस्य सचिव, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बैंठक के एजेण्डा बिन्दु के अनुसार बैठक का विस्तृत रूप से संचालन किया गया। बताया गया कि समिति यह सुनिश्चित करेगी कि बाल श्रम, बाल यौन षोशण, पलायन, ट्रेफकिंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसा व्यवहार न हो। उक्त बिन्दुओं पर किसी भी घटना के संज्ञान में आने पर समस्त तथ्यों का संकलन करते हुये सम्बन्धित थानों की विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड को तत्काल कार्यवाही हेतु सूचित करेगी। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, रेलवे एवं शिक्षा विभाग के उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सजगता, संवेदनशीलता एवं गम्भीरता से कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये कि सभी विभाग एजेण्डा बिन्दु के अनुसार अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे एवं बाल संरक्षण के हित में विशेष सहयोग प्रदान करें।

# व्यक्ति ने कलेक्ट्रेट पर किया आत्मदाह का प्रयास

■ पारिवारिक विवाद में न्याय की कर रहा मांग, प्रशासन ने कहा पिता से कर रहे बात

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मंगलवार को डीएम ऑफिस पर एक फरियादी ने आत्मदाह का प्रयास किया। फरियादी पिता द्वारा संपत्ति न देने से नाराज था। फरियादी ने प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग की। इस मामले में जिलाधिकारी ने कहा पिता को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को मांट थाना क्षेत्र के नसीटी गांव का रहने वाला देवेंद्र भारद्वाज डीएम ऑफिस पहुंचा। जहां उसने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम ऑफिस के बाहर अपने ऊपर पैट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। देवेंद्र के पैट्रोल डालते देख, वहां मौजूद पुलिस कर्मी उसको पकड़ने के लिए दौड़ पड़े और आत्मदाह करने से पहले ही उसे पकड़ लिया। पिता द्वारा संपत्ति न देने पर नाराज था। देवेंद्र की गांव में पैतृक संपति है। चार भाइयों में से एक देवेंद्र उस संपत्ति में से हिस्सा चाहता है लेकिन देवेंद्र के पिता ने तीन भाइयों को संपत्ति दे दी है। जबकि देवेंद्र को संपत्ति नहीं दी। पिता द्वारा संपत्ति न देने से आहत हुए देवेंद्र ने इसकी शिकायत एसडीए मांट से की। लेकिन समस्या का निस्तारण न होने से वह डीएम ऑफिस पहुंच गया। देवेंद्र डीएम ऑफिस पहुंचा और वहां घूमता रहा। इसके कुछ देर बाद उसने अपने साथ लाए बैग में से पैट्रोल की बोतल निकाली और अपने ऊपर डालना शुरू कर दिया।

देवेंद्र के द्वारा पैट्रोल डालते देख वहां मौजूद पुलिस कर्मी उसे पकड़ने दौड़ पड़े। देवेंद्र आत्मदाह करता उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। देवेंद्र की शिकायत पर डीएम शैलेंद्र सिंह ने उसको आश्वासन दिया है।

> देवेंद्र पहले भी शिकायत कर चुका है। उसके पिता से भी बात की गई लेकिन कुछ पारिवारिक कारणों की वजह से पिता उसे संपत्ति नहीं देना चाहता। किंतु एक बार फिर पिता से बात की जाएगी उनको समझाने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

# 'पसमांदा गोष्ठी' की तैयारियों पर हुई समीक्षा

## बिना संगठन के किसी समाज की पहचान नहीं होती : अफजल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जनपद सुल्तानपुर में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की एक विशेष बैठक का आयोजन मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजल अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में लखनऊ में 02 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम 'पसमांदा गोष्ठी' में सम्मिलित होने की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर अफजल अंसारी ने कहा कि अगर हमें अपने समाज के लिये कुछ करना है तो हमें संगठित होकर संगठन के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा याद रहे दोस्तों संगठन ही शक्ति है बिना संगठन के किसी समाज की कोई पहचान नहीं होती। आज हमारा समाज शिक्षा, राजनीति, सरकारी, नोकरी या अन्य संवैधानिक पदों पर न के बराबर है, जिसके जिम्मेदार हम और हमारा समाज खुद है। आज हम संगठित हैं तो इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज को जाता है, जिसकी लड़ाई ही ऊंच-नीच की दूरी को कम करना है। हमें अपने कस्बों, गांवों, गली, मोहल्लों में प्रत्येक पसमांदा मुसलमानों को उनके अधिकार के प्रति उन्हें जागरुक करना है। याद रहे दोस्तों कुछ पेड़ ऐसे होते हैं जो लगाते तो हमारे दादा पर दादा हैं। मगर उसका सुख उनकी नसलें भोगती हैं। यही सोचकर हमें अपने समाज के लिये कार्य करना है, जिससे हमारी नसलें पढ़ी-लिखी अच्छे पदों पर रहकर आबाद हो सकें। बैठक में श्री अंसारी ने गफ्फार घोसी को जनपद सुल्तानपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवस पर अयोध्या मंडल के अध्यक्ष जलील अहमद, एडवोकेट असादुल्लाह, मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या, कमाल, मोहम्मद जावेद, नसीम खालिद मंसूरी, हसीब, नसरूद्दीन, फैयाज आदि लोग उपस्थित रहे।

# वृंदावन में देश भर से जुटे सनातनी हुआ सनातन संस्कृति समागम का आरंभ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृन्दावन छटीकरा मार्ग स्थित कृष्णा फनलेंड मे सनातन संस्कृति समागम का आरम्भ हुआ बृजवासी जगद् गुरु कृष्ण कन्हैया पदरेनू ने बताया सम्मेलन मे बहुत दूर प्रान्तों से जन समुदाय ने भाग लिया एवं समागम के बिन्दू रखे गये सनातन धर्म क्या है ,बृज की परम्परागत को कैसे संरक्षित किया जाये बलराम बाबा एवं महा मण्डलेश्वर भैया जी ने कहा सनातन की शोभा तभी जब हम सनातन के नाम पर एकत्रित हो आचार्य करूणा शंकर त्रिवेदी एवं आचार्य राकेश शास्त्री ने सनातन के स्वरूप को बताते हुये कहा सनातन धर्म कभी समाप्त नही होने वाला ये अनादि काल से चला आ रहा है ये कभी मिटने वाला नही है आयोजक राहुल द्विवेदी ने कहा आज हमारी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है शिक्षा के पाठ्यक्रम मे सनातन धर्म के पाठ जोड़ने की अवश्यता है इस सनातन संस्कृति समागम के मौके पर विशाल समुदाय उमड पडा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सत्यभान शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया एवं ठाकुर चंदन सिंह वैद्य मानव सेवा प्रकल्प संस्था के अध्यक्ष ने भी सनातन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमको जाति धर्म से ऊपर उठकर आगे बडने की जरूरत है सनातन संस्कृति समागम का संचालन विष्णु कांत बृजवासी ने बखूबी निभाया एवं दूर दराज से आए सभी सनातनियों का माला दुपट्टा एवं साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर श्री विष्णु कान्त बृजबासी, आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ,राजन कृष्ण महाराज, सौरभ कृष्ण, दीपेश, रामेश्वर दयाल शर्मा,हरी ठाकुर ,जगदीश सुपानिया,विक्रम लवानिया, जोगेंद्र भारद्वाज, वीरपाल मिश्रा,रामदेव भारद्वाज,सोहन लाल मिश्र,नेमचंद शर्मा व चौधरी वीरपाल सिंह पत्रकार एवं ठाकुर चंदन सिंह वैद्य मानव सेवा प्रकल्प संस्था के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी का निर्माण वफ्फ की भूमि पर नहीं किया जा रहा है

**संभल।** ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा के बाद मस्जिद के सामने खाली मैदान मे पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो ने के बाद कुछ लोगों ने इस भूमि को वफ्फ संपत्ति बताया था लेकिन अब अब्दुल समद के परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचा कर भूमि को वफ्फ संमत्ति होने से इंकार कर दिया है अब्दुल समद के परिवार वालों वर्षो से भूमि की देखरेख कर रहे थे लेकिन उनका भूमि पर कोई मालिकाना हक़ नहीं है इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को एक शपथ पत्र भी सौपा गया है जिसमें भूमि पर किसी भी तरह से मालिकाना हक़ न होने की बात की गयी है शपथ पत्र अब्दुल समद नाती मुहम्मद खालिद के नाम से दिया गया है जिसमें जामा मस्जिद के सामने जिस भूमि पर पुलिस चौकी सत्यव्रत का निर्माण कार्य किया जा रहा वो वफ्फ संमत्ति नहीं है और इस भूमि से उनका कोई मतलब नही है वह तो केवल अपने पूर्वजो की तरह देखभाल करते थे।

# यशस्वी जायसवाल को मिल सकता है डबल इनाम, चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं? जल्द होगा फैसला

भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कम समय में क्रिकेट जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर और विदेश में बल्ले से बखूबी छाप छोड़ी है। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में प्रभावित किया, जहां वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय प्लेयर रहे। यशस्वी ने जुलाई 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वह अभी तक टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते हैं, हालांकि, स्टार ओपनर की आने वाले कुछ दिनों में किस्मत चमक सकती है। यशस्वी को डबल इनाम के रूप में वनडे डेब्यू का चांस मिल सकता है।



दरअसल, भारत को 22 जनवरी से घर पर इंग्लैंड से पांच मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू होगी, जो 12 फरवरी तक चलेगी। उसके बाद भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उतरेगी, जिसका 19 फरवरी से आगाज होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन वनडे फॉर्मेट में होगा। रेवस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यशस्वी को इंग्लैंड वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बैकअप ओपनर के रूप में चुने जाने की संभावना है। पूरी संभावना है कि शुभमन गिल और कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करेंगे।

23 वर्षीय यशस्वी ने अब तक 19 टेस्ट में 52,88 की औसत से 1798 रन बनाए हैं। उन्होंने सबसे लंबे फॉर्मेट में चार शतक और 10 अर्धशतक ठोके हैं। उन्होंने भारत के लिए 23 टी20 मैचों में 36,15 की औसत से 723 रन जोड़े हैं, जिसमें एक सेंचुरी और पांच फिफ्टी सामिल हैं। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति 12 जनवरी तक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय स्क्वॉड चुनेगी, जो सभी टीमों के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड चुननेकी डेडलाइन है।

# युवराज सिंह उतरे रोहित शर्मा और विराट कोहली के सपोर्ट में, कहा बीजीटी की हार छोटी, कोहिली-रोहित को टारगेट करना ठीक नहीं

भारत के वर्ल्ड कप विजेता पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपना समर्थन दिया है। साथ ही उनका मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार से भी बड़ी निराशा न्यूजीलैंड के हाथों घर पर मिली हार थी। भले ही टीम इंडिया 3-1 से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज हारी है, लेकिन युवराज सिंह उनमें शामिल नहीं, जो कप्तान रोहित शर्मा और अनुभव विराट कोहली के फेल होने पर उनकी आलोचना कर रहे हैं। पिछले 8 टेस्ट मैचों में भारत 6 मुकाबले हारा है, जबकि एक ही मैच टीम इंडिया जीत पाई है। इस वजह से टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाए।

पिछली दोनों सीरीजों में विराट कोहली और रोहित शर्मा का बल्ला खामोश रहा। इसको लेकर युवराज सिंह ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि, मेरे हिसाब से न्यूजीलैंड से घर पर हारना ज्यादा दुखदायी है। क्योंकि वे अपने घर में 3-0 से हारे हैं। आप जानते हैं कि ये स्वीकार्य नहीं है। ये अभी भी स्वीकार्य है, क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत चुके हैं। इस बार आप हार गए। मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई सालों से प्रभावशाली टीम रही है। ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल और वर्ल्ड कप फाइनल 2023 मेंजीता था। हालांकि, युवराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की पिछली उपलब्धियों को देखते हुए उनकी आलोचना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपने महान खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित के बारे में बात कर रहे हैं, हम उनके बारे में बहुत बातें कह रहे हैं, लेकिन लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वे इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है वे हार गए, उन्होंने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। वे हमसे ज्यादा हर्ट हो रहे हैं।




साथ ही टीम इंडिया के हेड कोच और अपने साथी क्रिकेटर गौतम गंभीर को लेकर युवी ने कहा कि, मुझे लगता है कि कोच के तौर पर गंभीर, चयनकर्ता के तौर पर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, ये सभी इस समय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन समझ रखते हैं और उन्हें ये तय करना है कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट का क्या रास्ता होगा। पूर्व ऑलराउंडर ने सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने वाले रोहित की तारीफ की और कहा कि, मुझे लगता है कि ये बहुत बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कप्तान का फॉर्म ठीक नहीं चल रहा हो और वह खुद बाहर चला गया हो। ये रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। मुझे लगताहै कि वह एक महान कप्तान हैं, चाहे जीत हो या हार, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे और उनकी कप्तानी में, हमने वर्ल्ड कप फाइनल खेला है।

# इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह

ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्सक्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे।




तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं।

ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को संबोधित पत्र में कहा गया है, हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले बुरे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हैं। इसमें कहा गया है, हम ईसीबी से अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी मैच के बहिष्कार पर विचार करने का भी आग्रह करते हैं ताकि यह स्पष्ट संकेत दिया जा सके कि इस तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पत्र के अनुसारहमें लैंगिक भेदभाव के खिलाफ खड़ा होना चाहिए तथा हम ईसीबी से अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों को एकजुटता और आशा का एक दृढ़ संदेश देने का आग्रह करते हैं कि उनकी पीड़ा को नजरअंदाज नहीं किया गया है। गोल्ड ने त्वरित प्रतिक्रिया जारी करते हुए ईसीबी के सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए सुझाव दिया कि वह अकेले कोई फैसला करने के बजाय सभी सदस्य देशों से एक समान दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा ईसीबी तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ के जा रहे बुरे व्यवहार की कड़ी निंदा करता है। गोल्ड ने कहा आईसीसी के संविधान के अनुसार सभी सदस्य देश महिला क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, ईसीबी ने अफगानिस्तान के खिलाफ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं करने की अपनी स्थिति बरकरार रखी है। उन्होंने कहा किसी एक सदस्य के बजाय आईसीसी के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ उठाया गया कदम अधिक प्रभावी होगा। इंग्लैंड ने 2003 में एकदिवसीय विश्व कप में रॉबर्ट मुगाबे के शासन के विरोध में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच नहीं खेला था।

# डिविलियर्स को उमीद, भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने की स्वीकृति देगा बीसीसीआई

दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) निकट भविष्य में भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में भाग लेने की अनुमति देगा क्योंकि इससे इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग की लोकप्रियता बढ़ेगी। दिनेश कार्तिक एसए20 में भाग लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनने वाले हैं लेकिन यह तभी संभव हो पाया जब उन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं देता है। अभी तक भारत से बाहर की प्रतियोगिताओं में खेलने का एकमात्र तरीका स्वदेश में अपने करियर को विराम देना है। डिविलियर्स ने नौ जनवरी से शुरू होने वाले एसए20 के तीसरे सत्र से पूर्व चुनिंदा मीडिया से बात करते हुए कहा मैं और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को इसमें शामिल होते देखना पसंद करूंगा। हम जानते हैं कि दिनेश कार्तिक इस साल यहां होंगे जो शानदार है और यह टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा और उम्मीद है कि बीसीसीआई भविष्य में और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को एसए20 में शामिल होने की अनुमति देगा। डिविलियर्स अच्छी तरह से जानते हैं कि बीसीसीआई निकट भविष्य में सक्रिय भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग के लिए उपलब्ध नहीं कराने जा रहा है। उनका मानना है कि किसी लीग को प्रतिद्वंद्वियों से आगे रखने का एकमात्र तरीका सर्वश्रेष्ठ विदेशी प्रतिभाओं को आकर्षित करना है जैसा कि आईपीएल ने पिछले कुछ वर्षों में किया है।




आईपीएल में विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम को 2027 तक बढ़ा दिया गया है लेकिन डिविलियर्स इसके प्रशंसक नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह नियम एसए20 में लागू किया जाना चाहिए तो उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं कभी भी इसका बड़ा प्रशंसक नहीं रहा हूं और मैंने पिछले सत्र में आईपीएल में इसके बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि यह थोड़ा भ्रमित करने वाला है, यह ऑलराउंडर और टीम में उनकी भूमिका पर थोड़ा दबाव भी डालता है।

# शाहरुख खान शामिल होंगे मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में बतौर विलेन?

2024 में मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 साल की सबसे बड़ी बॉलीवुड हिट बन गई। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना के साथ राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर नजर आए थे। इस बीच, साल 2025 की शुरुआत में मैडॉक फिल्म्स ने अपने हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स से अपनी आने वाली 8 फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा की, जो साल 2028 तक सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। अब रिपोर्ट्स बताती हैं कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में मुख्य विलेन की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोड्यूसर दिनेश विजान और उनकी टीम शाहरुख खान से एक खास रोल के लिए बातचीत कर रही है। बताया जा रहा है कि मैडॉक फिल्म्स की टीम किंग खान को हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का मुख्य विलेन बनाना चाहती है। वैसे शाहरुख खान ने अपने करियर में बड़े पर्दे पर कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। उन्होंने हर बार अपने किरदार में कुछ नया करने की कोशिश की है। उन्होंने पहले भी खलनायक की भूमिकाएँ निभाई हैं और उन्हें उनके लिए खूब पसंद किया गया है। इसलिए, शाहरुख को खलनायक की भूमिका में देखना दिलचस्प होगा।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि शाहरुख खान का किरदार ऐसा होगा जो हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की सभी फिल्मों से जुड़ा होगा। अगर पठान अभिनेता हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स से जुड़ते हैं, तो यह फ्रैंचाइज़ी को एक अलग स्तर पर ले जाएगा। संभावना है कि शाहरुख साल 2028 में रिलीज होने वाली फिल्म महायुद्ध या दूसरा महायुद्ध में नजर आ सकते हैं। हालांकि, इस डील को लेकर शाहरुख खान या मैडॉक फिल्म्स की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

आपको बता दें कि मैडॉक की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में 8 फिल्में शामिल हैं, जो 2025 से 2028 के बीच सिनेमाघरों में आएंगी। इनमें से पहली है थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इसके बाद 2025 में शक्ति शालिनी भी आएगी। बाद में 2026 में भेड़िया 2 और चामुंडा रिलीज होगी। 2027 में स्त्री 3 और महा मुंज्या आएगी और 2028 में महायुद्ध और दूसरा महायुद्ध रिलीज होगी।

# पायल कपाड़िया सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार पाने से चूकी, द ब्रूटलिस्ट के ब्रैडी कॉर्बेट से हारी

82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में, भारतीय फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार के लिए नामांकित होने वाली केवल दूसरी भारतीय निर्देशक बनकर इतिहास रच दिया। हालांकि, अपनी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज़ लाइट के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त करने के बावजूद, कपाड़िया ने द ब्रूटलिस्ट में अपने काम के लिए ब्रैडी कॉर्बेट से पुरस्कार खो दिया। 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में, भारतीय फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार के लिए नामांकित होने वाली केवल दूसरी भारतीय निर्देशक बनकर इतिहास रच दिया। हालांकि, अपनी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज़ लाइट के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त करने के बावजूद, कपाड़िया ने द ब्रूटलिस्ट में अपने काम के लिए ब्रैडी कॉर्बेट से पुरस्कार खो दिया।




हालांकि वह प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार से चूक गई, लेकिन कपाड़िया ने हार को शालीनता और खेल भावना के साथ संभाला। जब कॉर्बेट ने द ब्रूटलिस्ट के लिए ट्रॉफी ली, तो कपाड़िया मुस्कुराते हुए और विजेता की सराहना करते हुए देखे गए, जो कि गोल्डन ग्लोब्स को परिभाषित करने वाली सौहार्द और सम्मान की भावना को दर्शाता है। ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी भाषा मोशन पिक्चर का पुरस्कार भी फ्रांसीसी फिल्म एमिलिया पेरेज़ से खो दिया। असफलताओं के बावजूद, कपाड़िया ने अपना संयम और गर्व बनाए रखा, यह जानते हुए कि उनकी फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बना चुकी है। फिल्म ने पहले 2024 में कान फिल्म महोत्सव में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया था। कपाड़िया और कॉर्बेट के अलावा, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक श्रेणी में अन्य निर्देशकों में द सब्सटेंस के लिए कोरली फरगेट, कॉन्क्लेव के लिए एडवर्ड बर्जर, एमिलिया पेरेज़ के लिए जैक्स ऑडियार्ड और एनोरा के लिए सीन बेकर शामिल थे। हालांकि कपाड़िया पुरस्कार नहीं जीत पाई, लेकिन गोल्डन ग्लोब्स में उनकी उपस्थिति अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहचान को उजागर करती है। गोल्डन ग्लोब नामांकन कपाड़िया और भारतीय सिनेमा दोनों के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि इसने उनकी कहानी कहने और दृष्टि की वैश्विक सराहना को प्रदर्शित किया। हालाँकि वह जीत नहीं पाई, लेकिन कपाड़िया का काम फिल्म निर्माताओं और दर्शकों को समान रूप से प्रेरित करता है, कई लोगों को उम्मीद है कि भविष्य के पुरस्कार सत्रों में भारतीय प्रतिभाओं को और अधिक पहचान मिलेगी। जैसे-जैसे पुरस्कार सत्र आगे बढ़ेगा, पायल कपाड़िया का नाम इतिहास की किताबों में ऐसे कुछ भारतीय फिल्म निर्माताओं में से एक के रूप में दर्ज रहेगा, जिन्होंने ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों पर सफलता हासिल की है।

# पहले बेची चाय, फिर रेलवे ट्रैक से इकट्ठा किया कोयला कुछ ऐसे बीता था ओम पुरी का जीवन, आज ही दिन हुआ था निधन

ओम पुरी ने अपनी शानदार एक्टिंग और दमदार आवाज से सभी का दिल जीता है। थियेटर हो, टेलीविजन या फिर सिनेमा, उन्होंने अपने अभिनय के दम पर हर जगह शोहरत हासिल की थी। ओम पुरी का जन्म अंबाला में हुआ था। उनके पिता रेलवे और इंडियन आर्मी में थे। ओम पुरी के पैरेंट्स के पास उनके जन्म का न तो कोई सर्टिफिकेट था और न ही उन्हें उनकी जन्मतिथि याद थी। उनकी मां ने उन्हें बताया था कि वो हिंदू फेस्टिवल दशहरा से दो दिन पहले पैदा हुए थे। बचपन में जब पुरी स्कूल जाने लगे, तब उनके अंकल ने उनका बर्थडे 9 मार्च 1950 दर्ज कराया, लेकिन जब ओम पुरी मुंबई पहुंचे। तब उन्होंने देखा कि साल 1950 में दशहरा कब मनाया गया था और उसी हिसाब से उन्होंने खुद की बर्थ डेट 18 अक्टूबर लिखी। ओम पुरी का बचपन बहुत गरीबी में बीता था। फिर किस्मत बदली और उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया, लेकिन वो मुश्किल दौर में तब आए, जब दूसरी बीवी संग उनका मनमुटाव हो गया। आइये जानते हैं।

ओम पुरी जब 6 साल के थे तब उनके पिता रेलवे में कर्मचारी थे, उन पर सीमेंट चोरी का आरोप लगा और उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। इसके बाद उनका परिवार बेघर हो गया था। पेट पालने के लिए ओम पुरी के भाई वेद प्रकाश पुरी ने रेलवे में कुली की नौकरी की और ओम पुरी एक दुकान पर चाय बेचने लगे। अपने परिवार को सहारा देने के लिए ओम पुरी ने कई तरह की नौकरी की। वो रेलवे ट्रैक से कोयला भी इकट्ठा करते थे, ताकि घरवालों का पेट पाल सकें। बाद में उनका और उनके भाई के बच्चों का पालन-पोषण एक नौकरानी शांति ने किया।




तमाम मुसीबतों के बाद भी ओम पुरी ने काम के साथ-साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। प्राइमरी एजुकेशन के बाद उन्होंने थियेटर एक्टिंग सीखने के लिए दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा ज्वॉइन कर लिया। फेमस एक्टर नसीरुद्दीन शाह, जोकि लंबे समय तक उनके दोस्त भी रहे थे, उन्होंने ओम पुरी को पुणे में इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में जाने के लिए काफी मोटिवेट किया था। नसीरुद्दीन के अलावा अमरीश पुरी भी उनके अच्छे दोस्त थे। लेकिन पुरी सरनेम के कारण लोग दोनों को भाई मान लेते थे।

उनकी दिल तक जाने वाली आवाज की दुनिया कायल थी। ओम पुरी अपनी निजी को लेकर भी काफी चर्चा में रहे थे। उन्होंने साल 1991 में डायरेक्टर और राइटर सीमा कपूर से शादी की थी, जो एक्टर अन्नू कपूर की बहन हैं। हालांकि, ओम पुरी और सीमा की शादी 8 महीने तक ही चली। इसके बाद 1993 में ओम पुरी ने जर्नलिस्ट नंदिता पुरी संग ब्याह किया। कपल को एक बेटा हुआ, जिसका नाम ईशान है। साल 2009 में जब नंदिता ने पति पर एक बायोग्राफी लिखी, जिसका नाम है।

इस बायोग्राफी ने तहलका मचा दिया था, क्योंकि उन्होंने इसमें ऐसे-ऐसे खुलासे किए थे, जिसे सुनकर और पढ़कर लोग दंग रह गए थे। खुद ओम पुरी भी इससे बहुत नाराज हुए थे। 2013 में दोनों के रास्ते हो गए अलग साल 2013 में नंदिता ने ओम पुरी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों ने अपने रास्ते अलग करने के लिए कानून का सहारा लिया था। 6 जनवरी 2017 को ओम पुरी का 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शबाना ने ओम पुरी को देखकर कह दिया था कि की कैसे लोग एक्टर बनने चले आते हैं। हालांकि बाद में दोनों ने धारावी, मृत्युदंड, अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है, सिटी ऑफ जॉय जैसी फिल्मों में एक्टिंग की थी। ओम पुरी नंदिता से नाराज़ हो गए थे कि आखिर उन्होंने बिना उनकी इज़ाजत के किताब में उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी आपत्तिजनक बातें कैसे लिख दी। साल 2017 में ब्रेन हेमरेज के चलते ओम पुरी का निधन हो गया था।

# सलमान खान के घर गैलेसी अपार्टमेंट की बढ़ाई गई सुरक्षा, धमकियों के बीच बदली गई खिड़कियां

सलमान खान को धमकियां मिलने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बाबा सिद्दी की मौत के बाद से एक्टर के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई है। अभी भी लगातार धमकियां मिल रही है। आज सुबह से बांद्रा स्थित उनके घर पर कॉनट्रैक्शन जारी है। मीडिया खबरों के मुताबिक एक्टर और परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घर की खिड़कियों को बदला जा रहा है। इसके साथ ही बालकानी में भी काम किया जा रहा है जहां अक्सर दबंग खान अपने फैंस से मिलने आते थे। एक्टर को घर के बाहर सुरक्षा बलों की संख्या भी बढ़ा गई है। इतना ही नही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ा दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हर आने-जाने वाले पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दरअसल, सलमान खान को कई गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके गिरोह से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। बीते साल मई में सलमान के घर के बाहर दो बदमाशों ने फायरिंग भी की थी जिसके बाद एक्टर सुरक्षा की गई थी। धमकियों के बाद सलमान के करीबी दोस्त और नेता बाबा सिद्दकी की भी गोली से मार कर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद घर में डर का माहौल बना हुआ है। इसलिए सलमान के घर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान अभी बिग बॉस 18 को होस्ट कर रहे हैं। इस साल सलमान के लिए बेहद खास होने वाला है क्योंकि उनकी फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है। ए आर मुरुगदास की डायरेक्शन में बन रही है फिल्म सिकंदर में नजर आ रहे है। फिल्म का टीजर भी सामने आ चुका है।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 8 जनवरी, 2025



# असम-खदान में 34 घंटे से फंसे 9 मजदूर, सेना पहुंची

## 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी भरा, डाइवर्स मौजूद, मोटर से निकाल रहे पानी

एजेंसी

**असम।** असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में सोमवार को अचानक पानी भर गया था, जिससे 9 मजदूर अंदर फंस गए। मजदूरों के फंसने की सूचना 34 घंटे पहले सोमवार सुबह करीब 7 बजे मिली थी। अब इन मजदूरों के रेस्क्यू में सेना को लगाया गया है।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम भी मदद कर रही है। असम के माइनिंग मिनिस्टर कौशिक राय घटनास्थल पर मौजूद हैं। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स रेस्क्यू में शामिल हो गई है।

कुछ रिपोर्ट्स में 3 मजदूरों के शव दिखने की बात कही गई। लेकिन जब भास्कर ने एसपी मयंक कुमार



झा से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई शव नहीं दिखाई दिया है। पुलिस ने खदान के मालिक पुनीश नुनिसा को गिरफ्तार कर लिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये रैट माइनर्स की खदान है। इसमें 100 फीट तक पानी भर गया है, जिसे दो मोटर की मदद से निकाला जा रहा है। यह खदान करीब 300 फीट गहरी है। जिला मुख्यालय हाफलोंग से यहां तक पहुंचने में करीब 7 घंटे लगते हैं। सेना और असम राइफल्स के गोताखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर खदान में जाने की तैयारी की।

सेना और असम राइफल्स के गोताखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर खदान में जाने की तैयारी की।

दीमा हसाओ जिले के एसपी मयंक झा ने बताया कि खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक अचानक पानी आया, जिसके कारण मजदूर खदान से बाहर नहीं निकल पाए। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, लोकल अधिकारियों और माइनिंग एक्सपर्ट की टीमों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाया जा रहा है।

ऐसा ही एक हादसा मेघालय की ईस्ट जयंतिया हिल्स में 2018 में हुआ था। जहां 15 मजदूर कोयला खदान में फंसकर मारे गए थे। 13 दिसंबर को इस खदान में 20 खनिक 370 फीट गहरी खदान में घुसे थे, जिसमें से 5 मजदूर पानी भरने से पहले बाहर निकल आए थे। 15 मजदूरों को बचाया नहीं जा सका था।

रैट का मतलब है चूहा, होल का मतलब है छेद और माइनिंग मतलब खुदाई। साफ है कि छेद में घुसकर चूहे की तरह खुदाई करना। इसमें पतले से छेद से पहाड़ के किनारे से खुदाई शुरू की जाती है और पोल बनाकर धीरे-धीरे छोटी हैंड ड्रिलिंग मशीन से ड्रिल किया जाता है। हाथ से ही मलबे को बाहर निकाला जाता है। रैट होल माइनिंग नाम की प्रोसेस का इस्तेमाल आम तौर पर कोयले की माइनिंग में होता रहा है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर पूर्व में रैट होल माइनिंग होती है, लेकिन रैट होल माइनिंग काफी खतरनाक काम है, इसलिए इसे कई बार बैन भी किया जा चुका है।


रैट माइनिंग कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूरों ने ईजाद की थी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, यानी हत्रज्ञ ने 2014 में इस पर बैन लगा दिया था। एक्सपर्ट्स ने इसे अवैज्ञानिक तरीका बताया था। हालांकि विशेष परिस्थितियों, यानी रेस्क्यू ऑपरेशन में रैट माइनिंग पर प्रतिबंध नहीं है।

# अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया, बोले- देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया।

भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी। अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आज़ादी के 75 साल



से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है।

भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। वहीं, से पहला कदम शुरू होगा। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारे पास 25 साल हैं और एक प्रकार से भारत के लिए स्वर्णिम अवसर होगा।

बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित इस भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर और वित्तीय अपराधों में अंतरराष्ट्रीय पुलिस की सहायता करना है, जो वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा। दरअसल, भारतपोल पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरता, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों पर लगाम लगाने के लिए भारतपोल पोर्टल काफी कारगर साबित हो सकता है।

## क्विक न्यूज

### कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने मंगलवार को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था। दरअसल, मृतक जवान का नाम राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही मौत के सही कारणों का पता लगा जा रहा है कि आखिर राजनाथ प्रसाद ने खुदकुशी क्यों की।

### प्रशांत किशोर की बिगड़ी तबीयत, घर पर लेने पहुंची एंबुलेंस

**पटना।** अनशन पर चल रहे प्रशांत किशोर की आज सुबह तबीयत बिगड़ गयी है। जानकारी के अनुसार उन्हें जल्द ही अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है। फिलहाल प्रशांत किशोर के आवास पर एंबुलेंस पहुंच गयी है। बताया जा रहा है कि जन सुराज के कार्यकर्ता प्रशांत किशोर को लेकर अस्पताल जा रहे हैं, जहां डॉक्टर उनका समुचित इलाज करेंगे। बता दें, आज प्रशांत किशोर के अनशन का छठा दिन है। बता दें आज प्रशांत किशोर ने पटना के शेखपुरा हाउस में जन सुराज पार्टी की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में जन सुराज के सदस्यों के साथ मिलकर आगे की योजना पर चर्चा की की जानी। इस बैठक में ही तय किया जाना था कि प्रशांत किशोर अब अपना अनशन किस स्थान पर जारी रखेंगे। लेकिन, उसके पहले ही प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ गयी है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## जमीनी विवाद में सगे भाइयो में खूनी संघर्ष दोनों पक्षों के आठ लोग घायल

**भोपाल।** थोड़ीसी जमीन के विवाद में सगे भाइयों के बीच मे मशभरत छिड़ गया एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए खून के रिश्ते भूलकर एक दूसरे पर कुल्हाड़ी डंडो लाठियों से हमला कर दिया टौरियाटेक में जमीनी विवाद में यादव परिवार के दो सगे भाइयों के बीच कुल्हाड़ी, लाठी डंडे से एक दूसरे पर जमकर मारपीट की आठ लोगों के सिर फूटे हाथ पैर में एव शरीर में गंभीर से चोटे आई दो तीन की हालत गंभीर है सुबह 6 बजे खेत पर जा रहे रतिराम पिता जानकी यादव, पत्नी माया, लड़का नरेन्द्र , ओम प्रकाश, यादव को सकरा कुआ के रास्ते मे रोहित, प्रकाश, भोले ने कुल्हाड़ीयो से हमला बोल दिया जिससे रतिराम की हालत गंभीर है। रात्रि में घर में जानकी, रोहित भोले, प्रकाश यादव सो रहे थे लाठी डंडे से रतिराम माया, नरेश, ओम प्रकाश ने हमला कर दिया सभी लोगो के सिर हाथ पैर शरीर मे चोटे आई जिससे जानकी यादव की हालात ज्यादा गंभीर है।

## 33 हजार से अधिक लोगों ने उठाया मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हर परिवार के बुजुर्ग चाहते हैं कि वह जीवन में तीर्थयात्रा अवश्य करें। कईबार आर्थिक तंगी के कारण कई बुजुर्गों का यह सपना पूरा नहीं होता लेकिन पंजाब सरकार ने ऐसे ही बुजुर्गों की इच्छा पूरी करने के लिएशानदार योजना शुरू की।इस योजना का नाम है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना। योजना के तहत पंजाब के बुजुर्गों सहित सभी नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाने के साथ-साथ उनके सपनों को भी पूरा किया जा रा है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना बेहद आसान है।

इस यात्रा का लाभ लेने के लिए पहले आवेदन करना पड़ता है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान ने तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छुक लोगों के लिए आवेदन की अड़चनों को भी दूर कर दिया है। केवल एक पेज के सामान्य फार्म को भरना होता है। इससे यात्री से संबंधित बहुत सामान्य सी जानकारी जैसे कि आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आईडी कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर, पता इत्यादि भरना होता है। %मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना के तहत माता चिंतपूर्णी जी, माता वैष्णो देवी, माता ज्वाला जी, माता नैना देवी जी, खाटू श्याम जी, सालासर धाम, वाराणसी और मथुरा, जामा मस्जिद और अजमेर शरीफ, श्री पटना साहिब, श्री आनन्दपुर साहिब, श्री हजूर साहिब और श्री दमदमा साहिब जैसे पवित्र स्थलों की यात्रा करवाई जाती है। पंजाब सरकार का टारगेट है कि इस योजना के जरिए 50,000 लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएं। पंजाब सरकार अपने इस लक्ष्य के करीब है, क्योंकि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत अब तक 33,893 लोगों ने धार्मिक स्थलों के दर्शन किए हैं। इस योजना के तहत 60 साल से अधिक उम्र वाले लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं और किसी भी धार्मिक स्थल के दर्शन करने जा सकते हैं।

# अब रिश्ते सुधारने में जुटे मुइज्जू

## भारत की यात्रा पर आ रहे मालदीव के रक्षा मंत्री, क्या है प्लान?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून बुधवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आएंगे। मौमून राष्ट्रीय राजधानी में कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

मालदीव के मंत्री की यह यात्रा चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग के बाद भारत द्वारा द्वीप राष्ट्र से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के आठ महीने बाद हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8 जनवरी को नई दिल्ली में मौमून के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

दोनों मंत्री मालदीव के राष्ट्रीय



रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए ट्रेनिंग, अभ्यास पर बात करेंगे। रक्षा परियोजनाओं सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने इस मामले में ये भी बताया, मालदीव भारत की %पड़ोसी पहले% नीति में एक विशेष स्थान रखता है, जिसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि लाना है।

दोनों देश आईओआर की सुरक्षा बनाए रखने में प्रमुख खिलाड़ी हैं, इस प्रकार क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के भारत के दृष्टिकोण में योगदान दे रहे हैं।

मौमून गोवा और मुंबई भी जाएंगे। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में माले की पिछली सरकार के तहत प्रगति देखी गई।

चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू के नवंबर 2023 में टॉप कार्यालय का कार्यभार संभालने के बाद संबंध गंभीर तनाव में आ गए। अपनी शपथ के कुछ घंटों के अंदर, उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की मांग की थी। इसके बाद, भारतीय सैन्य कर्मियों का स्थान नागरिकों ने ले लिया। संबंधों में नरमी तब आई जब अक्टूबर में अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान मुइज्जू ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की बात कही।

## गारमेंट शॉप में लगी भीषण आग, पत्नी की हुई मौत, पति की हालत गंभीर

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा में 7 जनवरी को तड़के सुबह एक गारमेंट शॉप में भीषण आग लग गई। इसी शॉप के अंदर सो रहे पति-पत्नी आग की चपेट में आ गए। जिसके चलते पत्नी की आग से झुलसने के कारण मौत हो गई और पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जनवरी को थाना सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छिजारसी मेन रोड पर बनी के एस क्लॉथ हाउस एंड रेडीमेड गारमेंट्स दुकान के प्रथम तल पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट की 4 गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुई और आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक इस दुकान में सो रहे पति-पत्नी में से पत्नी विनीता (35) की धुएं में फंसे रहने के कारण मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि पति अभी सुरक्षित है। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बताया जा रहा है कि आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि फायर कर्मचारी को अंदर जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 2 घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शुरुआती जांच में आग लगने के कारण के पीछे शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। लोकल पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी इस आग लगने के कारणों की जांच करेंगे। दुकान में आग बुझाने का कोई भी यंत्र मौजूद नहीं था। जिसके कारण आग और भी ज्यादा फैल गई। गनीमत रही कि इस आग से आसपास के अन्य घरों को नुकसान नहीं पहुंचा है।

## महिलाओं के खातों में सरकार ने भेजे 2500 रुपए

एजेंसी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य की 56 लाख से भी अधिक महिलाओं के बैंक अकाउंट में %मंईयां सम्मान योजना' के तहत दिसंबर महीने की किस्त के रूप में ढाई-ढाई हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर रांची के नामकुम खोजाटोली ग्राउंड में एक वृहद् कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पूरे राज्य से करीब दो लाख महिलाएं मौजूद रहीं।

सीएम सोरेन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, यह राशि आपको आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार ने चुनाव के पहले जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करते हुए आज हमें बेहद खुशी हो रही है। बताया गया कि सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य की कुल 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं के बैंक खाते में कुल 1,415 करोड़ 44 लाख 77 हजार 500 रुपए की राशि ट्रांसफर की। पांच महीने पहले



जब यह योजना शुरू हुई थी तब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिए जा रहे थे, लेकिन चुनाव के ऐलान के ठीक पहले सरकार ने कैबिनेट में यह राशि बढ़ाकर ढाई हजार करने की स्वीकृति दी थी।

हेमंत सोरेन ने कहा कि देश और राज्य के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना तब तक साकार नहीं हो सकती, जब तक महिला और पुरुष एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर न चलें। हम लोगों ने इसी को ध्यान में रखकर महिलाओं को आगे लाने के लिए यह कदम उठाया है। हमारे पहले की सरकारों ने महिला सशक्तीकरण की बातें तो बहुत की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हमने जब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि देने की शुरुआत की, तब हमारा मजाक उड़ाया गया। जब हमने यह राशि ढाई हजार रुपए करने का वादा किया, तो विपक्षियों ने इसे लेकर भी दुष्प्रचार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतना पैसा सरकार कहां से लाएगी आज हमने उन्हें जवाब दे दिया है। सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम उनकी तरह नहीं, जो अपने किए वादे से मुकर जाएं या झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करें।

## भूकंप से कांपी तीन देशों की धरती, बिहार में 17 सेकेंड तक महसूस हुए झटके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों सहित नेपाल , चीन से लेकर तिब्बत तक मंगलवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। नेपाल में तेज भूकंप आने के चलते बिहार में धरती डोली। बिहार के कई जिलों में इसका असर दिखा। बिहार के पटना , मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, मुंगेर, शिवहर और सारण में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल में भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत में था।

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) के अनुसार, भूकंप तिब्बत के शिजांग में रहा। भूकंप के झटके नेपाल और भारत के बिहार, असम और सिक्किम में भी महसूस हुए। वहीं, बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में भी धरती हिली। तिब्बत में रुक-रुक कर झटके महूसस किए जा रहे हैं।

जब भूकंप आया, उस समय मैं सो रही थी। बिस्तर हिल रहा था और मुझे लगा कि मेरा बच्चा बिस्तर हिला रहा है। मैंने इस पर ज़्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन खिड़की के हिलने से मुझे लगा कि यह भूकंप है। फिर मैंने जल्दी से अपने बच्चे को बुलाया और घर से बाहर निकलकर खुले मैदान में आ गई। मैं अभी भी डर के मारे कांप रही हूं और सदमे में हूं।

एक अन्य निवासी बिप्लोव अधिकारी ने कहा कि मैं शौचालय में थी, मैंने देखा कि दरवाजा हिल रहा था। भूकंप महसूस होते ही मैं जल्दी से नीचे खुली जगह पर आ गई। मेरी मां भी डर गई थीं। दरअसल, पृथ्वी की चार प्रमुख परतें हैं, जिसे इनर कोर, आउटर कोर, मेंटल और क्रस्ट कहते हैं। जानकारी के अनुसार, पृथ्वी के नीचे मौजूद प्लेट्स घूमती रहती हैं, जिसके आपस में टकराने पर पृथ्वी की सतह के नीचे कंपन शुरू होता है। जब ये प्लेट्स अपनी जगह से खिसकती हैं तो भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

## एक अफसोस रह गया..., 9 साल पीएम रहने के बाद जस्टिन ट्रूडो को किस बात का पछतावा?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा के 23वें प्रधान मंत्री और एक दशक से अधिक समय तक लिबरल पार्टी के नेता रहे जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस्तीफे का एलान किया है। लगभग 9 साल तक अपने कार्यकाल में रहने के बाद ओटावा में एक खचाखच भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में, 53 साल के नेता ने अपनी उपलब्धियों, चुनौतियों और एक अनोखे अफसोस पर भी बात की। जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, इस साल देश में होने वाले आम चुनाव से पहले उन्हें पद छोड़ना पड़ा है। इस वजह से उन्हें एक बात का पछतावा रह गया।

अगर मुझे किसी बात का पछतावा है, खासकर जब हम इस चुनाव के करीब पहुंच रहे हैं। तो मैं चाहता हूं कि हम इस देश में अपनी सरकारों को चुनने के तरीके को बदल सकें ताकि लोग एक ही बैलेट पेपर पर अपना दूसरा या तीसरा विकल्प चुन सकें। उन्होंने कहा वो चुनाव की



प्रक्रिया में बदलाव चाहते हैं। ट्रूडो ने आगे कहा, देश को अगले चुनाव में एक सही विकल्प मिलना ही चाहिए। जब उन्होंने 2015 में लिबरल्स को पहली बार जीत दिलाई, तो ट्रूडो को एक प्रगतिशील की मशाल लेकर चलने वाला बताया गया। ट्रूडो ने कई वादे किए जलवायु कार्रवाई और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों की वकालत की।

बढ़ती लीविंग कॉस्ट और अपनी ही पार्टी के अंदर पनपे असंतोष के अलावा कई मुद्दों पर आलोचना का सामना करते हुए, ट्रूडो ने एक कठिन चुनाव अभियान का सामना करने के बजाय पीछे हटने का विकल्प चुना।

ट्रूडो चाहते थे, देश में रैंकिंग सिस्टम के हिसाब से वोटिंग हो। उनके प्लान के मुताबिक, वोटों की गिनती के बाद अगर किसी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला तो इसके बाद उस उम्मीदवार को चुनाव की दौड़ से हटा दिया जाता, जिन्हें वोटर्स ने सबसे कम ऑप्शन के तौर पर चुना है, और उनके बैलट दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार के मुताबिक ट्रांसफर कर दिए जाते हैं। ये प्रोसेस तब तक चलता जब तक कि किसी एक उम्मीदवार 50 फीसदी प्लस वन वोटों के साथ जीत नहीं जाता।

# ईरान में 901 लोगों को हुई मौत की सजा

## इनमें 31 महिलाएं भी शामिल, खामेनेई शासन पर लगा भय फैलाने का आरोप

एजेंसी

**जेनेवा।** ईरान में पिछले साल 901 लोगों को मौत की सजा दी गई है। इसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने किया है। पिछले साल दिसंबर महीने के सिर्फ एक हफ्ते में लगभग 40 लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई। संयुक्त राष्ट्र ने ईरान से तुरंत फांसी की सजा पर रोक लगाने की मांग की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के प्रमुख वोल्कर तुर्क का कहना है कि ईरान में मौत की सजा पाने वाले लोगों की संख्या में हर साल इजाफा हो रहा है। यह बेहद परेशान करने वाली बात है। 2024 में ईरान में 901 लोगों को मौत की सजा दी गई। वोल्कर ने आगे कहा कि अब समय आ चुका है कि ईरान को इसे रोकना होगा।

एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक ईरान चीन को छोड़कर बाकी अन्य देशों की तुलना में सलाना सबसे अधिक लोगों को मौत की



सजा देता है। हालांकि विश्वसनीय आंकड़ों की कमी है। ईरान में हत्या, नशीले पदार्थों की तस्करी, दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। ईरान में मौत की सजा के बढ़ते चलन से मानवाधिकार कार्यकर्ता चिंतित हैं।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक पिछले साल ईरान में दी गई फांसी के ज्यादातर मामले नशीली दवाओं से जुड़े थे। इसके अलावा 2022 के विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों को भी मौत की सजा दी गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पर मृत्युदंड के माध्यम से ईरानी समाज में भय पैदा करने का आरोप लगाता है। ईरान में बड़ी तादाद में महिलाओं को भी फांसी की सजा सुनाई जाती है। नॉर्वे स्थित ईरान मानवाधिकार ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि ईरान में 2024 में 31 महिलाओं को भी मौत की सजा सुनाई गई। यह संस्था ईरान में मृत्युदंडों के मामलों पर बारीकी से नजर रखती है।

वोल्कर तुर्क ने कहा कि हम सभी परिस्थितियों में मृत्युदंड का विरोध करते हैं। यह जीवन के मौलिक अधिकार के साथ असंगत है। इसके अलावा निर्दोष लोगों को फांसी देने के जोखिम को भी बढ़ाता है। संयुक्त राष्ट्र ने ईरानी अधिकारियों से फांसी की सजा देने पर रोक लगाने की अपील की।

## तुमकुर में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर मौत

**तुमकुर।** तुमकुर में मंगलवार सुबह जिला मुख्यालय शहर के ओबालापुर गेट के पास मंगलवार सुबह एक बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक अशोक मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। यह घटना मधुगिरी तालुक के कोराटागेरे रोड पर ओबालापुरा गेट के पास हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद आसिफ (12), मुमताज (38) और शाकिर हुसैन (48) के रूप में हुई है। ये सभी मधुगिरी तालुक के गुड्डेनहल्ली गांव के निवासी रहने वाले थे। तीनों व्यक्ति बाइक पर यात्रा कर रहे थे। तभी बाइक और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर ही बाइक सवार तीनों लोगों को मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में कोरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि हाल ही में कर्नाटक में जिले के हुलाकोटी गांव के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी। कार अचानक अनियंत्रित हो गई और हुलाकोटी गांव के पास डिवाइडर से जा टकराई थी। इस हादसे में दो लोगों की मौत गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# एकजुट पीडीए लेगा बाबासाहब के अपमान का बदला: राकेश

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी जौनपुर की नववर्ष 2025 की प्रथम मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में होटल रिवर व्यू में दिन में 11 बजे संपन्न हुई। सर्वप्रथम ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने सदन को एजेंडे से अवगत कराते हुए प्रदेश से आए प्रपत्र से अवगत कराया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर के प्रभारियों, बूथ प्रभारियों एवं अध्यक्षों के साथ मतदाता सूची का अवलोकन और सत्यापन समय से कर लें और विधानसभावार रिपोर्ट तैयार कर लें।जो भी नाम गलत तरीके से काटे या जोड़े गए हैं या नए नाम जोड़ने से छूट गए हों इन सब को पूरी तन्मयता से देखकर ज़िला पार्टी को रिपोर्ट प्रेषित करें।आगामी 27 जनवरी से बाबासाहब के सम्मान में पीडीए चर्चा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें ताकि सफलता पूर्वक उक्त पीडीए चर्चा कार्यक्रम ज़मीनी स्तर पर सफलता पूर्वक संपादित कराया जा सके। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि एकजुट पीडीए ही लेगा बाबासाहब के अपमान का बदला। संविधान, आरक्षण बचाने एवं जातीय जनगणना कराने के लिए बाबासाहब के सम्मान में पीडीए एकजुटता आवश्यक हो गई है। इस अवसर पर महेंद्र यादव (नेपाल यादव) को ज़िला उपाध्यक्ष एवं अजय विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष सहित मंचासीन नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा बधाई भी दिया।समाजवादी छात्रसभा के प्रमुख महासचिव के पद पर सौरभ यादव एवं ज़िला उपाध्यक्ष के पद पर रवि यादव एवं सत्या यादव का मनोनयन किया गया।बैठक को विधायक पंकज पटेल, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव,पूर्व मंत्रीगण श्रीराम यादव, दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, हिसामुद्दीन शाह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।बैठक का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायल, गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के थाना खेतासराय एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के साथ एक अन्तर्जनपदीय गौ-तस्कर का सक्रिय सदस्य, हिस्ट्रीशीटर, 25 हजार रुपये का इनामिया अपराधी मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार हो गया। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस बिना नम्बर की सुपर स्पलेण्डर बाइक बरामद हुई। अरविन्द कुमार वर्मा ,अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि थानाध्यक्ष रामाश्रय राय पुलिस टीम व स्वाट टीम प्रथम निरीक्षक विनीत राय पुलिस टीम के द्वारा 25 हजार रूपये का इनामिया गौ-तस्कर वांछित अभियुक्त ताजिम उर्फतहजीम उर्फ तंजीम पुत्र नसीम अहमद निवासी ग्राम रानीमऊ थाना खेतासराय को आपरेशन टू-व्हीलर के दौरान सोंगर बार्डर पर चेकिंग करते समय रोकने पर पुलिस बल पर फायर कर भागते हुए पीछा कर अमरेथुआ मोड़ से आगे पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। बदमाश द्वारा चलायी गयी गोली थानाध्यक्ष खेतासराय के पहने हुए बुलेट प्रूफ जैकेट मे लगी जिससे वे बच गये। तत्पश्चात पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायल हुआ जिसके बाये पैर मे घुटने के नीचे गोली लगी। बदमाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस बिना नम्बर की सुपर स्पलेण्डर बाइक बरामद हुई।

# ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर व पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से कम पानी में बढ़ रहा उत्पादन

**'पर ड्राप मोर क्राप' माईक्रोइरीगेशन योजना**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा अवगत कराया गया कि कृषक विजय बहादुर मौर्य ग्राम धर्मापुर विकास खंड धर्मापुर मिनी स्प्रिंकलर 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उद्यान विभाग से अनुदान पर लगाया था, जिसमें मटर, लहसुन, पालक, सोया, मेंथी की खेती करता है। अभी मौजूदा समय में उसके पास मटर, लहसुन, सोया, पालक, मेंथी आदि सब्जी लगा है। कृषक विजय बहादुर मौर्य ने बताया कि मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की वजह से खेती बहुत आसान हो गई है, खेती की लागत से लगभग 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। मिनी स्प्रिंकलर की सिंचाई करने से कीटाणु धुल जाते है, कम से कम दवा/खाद के छिड़काव की आवश्यकता होती है, इसी प्रकार प्रगतिशील किसान राजदेव यादव, ग्राम केशवपुर वि0ख0 सिरकोनी ने 01 हे0 में ड्रिप सिचाई पद्धति का प्रयोग करके खीरा की खेती में अच्छा मुनाफा कमा रहें है। कृषक द्वारा बताया गया है कि ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से पानी की बचत होती है, गुणवक्तायुक्त उत्पादन में वृद्धि प्राप्त होती है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि इस वर्ष ड्रीप सिंचाई पद्धति का लक्ष्य 570 हेक्टेयर, मिनी स्प्रिंकलर 82 हे0, पोर्टेबल स्प्रिंकलर 1049 हे0 एवं लार्ज वाल्यूम (रेंनगन) 220 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए एक हेक्टेयर क्षेत्रफल पर ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति स्थापित करने पर 90 प्रतिशत का अनुदान लघु सीमांत/सीमांत कृषकों को तथा 80 प्रतिशत का अनुदान सामान्य कृषकों को दिया जाता है। इस प्रकार पोर्टेबल स्प्रिंकलर लार्ज वाल्यूम (रेन गन) का प्रति हेक्टेयर स्थापित करने पर 75 प्रतिशत लघु सीमांत/सीमांत तथा 65 प्रतिशत सामान्य कृषकों को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों के प्रक्षेत्र पर सिंचाई व्यवस्था हेतु नलकूप लगा होना चाहिए, आवश्यक प्रपत्र के लिए कृषक की स्वयं की जमीन की खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं एक नवीनतम फोटो पासपोर्ट साइज के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर में उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## असलहे के बट से प्रहार कर मोबाइल की लूट

**जौनपुर।** थाना सुरेरी क्षेत्र के सुरेरी गांव मे मंगलवार को सोनाटा फाइनेंस कम्पनी के एजेंट गांव से किस्त लेकर जैसे ही गांव मे स्थित कोठिया की बारी चौराहे के पास पंहुचा था की पीछे की तरफ से पहुँचे अज्ञात पल्सर एवं अपाचे मोटरसाइकिल सवार अज्ञात चार बदमाशों ने मंगलवार की दोपहर फाइनेंस कंपनी के एजेंट को रोककर उससे पैसे की बैग छीनने लगे विरोध करने पर उसे मारे पीटे भी तथा असलहे की बट से प्रहार कर 55000 रूपये नगदी समेत एक कीमती मोबाइल लूट कर फरार हो गए। जिसकी सूचना घायल पीड़ित ने किसी राहगीर की मोबाईल से 112 की पुलिस को सूचना दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एजेंट को अपने साथ लेकर बदमाशों की खोजबीन में जुटी गई चर्चा है की जिस रास्ते से होकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश निकले थे वहीं कुछ पुलिसकर्मी खड़े थे लेकिन ज़ब तक वे कुछ समझ पाते तब तक उनके सामने से बदमाश निकल लिए । घटना की लिखित सुचना पीड़ित एजेंट सुदीश कुमार मौर्या ने सुरेरी पुलिस को दे दिया है। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने बताया शिकायत मिली जाँच की जा रही हैं।

## रील पर तमंचा लहराने वाला युवक पहुंचा सलाखों के पीछे

**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के कबूलपुर बाजार से सोमवार की शाम को तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।युवक रील पर तमंचा लहरा रहा था।जलालपुर क्षेत्र के हुसेपुर गांव निवासी दीपक पाल पुत्र दिनेश पाल एक दिन पहले रील पर अवैध तमंचा लहरा था।थानाप्रभारी जफराबाद जयप्रकाश यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक पाल कबूलपुर बाजार में एक दुकान के पास मौजूद है।वे मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।उन्होंने घेरेबन्दी करके युवक को गिरफ्तार कर लिया।पकड़ने के बाद पुलिस ने उसके निशानदेही पर एक तमंचा व एक कारतूस बरामद कर लिया।युवक का चालान भेज दिया गया।

# एनसीसी के 15 सदस्यीय साइक्लोथोन दल का शहर आगमन पर हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश एनसीसी के 15 सदस्यीय साइक्लोथोन दल का शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मंगलवार को मेरठ से 2025 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले 15 सदस्यीय दल का पूनम यादव ने तिलक पैलेस के प्रांगण से झंडी दिखाकर स्वागत किया। पांच छात्राओ सहित यह दल प्रदेश में 1857 की क्रांति के प्रमुख स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नगर वासियों को इस ऐतिहासिक घटना की पूरी जानकारी देगा और युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों के बलिदानों की याद दिलाते हुए खुद को सशक्त भारत बनाने की प्रति प्रतिबद्ध करेगा। रोजाना औसतन 113 किलोमीटर की 18 दिवसीय यात्रा के अंत में इस दल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की श्रृंखला में आयोजित एनसीसी की पीएम रैली के दौरान फ्लैग इन किया जाएगा। ज्ञात हो कि अंग्रेजों से पहले 2000 वर्षों में भारत अनेक साम्राज्य या छोटे राजघराने द्वारा शासित किया जाता था । इसी का 1857 की क्रांति को सही मायने में भारतीय आजादी का प्रभाव प्रथम युद्ध कहा जाता है। उक्त कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन विकास कुमार पंजियार ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय वाराणसी, कर्नल शंकर सिंह गौतम सीओ-96 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी, लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन सिंह एडम अफसर 96 उत्तर प्रदेश एनसीसी कर्नल निकेत सिंह नेगी सीओ 98 उत्तर प्रदेश में एनसीसी डॉक्टर एसपी सिंह प्रधानाचार्य तिलकधारी इंटर कॉलेज जौनपुर , बृजेश कुमार यादव डायरेक्टर बाबा बायोटिक एंड रिसर्च सेंटर बदलापुर सूबेदार फिलिस नयाब सूबेदार विगेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दिगंबर अनी अखाड़ा के स्टोर रूम में आग से अफरातफरी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला स्थित सेक्टर 20 में दिगंबर अनी अखाड़े के स्टोर रूम में सोमवार की देर रात आग लग गई। हालांकि लपटें उठने से पहले काबू पा लिया गया। हालांकि साधु-संतों में खलबली मची रही। फायरकर्मियों ने गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर आग को कंट्रोल कर लिया। तीन फायर टेंडर की मदद से करीब दस मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। हर सेक्टर में फायर सर्विस के इंतजाम की वजह से आग पर तत्काल काबू हो सका।

अचानक से दिगंबर अनी अखाड़े के स्टोर रूम से धुआं उठने लगा। धुएं की वजह से मय रहने आग के बारे में पता चल गया। सूचना मिलते ही फायरकर्मी पहुंच गए। स्टोर रूम में रखे एक सिलेंडर में आग लगी थी। फायरकर्मी विवेक सिंह, चंदन सिंह व गुलजारी सिंह चौहान स्टोर रूम में दाखिल हो गए और आग लगे सिलेंडर को बाहर निकाल लाए। टेंट का कूछ सामान जला लेकिन फायर कर्मियों ने स्टोर रूम से गैस सिलेंडर को बाहर निकाल दिया। अखाड़े में मौजूद साधु-संतों ने बताया कि स्टोर रूम में रखे पुआल, तार व अन्य कुछ सामान जला है। फायरकर्मी समय रहते आग पर काबू न पाए होते तो बड़ी क्षति होती। सीएफओ महाकुंभ प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग किन कारणों से लगी इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, हुआ भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज आज मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे। अंदावा मोड़ पर ब्रम्हचारी मुकुन्दानन्द के नेतृत्व में अगुवानी करते हुए भब्य स्वागत किया गया। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचने पर वहां के महंत श्रीधरानन्द जी ने वहां पर स्वागत किया। शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार उपस्थित रहे। कल 8 जनवरी को सुबह जगद्गुरु शंकराचार्य जी तीर्थ राज प्रयागराज की त्रिशक्ति महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती स्वरूपा भगवती कल्याणी देवी भगवती ललिता देवी, भगवती अलोपशंकरी देवी जी और साथ ही भगवान वेणीमाधव के दर्शन करेगें। 9 जनवरी को शंकराचार्य कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। उक्त जानकारी शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

### कुम्भ मेला 2025: स्पेशल गाइड्स की भौतिक यात्रा शुरू

**प्रयागराज।** पर्यटन विभाग द्वारा संचालित टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शुरू हो गया है। एक होटल में पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसके उपरांत स्पेशल गाइड लाइन की टीम गठित कर उस पर जोर दिया गया। महाकुम्भ मेला जनवरी 2025 में शुरू होने जा रहे है। जिसमे करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ ही देश-विदेश से भी पर्यटक आएंगे। पर्यटकों को प्रयागराज के धार्मिक पौराणिक महत्व के साथ ही दार्शनिक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए विशेष गाइड तैयार किए जा रहे हैं। प्रशिक्षित गाइड बनाने के लिए स्थानीय लोगों को भी गाइड की ट्रेनिंग दी गयी है। पर्यटन विभाग की तरफ से महाकुम्भ मेले की शुरुआत से पहले विशेष गाइड तैयार किये जा रहे हैं। जिसके लिए चरणवार तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एक होटल में पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और एमकेआईटीएम की तरफ से लगभग एक हजार तक लोगों को ट्रेंनिंग दी गयी। विभाग की तरफ से ड्रेस, गाइड किट और प्रमाण पत्र मिलेगा।

### अवि का शतक, रुद्र, कार्तिकेय, अवनीश और चंद्रशेखर भी चमके



**प्रयागराज।** अवि कुमार के शतक (124 रन नाबाद, 91 गेंद, 19 चौके), रुद्र प्रताप (73 नाबाद, 43 गेंद, 12 चौके एवं एक विकेट), कार्तिकेय सिंह (73 रन, 64 गेंद 13 चौके एवं एक विकेट) और अवनीश सिंह (7-2-23-4) एवं चंद्रशेखर (7-0-44-4) के प्रदर्शन से विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने भवम क्लब को 119 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने मंगलवार को अपने मैदान पर 35 ओवर में तीन विकेट पर 304 रन (अवि कुमार 124 नाबाद, रुद्र प्रताप 73 नाबाद, कार्तिकेय सिंह 73, आयुष त्रिपाठी 1/42, प्रांजल यादव 1/51, इस्माइल 1/71) बनाकर भवम क्लब को 33 ओवर में 185 रन (अखिलेश यादव 47, ऋषभ श्रीवास्तव 42, अवनीश सिंह 4/23, चंद्रशेखर 4/44, कार्तिकेय सिंह 1/25, रुद्र प्रताप 1/42) पर समेट दिया। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# जागरूक होकर जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य को रखे स्वस्थ्य: डॉ. खुशबू

**निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 57 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि मौसम काफी ठंड है ऐसे में शरीर पर गर्म कपड़े का प्रयोग करें व कानों को अच्छी तरह बांध के रखें जिसे ठंड हवा ना लगे व खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ गुनगुना पानी पिए और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। उन्होंने कैम्प का लाभ उठाने वाली महिलाओं से कहाकि अब से यह कैम्प महीने के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 57 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के मारपीट में एक की मौत

**आजमगढ़।** जनपद के पवई थाना क्षेत्र के गालिबपुर में सोमवार की देर रात भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में एक पक्ष से एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से ही मृतक के घर मातम छाया हुआ है। पवई थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव निवासी लालू (38) पुत्र ससेनु का उनके पट्टीदारों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। दो दिन पूर्व दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें पट्टीदारों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसी बात को लेकर सोमवार की रात करीब 11 बजे दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षियों ने लालू को जमकर लात- घुसों से मारा-पीटा। इस दौरान लालू के घर पर कोई मौजूद नहीं था। गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। लेकिन तब कर लालू की मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक लालू की पत्नी को मिली तो वह भी अपने बच्चों संग रात एक बजे घर पहुंच गई। पीड़िता ने इसकी शिकायत तत्काल पुलिस की डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पवई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक लालू चार पुत्रियों का पिता था।

# बाइक सवार चार बदमाशों ने नकदी सहित शराब की पेटी लूटी



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के केवटिया गांव में स्थित देशी शराब की दुकान में मंगलवार की सुबह बाइक सवार तीन से चार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने न सिर्फ तीन पेटी शराब व 45 हजार रुपये लूटे बल्कि सेल्समैन के साथ मारपीट भी की। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। जांच में सामने आया है कि इन्हीं अभियुक्तों द्वारा बिलरियागंज में भी शराब के ठेके पर लूट की गई थी। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि रौनापार थाना क्षेत्र के केवटिया गांव में स्थित देशी शराब की दुकान है। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे सूचना मिली कि कुछ बदमाश शराब की दुकान पर आए और तीन पेटी शराब व पेटी में रखे 45 हजार रुपये लूट लिए। वहां मौजूद सेल्समैन ने उनका विरोध किया तो उसे भी मारपीट कर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही रौनापार थाना प्रभारी व सीओ सगड़ी भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए। वहीं, एसपी ग्रामीण चिराग जैन भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उक्त बदमाशों ने ही बिलरियागंज में शराब की दुकान में हुई लूट की घटना को अंजाम दिया था।

## वाराणसी मार्ग से 16, कानपुर से 14 और मिर्जापुर मार्ग से 12 प्रतिशत तक आ सकता है ट्रैफिक

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में यातायात को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। यातायात पुलिस ने प्रमुख स्नान पर्व और सामान्य दिनों के लिए यातायात योजना तैयार कर ली है। प्रयागराज आने वाले सभी 7 प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। ऐसा अनुमान है कि जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्गों से सर्वाधिक ट्रैफिक आ सकता है, जबकि कानपुर और मिर्जापुर मार्ग से भी बड़े पैमाने पर लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में आने वाले लोगों को बिना किसी असुविधा के पावन स्नान कराने के लिए यातायात को सुदृढ़ किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है और यातायात पुलिस सभी के स्वागत को तैयार है। यातायात पुलिस के द्वारा तैयार की गई यातायात योजना के अनुसार विभिन्न दिशाओं से महाकुम्भ मेला और कमिश्नरेट क्षेत्र में आने के 7 प्रमुख मार्ग हैं। इनमें जौनपुर मार्ग, वाराणसी मार्ग, मिर्जापुर मार्ग, रीवा/बांदा मार्ग, कानपुर मार्ग, लखनऊ मार्ग और प्रतापगढ़ मार्ग शामिल हैं।

# एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

**एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। एस.यू.डी. लाइफ के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर प्रशांत शर्मा के मुताबिक, ÷यह फंड उन लोगों के लिए है जो मिडियम से हाई रिस्क लेने के लिए तैयार हैं और लंबे समय में अपने निवेश को बढ़ाना चाहते हैं। अगर आप अपने पोर्टफोलियो में स्मार्ट और मोमेंटम-ड्रिवन निवेश जोड़ना चाहते हैं तो यह आपके लिए सही है।मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिज़नेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है। यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। यह इंडेक्स मिडकैप स्टॉक्स को उनके प्राइस मोमेंटम के आधार पर चुनता है। इसका मतलब है कि यह फंड उन कंपनियों में निवेश करता है, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और आगे ग्रोथ दिखा रही हैं। यह फंड आपको कम लागत में मिडकैप स्टॉक्स का डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाने का मौका देता है ताकि आप अलग-अलग सेक्टर्स की ग्रोथ का फायदा उठा सकें। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड के साथ आप मार्केट के ट्रेंड्स से आगे रह सकते हैं। यह फंड आपको भारत के मिडकैप मार्केट की ग्रोथ का फायदा उठाने के साथ-साथ आपको अपनी लाइफ इंश्योरेंस कवर को भी बनाए रखने का मौका देता है। आज ही निवेश करें और अपने भविष्य के लिए एक मजबूत कदम उठाएं। यह फंड वर्तमान में एस.यू.डी. लाइफ स्टार ट्यूलिप, एस.यू.डी. लाइफ वेल्थ क्रिएटर, एस.यू.डी. लाइफ वेल्थ बिल्डर और एस.यू.डी. लाइफ ई-वेल्थ रोयाल के तहत उपलब्ध होगा। इस पॉलिसी में निवेश का जोखिम पॉलिसीधारक को खुद उठाना होगा।

## भारत रक्षा दल पदाधिकारियों की बैठक

**आजमगढ़।** भारत रक्षा दल के प्रमुख पदाधिरियों की बैठक संगठन के कटरा स्थित कार्यालय पर द्वारकाधीश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में सर्वप्रथम दुर्गेश श्रीवास्तव ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तत्पश्चाप सभी वक्ताओं ने विगत वर्ष 2024 में संगठन द्वारा किए गए कार्यो व ना हो पाने वाले कार्यक्रमों पर अपने विचार व्यक्त किया. संगठन की नियमावली के अनुसार सभी कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। अतः सभी कार्यकारिणी भंग की जाती है। अब वर्ष 2025 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही करके सभी पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया जाएगा। बैठक के अंत में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि जाड़े का मौसम चल रहा है, सभी कार्यकर्ता अपने आसपास के जरूरतमंदों की सहायता सहयोग अपनी क्षमता के अनुसार करें और अन्य सहयोग के लिए कार्यालय को सूचित करें यहां से हर संभव मदद दी जाएगी।

# स्टेडियम रॉकर, रेलवे और सेवेन स्ट्राइकर्स ने जीते मैच

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** स्टेडियम रॉकर, रेलवे रिक्रिएशन क्लब और सेवेन स्ट्राइकर्स बीएचएस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेलकूद संघ के तत्वावधान में फाइव साइड पुरुष डे-नाइट फुटबाल प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। डीएसए मैदान पर सोमवार रात शुरू प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर मध्य रेलवे के क्रीड़ाधिकारी आशुतोष शर्मा ने किया।पहले मैच में स्टेडियम रॉकर ने सदर एफसी को 2-0 से हराया। दोनों गोल फ्रेंकी ने किये। फ्रेंकी को ही मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मैच में रेलवे रिक्रिएशन क्लब ने एनएफए को 8-2 से हराया। विजेता टीम के आशीष पाल ने चार, मोहम्मद हुसैन ने दो तथा शाहिद और सतीश ने एक-एक गोल किया। एनएफए के प्रशांत व हर्ष ने गोल किया। तीसरे मैच में सेवेन स्ट्राइकर्स बीएचएस ने एयू ब्वॉयज सीनियर को 3-1 से हराया। विजेता टीम के पीटर ने दो और अंकित चौधरी ने एक गोल किया। पराजित टीम के अच्यतम ने गोल किया। अंकित चौधरी को वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता वीरेंद्र वर्मा ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। उत्तर मध्य रेलवे मंडल खेल सचिव धर्मेंद्र कुमार निषाद ने अतिथियों का स्वागत और सह सचिव राकेश मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-543-24-1 (Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-THDPK-95-24-2 (Misc-Static-Services-Travel Help Desk/Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-PSKsk-96-24-1 (Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-MedStn-71-24-1 (Misc-Static-Services-Medical Facilities at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PFM-THDPK-93-24-2 (Misc-Static-Services- Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PFM-PSKsk-91-24-2 (Misc-Static-Services- Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

70/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सिंगापुर में धोखाधड़ी के शिकार लोगों की सुरक्षा के लिए कानून पारित, पुलिस को आदेश देने की छूट

**नई दिल्ली।** सिंगापुर ने मंगलवार को एक नया कानून पारित किया, जिसके तहत पुलिस को बैंकों को संभावित घोटाले के पीड़ितों के बैंकिंग लेनदेन को प्रतिबंधित करने का आदेश देने की शक्ति प्रदान की गई है। सिंगापुर के गृह और सामाजिक वपारिवारिक विकास राज्य मंत्री सन जुएलिंग ने संसद में विधेयक को दूसरी बार पेश करते हुए कहा कि घोटालों से सुरक्षा विधेयक ऐसे समय में लाया गया है जब ऐसे घोटाले सिंगापुर में एक गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं।

चैनल न्यूज एशिया ने सदन में मंत्री के बयान के हवाले से बताया, सर्वसम्मति से पारित यह विधेयक पुलिस को निर्णायक रूप से कार्य करने और घोटालेबाजों के खिलाफ हमारे शस्त्रागार में मौजूद कमी को पूरा करने की अनुमति देता है। विधेयक पुलिस और वाणिज्यिक मामलों के विभाग सहित निर्दिष्ट अधिकारियों को बैंकों को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने की अनुमति देगा, यदि इस बात का पता चले कि खाताधारक घोटालेबाजों को धन हस्तांतरित कर रहे हैं।

**जरूरत**

**गृह मंत्रालय (एमएचए) किसी व्यक्ति को और अधिक नुकसान से बचाने और उसे अनावश्यक रूप से असुविधा न पहुंचाने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत के प्रति सजग है।**

इन प्रतिबंधात्मक आदेशों के कारण धन हस्तांतरण, एटीएम सुविधाओं का उपयोग और सभी ऋण सुविधाएं निलंबित हो जाएंगी, हालांकि व्यक्तियों को दैनिक जीवन व्यय के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। सन ने सदन को बताया, इसका उद्देश्य पुलिस को और अधिक समय देना है ताकि वह व्यक्ति से संपर्क कर सके और उसे विश्वास दिला सके कि उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है, जिसमें उसके परिवार के सदस्यों की मदद लेना भी शामिल है।




उन्होंने कहा कि प्रतिबंध आदेश सात घरेलू प्रणालीगत महत्वपूर्ण बैंकों (डीएसआईबी) - डीबीएस, ओसीबीसी, यूओबी, सिटीबैंक, एचएसबीसी, मेबैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक- को प्रभावित करेंगे। इन बैंकों के पास सिंगापुर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के खाते हैं। ये आदेश गैर-डीएसआईबी बैंकों को भी जारी किए जा सकते हैं, यदि ऐसा मानने का कारण हो कि पीड़ित घोटालेबाजों को धन हस्तांतरित करेंगे।

सन ने कहा कि गृह मंत्रालय (एमएचए) किसी व्यक्ति को और अधिक नुकसान से बचाने और उसे अनावश्यक रूप से असुविधा न पहुंचाने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत के प्रति सजग है। कई सुरक्षा उपाय लागू हैं, जैसे प्रतिबंध आदेश केवल अंतिम उपाय के रूप में जारी किए जाएं, ÷यदि व्यक्ति को समझाने के सभी अन्य प्रयास विफल हो गए हों। सन ने कहा कि व्यक्ति प्रतिबंध आदेशों के विरुद्ध पुलिस आयुक्त के समक्ष अपील भी कर सकते हैं। गृह मंत्रालय यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो।

विधेयक प्रतिबंध आदेश की अवधि को ÷शुरू में अधिकतम 30 दिन तक सीमित कर देगा। यदि अधिकारी आवश्यक समझे तो प्रत्येक आदेश को पांच बार तक बढ़ाया जा सकता है।

# अंग्रेजों के समय शुरू हुई बजट की कहानी, ब्लैक से लेकर ड्रीम बजट भी हुए पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2025 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। माना जा रहा है कि इस बार पेश होने वाला केंद्रीय बजट मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की रुपरेखा तय करेगा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत हर वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले बजट पेश किया जाता है। यह किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली आमदनी और खर्चों से जुड़ा दस्तावेज होता है। हर साल 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल के 31 मार्च के बीच की अवधि को एक वित्तीय वर्ष कहा जाता है। आइए जानतें हैं देश के बजट से जुड़ी कुछ खास बातें।

**कहां से आया यह 'बजट' शब्द?**

बजट शब्द फ्रेंच भाषा के शब्द 'Bougette' से लिया गया है। इसका अर्थ होता है छोटा बैग फ्रेंच भाषा में यह शब्द लैटिन शब्द बुल्गा से लिया गया है। इसका अर्थ है अर्थ है चमड़े का थैला। प्राचीन समय में बड़े व्यापारी अपने सारे मौद्रिक दस्तावेज एक थैले में रखते थे। इसी तरह धीरे-धीरे इस शब्द का प्रयोग संसाधनों को जुटाने के लिए किए गए हिसाब-किताब से जुड़ गया। इस तरह सरकारों के साल भर के आर्थिक बही-खाते को नाम मिला बजट।

**देश का पहला बजट कब पेश किया गया?**

देश का पहला बजट 164 साल पहले अंग्रेजी शासन के दौरान पेश किया गया था। 1857 की क्रांति के महज तीन साल बाद इसे स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ जेम्स विल्सन ने ईस्ट इंडिया कंपनी की ओर से ब्रिटिश क्राउन के समक्ष पेश किया था। इस बजट को 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। केंद्रीय बजट के शुरुआती 30 वर्षों में इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर नाम के शब्द की कोई चर्चा नहीं थी। बजट में यह शब्द पहली बार 20 शताब्दी की शुरुआत में जुड़ा।

**आजाद भारत का पहला बजट किसने पेश किया?**

आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। इस बजट में किसी नए टैक्स की घोषणा नहीं की गई थी। इस बजट की कुल राशि का लगभग 46त्र लगभग 92.74 करोड़ रुपये रक्षा सेवाओं के लिए अलॉट किया गया था।

**एक वैज्ञानिक और देश के बजट का क्या कनेक्शन है?**

माना जाता है कि स्वतंत्र भारत के बजट की परिकल्पना प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने की थी। स्वतंत्र भारत के बजट की अवधारणा उन्होंने ही तैयार की थी। वे एक भारतीय वैज्ञानिक और सांख्यविद् थे। उन्होंने लन्दन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय से भौतिकी और गणित दोनों विषयों से डिग्री हासिल की थी।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो दो निवेश फैक्टर्स-अल्फा और लो वोलैटिलिटी, को एक साथ लाती है। निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स को ट्रैक करते हुए, फंड उन स्टॉक का चयन करता है जिन्होंने कम वोलैटिलिटी बनाए रखते हुए ऐतिहासिक रूप से जेनरेटड अल्फा का परफॉर्मेंस किया है। इस रणनीति का उद्देश्य अनिश्चित बाजारों में संबंधित स्थिरता प्रदान करते हुए मजबूत ग्रोथ के अवसरों को प्राप्त करना है। इन दो फैक्टर्स को मिलाकर, फंड बाजार साइकिल्स में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने, अपसाइड की ओर संभावित लाभ को लक्षित करने और डाउनसाइड की ओर जोखिम को कम करने का प्रयास करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) बुधवार, 08 जनवरी, 2025 को खुलेगा और सोमवार, 20 जनवरी, 2025 को बंद होगा। निवेशक लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड में निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। फंड के ऑफर्स के बारे में जानकारी देते हुए विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि आज निवेशकों को ऐसी रणनीतियों की आवश्यकता है जो महत्वाकांक्षा को सावधानी के साथ संतुलित करें। जबकि प्रत्येक निवेश फैक्टर लंबी अवधि में अतिरिक्त रिटर्न देने की रुझान रखता है, ये रिटर्न हमेशा कम समय के दायरे पर लगातार पॉजिटिव नहीं हो सकते हैं। यहीं पर हमारा मल्टी-फैक्टर एप्रोच फर्क डालती है। बंधन निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स फंड की रणनीति ग्रोथ क्षमता के लिए अल्फा को संबंधित स्थिरता के लिए लो वोलैटिलिटी के साथ जोड़ती है, जिसका लक्ष्य अलग-अलग बाजार स्थितियों में मजबूत जोखिम-एडजस्टेड रिटर्न देना है। निफ्टी अल्फा लो वोलैटिलिटी 30 इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से व्यापक बाजार सूचकांकों और सिंगल-फैक्टर सूचकांकों दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। व्यापक बाजार सूचकांकों की तुलना में कम या समान अस्थिरता स्तरों पर यह बेहतर प्रदर्शन हासिल किया है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रामनगर जिले में 400 नए केंद्रों को लाभान्वित करने के लिए आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम का विस्तार किया

**रामनगर।** सामुदायिक विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने टोयोटा आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम (टीएडीपी) के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी कर्नाटक सरकार के सहयोग से अपने इस कार्यक्रम की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है। 30 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) विकसित करने वाले शुरुआती चरण की सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम का विस्तार वित्त वर्ष 2023-24 में 150 केंद्रों तक किया गया। इसके प्रभाव को समझते हुए, इस पहल का विस्तार अब दिसंबर 2024 से मार्च 2026 तक रामनगर जिले में 400 अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों तक बढ़ाया जा रहा है। इस विस्तारित पहल के भाग के रूप में, टीकेएम ने 03 जनवरी 2025 को एक दिवसीय ओरियंटेशन और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रामनगर के सीईओ श्री दिग्विजय बोडके, आईएएस और महिला व बाल विकास विभाग के उप निदेशक श्री एससी पद्मराजू भी उपस्थित थे। यह आयोजन 400 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए था।

प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को समग्र बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों और उपकरणों से सशक्त बनाना था। टोयोटा आंगनवाड़ी विकास कार्यक्रम चार प्रमुख स्तंभों के जरिये प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर करता है। यह आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) को सौंदर्य, सुरक्षा और कार्यक्षमता पर केंद्रित करते हुए सुरक्षित, आकर्षक स्थानों में अपग्रेड करता है। जीवन कौशल विकसित करने के लिए अभिनव उपकरणों, स्थानीय स्तर पर प्राप्त सामग्री और अच्छी आदत वाली पुस्तकों के माध्यम से गतिविधि-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है। शिक्षकों को खासतौर से तैयार प्रशिक्षण मॉड्यूल, जो 40 घंटे का एक अंग्रेजी पाठ्यक्रम है और व्यावसायिक विकास के एक व्यापक मैनुअल से लाभ होता है। बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों, सहायकों के लिए स्वच्छता के साथ खाना पकाने के प्रशिक्षण और ताजा, पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए रसोई उद्यानों के साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में टीएडीपी के व्यापक 4 स्तंभ वाले रुख ने उपस्थिति, सीखने के परिणामों और सामुदायिक भागीदारी में मापने योग्य सुधार आया है। बुनियादी ढांचे, सीखने के नवाचारों, शिक्षक प्रशिक्षण और स्वास्थ्य व स्वच्छता को प्राथमिकता देकर, कार्यक्रम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि बच्चों और उनके समुदायों की भलाई में भी योगदान देता है।

# कॉयनस्विच ने रिकवरी प्रोग्राम 'कॉयनस्विच केयर्स' की घोषणा


**लखनऊ।** 2 करोड़ से अधिक यूज़र्स के लिए भारत के अग्रणी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने रु 600 करोड़ के रिकवरी प्रोग्राम 'कॉयनस्विच केयर्स' की घोषणा की है, जो जुलाई 2024 के कथित वज़ीरएक्स साइबर अटैक से प्रभावित यूज़र्स की मदद के लिए रिकवरी प्रोग्राम है।हमारा यह प्रोग्राम निवेशकों के खोए भरोसे को लौटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'' आशीष सिंघल, सह-संस्थापक, कॉयनस्विच ने कहा। यह धनराशि दो साल की अवधि के लिए निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य यूज़र्स के नुकसान की भरपाई करना और साथ ही भारतीय क्रिप्टो कम्युनिटी के विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से प्रभावित यूज़र अपने नुकसान की भरपाई कर सकते हैं, रिवॉर्ड्स अर्न कर सकते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ मार्केट में फिर से प्रवेश कर सकते हैं। 'कॉयनस्विच में हम अपने यूज़र्स को प्राथमिकता देते हैं। कॉयनस्विच केयर्स के माध्यम से हम मुश्किल समय में भारतीय क्रिप्टो कम्युनिटी को सहयोग प्रदान करते हुए उनके दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करना चाहते हैं।''हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूज़र मार्केट के मौजूदा अवसरों से चूक न जाएं और अपने क्रिप्टो को जल्द से जल्द काम पर लगाएं। इससे न सिर्फ उनके नुकसान की भरपाई बल्कि ट्रेडिंग से कमाई की संभावना भी बढ़ेगी।'' सिंघल ने कहा। साइन अप करे और रेफरल रिवॉर्ड आज से ही पायें। यह रिवॉर्ड 7 फरवरी, 2025 से क्रेडिट किए जाएंगे। इन सभी प्रयासों से 4 मिलियन से अधिक प्रभावित यूज़र्स को फाइनैंशियल राहत मिलेगी और भारतीय क्रिप्टो सिस्टम में उनका भरोसा फिर से बनेगा।

# फिजिक्सवाला (पीडब्लू) विद्यापीठ अब शैक्षणिक वर्ष 25-26 के लिए भारत भर में 150+ केंद्रों का ऑफलाइन नेटवर्क बना चुका है

PW VIDYAPEETH
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

**लखनऊ।** कोटा के वार्षिक कार्यक्रम - दिशा 2025 - के दौरान छात्रों के बीच, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडे ने कहा, शिक्षकों के रूप में, यह देखना हमारे लिए बेहद दुखद है जब छात्र निराश होकर कठोर कदम उठाते हैं। हम उनकी आशा बनना चाहते हैं। आज मैं आप सभी से निवेदन करता हूं - हमारे साथ इस प्रयास में जुड़ें ताकि हम आपदाओं को टाल सकें। हमारी 24×7 देशव्यापी मुफ्त हेल्पलाइन - प्रेरणा का उपयोग करें और जब भी आपको तनाव या परेशानी महसूस हो, सहायता लें।÷ इसके अलावा, उन्होंने 20 जनवरी 2025 तक सभी ऑफलाइन बैचों पर आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 30 प्रतिशत छूट की घोषणा भी की।वर्तमान में फिजिक्सवाला (पीडब्लू) भारत के 20 राज्यों में 150 से अधिक विद्यापीठ और पाठशाला केंद्र खोल चूका है। इनमें से लगभग दस केंद्रों में विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम (वीपीआरपी) भी उपलब्ध है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए, पीडब्लू ने कई नए शहरों में केंद्र खोलकर अपने ऑफलाइन नेटवर्क का विस्तार किया है, जिनमें डिब्रूगढ़, चेन्नई और उदयपुर शामिल हैं। चेन्नई में केंद्र खोलना तमिल नाडु राज्य में पीडब्लू का पहला ऑफलाइन प्रवेश है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सरकार ने जताया अनुमान, पिछली बार की तुलना में हुई बड़ी कटौती



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से जुड़ा पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसका अनुमान पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में काफी कम है। आइए जानते हैं एनएसओ ने अपने पूर्वानुमान में क्या कहा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मंगलवार को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से जुड़ा अपना पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। एएसओ के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.4 प्रतिशत रह सकती है। एनएसओ की ओर से वृद्धि दर का जताया गया अनुमान पिछले वित्त वर्ष की वृद्धि दर की तुलना में काफी कम है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी।

यह अनुमान मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया अनुमान 6.6 प्रतिशत से कम है।

2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए, एनएसओ ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान (पीई) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने की बात कही है।

# बीएल एग्रो ने अपनी सीएसआर पहल के तहत राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 के विजेताओं को पांच साल तक समर्थन देने का संकल्प लिया

**झाँसी।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 में उत्तर प्रदेश के एथलीटों की अभूतपूर्व उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं के लिए एक व्यापक पांच वर्षीय सहायता कार्यक्रम की घोषणा की है। बीएल एग्रो के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का एक हिस्सा यह पहल पैरा-एथलीटों को अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है।

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक और यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक आशीष खंडेलवाल ने पैरा-एथलेटिक्स की प्रशंसा करते हुए कहा हमारे पैरा-एथलीटों द्वारा प्रदर्शित धैर्य और दृढ़ संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें और भारत को गौरवान्वित किया है। बीएल एग्रो में, हम इस प्रतिभा को पोषित करना चाहते हैं और इन चैंपियनों को उत्कृष्टता की उनकी यात्रा जारी रखने में मदद करना चाहते हैं। इस पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए आवश्यक सभी संसाधन हों।



इस पहल की खेल समुदाय के दिग्गजों ने सराहना की। यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की चेयरमैन डॉ. दीपा मलिक ने कहा, ÷सम्मान महत्वपूर्ण है, लेकिन निरंतर समर्थन ही वह चीज है जो क्षमता को स्थायी प्रभाव में बदल देती है। बीएल एग्रो की प्रतिबद्धता भारतीय पैरा खेलों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगी। इस तरह के निरंतर समर्थन से अधिक प्रतिभाओं को बढ़ावा मिल सकता है और एथलीटों के जीवन में सार्थक बदलाव आ सकता है। ये पुरस्कार भारतीय खेलों में उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में 17 जनवरी, 2025 को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सम्मानित होने वालों में शामिल हैं-

प्रवीन कुमार (पैरा-एथलेटिक्स-पुरुष ऊंची कूद)- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्ता।

प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स - महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर)

अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स - पुरुष जेवलिन)

सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स - महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर)- प्रत्येक को 2024 का अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस प्रतिज्ञा के तहत, बीएल एग्रो विजेताओं को उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अत्याधुनिक खेल उपकरणों, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन और विश्व स्तरीय कोचिंग सुविधाओं तक पहुंच के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कंपनी इन एथलीटों के लिए समग्र विकास और निरंतर उत्कृष्टता सुनिश्चित करेगी।

बीएल एग्रो की पहल भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक के रूप में अपनी सफलता का लाभ उठाने के अपने दृष्टिकोण का प्रमाण है, ताकि सामाजिक प्रभाव बढ़ाते हुए समावेशिता को बढ़ावा दिया जा सके। इसमें उभरते पैरा-एथलीटों के लिए मेंटरशिप के अवसर और छात्रवृत्तियां शामिल हैं, जो एक संपन्न खेल संस्कृति बनाने में बीएल एग्रो की भूमिका को और मजबूत करती हैं।

# एडवांस डायग्नोस्टिक्स एवं उपचार पर प्राथमिकता के साथ आरजीसीआईआरसी ने मुरादाबाद में कैंसर देखभाल के प्रयासों को किया दोगुना

**मुरादाबाद।** कैंसर देखभाल एवं अनुसंधान क्षेत्र के अग्रणी संस्थान राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट × रिसर्च सेंटर



(आरजीसीआईआरसी) ने देश पर कैंसर के बढ़ते भार के खिलाफ प्रयासों को तीव्र करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मुरादाबाद और सीजीपीऐ मुरादाबाद के साथ मिलकर एक सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य हैल्थकेयर पेशवरों को शुरूआती लक्षणों के माध्यम से कैंसर की जांच-पड़ताल और पहचान में संयुक्त प्रयासों के महत्व के बारे में शिक्षित करना था।

इस अवसर पर डॉ. शुभम जैन, सीनियर कंसल्टैंट एवं यूनिट हैड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, आरजीसीआईआरसी, नीति बाग, ने लक्षणों की पहचान- कैंसर की जांच-पड़ताल में आम गलतियों को कैसे दूर करें और डॉ. कपिल गोयल, कंसल्टैंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी, आरजीसीआईआरसी, नीति बाग, ने इम्यूनोथेरैपी कैंसर उपचार का जादुई तरीका विषयों पर गहन जानकारी दी।

लैंसेट ब्रैस्ट कैंसर कमीशन ने हाल ही में अनुमान लगाया था कि वैश्विक स्तर पर ब्रैस्ट कैंसर के मामले वर्ष 2020 के 2.3 मिलियन की तुलना में वर्ष 2040 तक 3 मिलियन तक पहुंच सकते हैं, वहीं डब्यूएचओ का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक कैंसर के मामलों की संख्या 35 मिलियन हो सकती है। महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर सबसे आम कैंसर बना हुआ है। डब्यूएचओ के अनुसार वर्ष 2022 में ही ब्रैस्ट कैंसर के 1.41 मिलियन मामले रिपोर्ट हुए थे।

युवाओं में कैंसर के बढ़ते मामलों के मद्देनजर विशेषज्ञ इस बीमारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए शीघ्र जांच-पड़ताल और उपचार की भूमिका को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं।

डॉ. शुभम जैन ने कहा, ÷कैंसर के लक्षण अस्पष्ट होते हैं, इसीलिए इसका समय से डायग्नोसिस ओंकोलॉजिस्ट के लिए भी कठिन होता है। शीघ्र पहचान बहुत जरूरी है, क्योंकि उपचार के परिणाम स्टेज के अनुसार बदलते हैं, यानि शुरूआती स्टेजों के मरीजों के ठीक होने की संभावना बेहतर होती है। हालांकि कैंसर डायग्नोसिस के लिए बायोप्सी जरूरी है, लेकिन उसके लिए सही तकनीक का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है।

# पीबीपार्टनर्स ने अपने एजेंट पार्टनर्स को प्रोत्साहित करने के लिए बिलबोर्ड अभियान शुरू किया



**लखनऊ।** पीबीपार्टनर्स ने हाल ही में एक बिलबोर्ड अभियान शुरू किया है, जो लखनऊ, वाराणसी और पटना में टॉप परफार्मेंस देने वाले एजेंट पार्टनर्स, जो अलग-अलग बिजनेस यूनिट्स (जीवन, मोटर, स्वास्थ्य) में कार्यरत है, उनपर रोशनी डालेगा।ये बिलबोर्ड उच्च-ट्रैफिक क्षेत्रों में बड़े ही रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं, जो दिग्गज एजेंट पार्टनर्स की कामयाबी का उत्सव तो मनाते हैं, साथ ही एजेंट पार्टनर्स समुदाय को सशक्त करने की पीबीपार्टनर्स की प्रतिबद्धता को भी उजागर करते हैं।इस पहल से एक तीर से दो निशाने लगते हैं, यानी दो मकसद पूरे होते है। पहला एजेंट पार्टनर्स की कड़ी मेहनत को पहचान मिलना और दूसरा समुदाय के अन्य सदस्यों में बेहतर प्रदर्शन और सफलता प्राप्त करने के जोश को जगना। इस अभियान के बारे में बात करते हुए पीबीपार्टनर्स के को-फाउंडर श्री ध्रुव सरीन ने एजेंट पार्टनर्स को पहचानने और सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, ÷पीबीपार्टनर्स में हम मानते हैं कि हमारे एजेंट पार्टनर्स हमारी सफलता के पीछे सबसे बड़ी ताकत हैं। हम उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए तहे दिल से आभार प्रकट करते हैं। वह ऐसे ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सके यह सोच हमने इस अभियान की शुरुआत की है, ताकि उनके शानदार योगदान का उत्सव मना कर भविष्य में और भी ज्यादा विकास के लिए उन्हें प्रेरित किया जा सके।

# टाटा न्यू की बचत के लिए नई पेशकश: फिक्स्ड डिपॉज़िट मार्केटप्लेस हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली।** टाटा डिजिटल ने टाटा न्यू पर अपने फिक्स्ड डिपॉज़िट मार्केटप्लेस के लॉन्च के साथ खुदरा निवेश क्षेत्र में अपने विस्तार की घोषणा की। यह नवोन्मेषी प्लेटफॉर्म अपने ग्राहकों को बचत बैंक खाते की आवश्यकता के बगैर, 9.1त्र तक की ब्याज दरों पर अग्रणी वित्तीय संस्थानों के साथ फिक्स्ड डिपॉज़िट में निवेश करने का अधिकार देता है।

निवेश करना अब पहले से कहीं अधिक आसान और सुलभ हो गया है। केवल 10 मिनट में, टाटा न्यू के ग्राहक मात्र 1,000 रुपये से अपनी निवेश यात्रा शुरू कर सकते हैं, और वह भी एक सहज डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से। यह हर किसी के लिए वित्तीय सशक्तिकरण का दरवाज़ा खोलता है, चाहे उनकी प्रारंभिक पूंजी कितनी भी हो। डिपॉज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) द्वारा 5 लाख रुपये तक के बैंक निवेश का बीमा किए जाने से उपभोक्ताओं को सुरक्षा और पूर्ण मानसिक शांति मिलती है।

टाटा डिजिटल के वित्तीय सेवा विभाग के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, गौरव हज़राती ने कहा, ÷सुरक्षित और स्थिर निवेश पोर्टफोलियो बनाने के लिए सावधि जमा लंबे समय से भरोसेमंद विकल्प रहा है। हम अपने फिक्स्ड डिपॉज़िट मार्केटप्लेस के साथ कई विश्वसनीय प्रदाताओं से उच्च और सुनिश्चित रिटर्न वाली योजनाओं तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना चाहते हैं। इस सरल और सुरक्षित प्लेटफॉर्म को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों की पेशकश करने के लिए तैयार किया गया है, जो अनुभवी और नए, दोनों किस्म के निवेशकों को आत्मविश्वास और सहजता से अपनी संपत्ति बढ़ाने में मदद करता है।

सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के डिजिटल बैंकिंग प्रमुख, विशाल सिंह ने कहा, ÷सूर्योदय ने हमेशा अपने ग्राहकों को सावधि जमा के लिए प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। हमारा डिजिटल जमा उत्पाद ग्राहकों को पूरी तरह से ऑनलाइन जमा खोलने, संचालित करने और परिसमापन करने की सुविधा प्रदान करता है। टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी करने से हमारी पहुंच बढ़ेगी, जिससे हम इस तरह के नवोन्मेषी उत्पादों को बड़ी तादाद में ग्राहकों तक पहुंचा सकेंगे।

श्रीराम फाइनेंस के मुख्य वित्त अधिकारी और प्रबंध निदेशक, पराग शर्मा ने कहा, ÷टाटा न्यू पर हमारी फिक्स्ड डिपॉज़िट पेशकश के लिए श्रीराम फाइनेंस को टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है। हम महिला ग्राहकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त लाभों के साथ बेहतर रिटर्न प्रदान करते हैं। यह साझेदारी ग्राहकों के लिए एक सहज और परेशानी मुक्त एफडी (सावधि जमा) बुकिंग अनुभव सुनिश्चित करेगी।

# डैमेज कंट्रोल को संविधान गौरव अभियान चलाएगी भाजपा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सर्द मौसम में भारतीय संविधान के मुद्दे पर राजनीति गर्म है। इंडिया एलाइंस, कांग्रेस और विपक्ष के राजनीतिक कार्यक्रमों के विरुद्ध काउंटर एक्शन को भारतीय जनता पार्टी ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। इंडिया एलाइंस ने पिछला लोकसभा चुनाव संविधान बचाने के मुद्दे पर लड़ा। लोकसभा चुनाव में अमेठी और रायबरेली में भाजपा को सबसे अधिक नुकसान हुआ। रायबरेली में राहुल गांधी ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की, अमेठी में विकास के तमाम करने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुरी तरह चुनाव हार गई।

लोकसभा चुनाव के बाद के बाद कुछ दिनों तक कांग्रेस खेमे में अमेठी की राजनीति में यह मुद्दा ठंडा रहा। बहुजन समाज पार्टी चुनाव के बाद से लगातार अपने समर्थकों को भारतीय संविधान को लेकर भाजपा और कांग्रेस की कथित स्वार्थपूर्ति की राजनीति को लेकर सावधान करने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी ने दिसम्बर में संविधान संरक्षण अभियान शुरू किया। सांसद के एल शर्मा ने स्वयं इसकी शुरुआत की। कांग्रेस और बसपा की राजनीतिक गतिविधियों पर भाजपा ने कोई खास ध्यान नहीं दिया। संसद के पिछले सत्र में गृह मंत्री अमित शाह की ओर संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के बाद सभी दलों की राजनीति संविधान और डॉ अम्बेडकर प्रेम पर केंद्रित हो गई है। बसपा ने देश व्यापी धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया। बसपा के साथ भीम आर्मी, भारतीय बौद्ध महासभा सहित लगभग सभी अम्बेडकर वादी संगठनों ने गृह मंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अमेठी में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केन्द्र सरकार और गृह मंत्री पर हमला बोला और कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ अम्बेडकर के अपमान को लेकर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की सच्चाई बताएंगे। सांसद किशोरी लाल शर्मा का नये साल का पहला दौरा रविवार को समाप्त हुआ है। डैमेज कंट्रोल को भाजपा ने मंगलवार को कार्यशाला आयोजित कर संगठन पर्व को आगे बढ़ाने के साथ संविधान गौरव अभियान की घोषणा की है। भाजपा सभी मंडलों में कांग्रेस और विपक्षी दलों को जबाब देने के लिए संविधान के मुद्दे पर संगोष्ठियों का आयोजन करेगी। मुख्य अतिथि अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर कार्य किया है। विपक्षी पार्टियों संविधान में कई संशोधन करके इमरजेंसी लगा करके सैकड़ो चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करके हमेशा से संविधान का गला घोंटने का काम किया है। विपक्ष द्वारा फैलाई जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठी आयोजित करेंगे निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा यह कार्यक्रम 12 से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगा।



## भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए दस को होगा नामांकन

भाजपा के जिला महामंत्री और पार्टी प्रवक्ता चन्द्र मौलि सिंह ने बताया कि जिला अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दस जनवरी को पार्टी कार्यालय पर नामांकन होगा। जिला अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का समय सुबह 11बजे से 1बजे तक निर्धारित है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से नियुक्त चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में नामांकन किए जायेंगे।

- कांग्रेस के संविधान संरक्षण अभियान के विरुद्ध काउंटर एक्शन की तैयारी
- गांव-गांव अपने कैडरों को सहेजने में जुटीं हुई है बसपा आज होगी विधानसभा कमेटियों की बैठक

## सड़क दुर्घटना में मजदूर गंभीर रूप से घायल

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत हथकिला चौराहे के पास दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मजदूर का एक पैर टूट गया है। सोमवार की देर शाम मजदूरी करके वापस लौट रहे एक मजदूर की बाइक को सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में मजदूर का एक पैर टूट गया है। घायल मजदूर की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भुसहरी निवासी त्रिभुवन पुत्र सुखलाल के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घायल त्रिभुवन को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उन्हें जिला उसे पर रेफर किया है।

घायल त्रिभुवन ने बताया कि सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवक अपनी बाइक पर लोहे का एंगल रख कर आ रहे थे। जिससे उनके पैर में चोटें आई हैं। गुंगवाछ से काम करके वापस लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एंगल मौके पर छोड़ कर बाइक लेकर फरार हो गए। एंगल रेलवे का लग रहा है। लगता है कि बाइक सवार युवक चोरी करके एंगल ले जा रहे थे।

# पटना को सात विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची सीवान की टीम

### स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डॉ. अरुण गौतम, विजेंद्र पाल, ओपी गुप्ता व अन्य

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को सीवान और पटना के बीच ग्रुप ए का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें सीवान की टीम पटना को सात विकेट से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई।

मैच में 59 रनों की शानदार पारी खेलने वाले सीवान के फरहान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सीवान टीम के कप्तान फरहान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पटना टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। 13 व 21 रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजी आउट होकर पवेलियन लौट गए। मध्यक्रम के बल्लेबाज भी नहीं चले और आसानी से विकेट गंवाते चले गए। निर्धारित 20 ओवर के मैच में सभी विकेट खोकर पटना की टीम 136 रन के स्कोर पर सिमट गई। इसमें आकाश ने 12, गुड्डू ने 50 व राजवीर ने 10 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को हासिल नहीं कर सका। वहीं, सीवान की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने तीन, जफर, प्रभात व उत्कर्ष ने दो-दो विकेट हासिल किया। जवाब में खेलने उतरी सीवान टीम की शुरुआत काफी शानदार रही। दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 76 रनों की हुई साझेदारी की बदौलत टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई। सलामी बल्लेबाज के रूप में फरहान व नितेश कुमार का विकेट गिरा तो इसके बाद आए बल्लेबाजों ने पारी को संभाल लिया सात विकेट शेष रहते ही 14वें ओवर की गेंदबाजी में टीम को जीत दिला दी। इसमें फरहान ने 59, नितेश ने 32 व चंदन ने 10 व संदीप ने 30 रनों का योगदान दिया। पटना की तरफ से उत्तम को दो व राकेश को एक विकेट की सफलता मिली। अंपायर अफरोज राजू और विशाल रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व नजमुद्दीन ने की। स्कोरिंग अभिषेक गैरी व हिमांशु शाह ने किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरूण कुमार गौतम, सपा नेता विजेंद्र पाल उर्फ बबलू यादव, ओपी गुप्ता व डॉ. मनीष सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को दिया ज्ञापन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर नगर अमेठी में साप्ताहिक बंदी रविवार की जगह मंगलवार को पूर्ववत जारी रहेगी। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डी एम को इस सम्बन्ध में ज्ञापन देकर 5 जनवरी को व्यापारियों की बैठक में की गई मांग के बारे में जानकारी दी।



## भूमि विवाद के कारण 550 मी अवशेष रह गया है छीड़ा भादर मार्ग पर निर्माण कार्य



**अमेठी/भादर अवधनामा संवाददाता।** भादर -छीड़ा मार्ग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। भादर चौराहे से ब्लाक मुख्यालय तक जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए लगभग तीन सौ मीटर लम्बाई में सी सी रोड का निर्माण किया गया है।सी सी रोड के दोनों तरफ पक्की नाली के निर्माण का काम चल रहा है। भादर- छीड़ा मार्ग की कुल लंबाई 11.1 किमी है। यह मार्ग अमेठी और प्रतापगढ़ जनपद को जोड़ता है। भूमि विवाद के कारण 550 मीटर लम्बाई में सड़क पर निर्माण का काम अवशेष है। मंगलवार को नाबार्ड के जी एम ने सड़क पर भादर के पास चल रहे नाली निर्माण कार्य और निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय अवर अभियंता एस के मिश्रा भी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया वीर नारियों का सम्मान

**उरई (जालौन)।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक कुठोंद के स्थापना दिवस के अवसर पर वीर नारी सम्मान समारोह मान सिंह चौहान के संचालन में जय दुर्गे रिसोर्ट मिहौना रोड कुठोंद में आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष कैप्टन रामकुमार ने सभी आए हुए अतिथियों का सम्मान और संबोधन किया संघ के पदाधिकारी उपाध्याय सार्जेंट अशोक कुमार पांडे, महासचिव कैप्टन गजेंद्र सिंह, सूबेदार मूल चरण निषाद , सूबेदार बिनोद विश्वकर्मा ,सूबेदार बिनोद राठौर,वॉरंट ऑफिसर अशोक मिश्रा, हवलदार बीरेंद्र निषाद, सूबेदार रामबरन सिंह, हवलदार रामबाबू, हवलदार जोगिंदर सिंह,पूर्व सैनिक के के पाठक साहब,हवलदार सूरज पालआदि पूर्व सैनिकों के सहयोग से समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

- निरीक्षण के दौरान साफ सफाई सहित ठंड के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान ओपीडी कक्ष, चिकित्सक कक्ष संख्या 7,8,9,10 का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित चिकित्सकों व मरीजों से संवाद कर उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में जाना। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पोषण पुनर्वास केंद्र, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष, महिला वार्ड/पुरुष वार्ड, औषधि वितरण कक्ष, आपातकालीन वार्ड, दवा स्टोर रुम,



मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते डीएम

विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड,नर्स ड्यूटी कक्ष समेत अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला जनरल वार्ड में साफ सफाई चल रही थी, पुरुष वार्ड में मरीजों से दवा और डॉक्टरों के द्वारा रेगुलर चेक अप के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि भोजन और दवा समय से मिलता है बाहर से दवा नहीं लेनी पड़ती है तथा चिकित्सक समय से आते हैं। जिलाधिकारी द्वारा महिला मरीज से वार्ता कर उसके बीमारी के संबंध में जानकारी लेते हुए उसके पर्चे को भी देखा गया तथा जांच आदि के संबंध में प्राचार्य मेडिकल कॉलेज से जानकारी लेने उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। विशिष्ट ऑपरेशन वार्ड में एक्सरे कक्ष व आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक व स्टाफ मौजूद पाए गए औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता के बारे में जाना। पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर उपस्थित महिलाओं को भोजन, दवा एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी सहित मरीजों के लिए कंबल, हीटर आदि की जानकारी भी ली गई। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की व्यवस्था, वार्डों के फर्श की सफाई, शौचालय की व्यवस्था एवं अन्य कमरों की साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी गई, जिसके क्रम में अस्पताल की साफ सफाई सुबह 06 बजे से कराए जाने का तथा रोगियों हेतु बाहर की दवाओं को न लिखने सहित पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं पूरे अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ अन्य चिकित्सकों को समय से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया।

## विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय के कार्यक्रम का समापन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग भवन में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय (एल0एम0यू0एम0) कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय (एल0एम0यू0एम0) स्कीम के अन्तर्गत गठित कमेटी को विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय के अन्य संस्थानों और एजेंसियों के साथ आउटरीच, जागरुकता और सहयोग के बारें में बताया गया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया का निरीक्षण प्रशिक्षण अभियर्थियों के साथ किया गया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया में स्थापित मनोचिकित्सक विभाग में मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौधिक विकलांग व्यक्तियों को दिखाया और बताया गया। जिससे विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय (एल0एम0यू0एम0) हेतु गठित कमेटी द्वारा अपने कार्यो का क्रियान्वयन सही रूप से किया जा सकें। सचिव के द्वारा लघु चलचित्र के द्वारा नालसा की थीम नालसा हैं साथ तुम्हारे सौंग प्रचालित कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को अभिभूत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## ध्रुवदेव मिश्र के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जाने माने कवि व पत्रकार वाचस्पति मिश्र के पिता ध्रुवदेव मिश्र पाषाण जी के निधन की खबर पसारते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर पसर गई। देवरिया जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ध्रुवदेव मिश्र के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पत्रकार घनश्याम मिश्र, त्रिपुरेश पति त्रिपाठी, विनोद धर द्विवेदी, कौशल त्रिपाठी, नवीन सिंह बघेल, अमरीश मणि, मनोज शुक्ला, कमलाकर मिश्रा, कुमार रंजन, शैलेश मिश्रा, संदीप तिवारी, अमित मणि त्रिपाठी, अजरेश कुमार, सुधीर कुमार पांडेय, संदीप पांडेय, प्रदीप श्रीवास्तव समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।



## करेंट लगने से युवक की मौत

**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद के स्थानीय थाना तरकुलवा के भीसवा में बिजली करेंट के चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्राम सभा भीसवा निवाशी हेमंत प्रसाद पुत्र ओमप्रकाश प्रसाद 29 वर्ष अपने घर पर ही कुछ सामान लेने घर में गया कि घर में लटके तार की संपर्क में आने से उसकी मृत्यु हो गई। जब तक परिवार वाले बीच बचाव करते तब तक हेमंत प्रसाद मर चुका था। घटना की सूचना मृतक की पत्नी अंजू देवी ने थाना प्रभारी तरकुलवा मृत्युंजय राय को दिया। मृतक के दो बच्चे भी है परिवार में इकलौता कमाऊ लड़का था हेमंत। घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी तरकुलवा मृत्युंजय राय ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिए।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया स्थित वन स्टॉप सेंटर पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक, रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर और मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर द्वारा किया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौरसिया ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और मिशन शक्ति के उद्देश्यों को





स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और मिशन शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन और 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन की जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने महिला पुलिस हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति के प्रचार-प्रसार के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर अनु अनुराधा राज, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी और राजकीय बाल गृह बालक के प्रभारी अधीक्षक राम कृपाल द्वारा साझा की गई।

## डीएम ने दान विलेखों पर स्टाम्प शुल्क में छूट के शासनादेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अधिसूचना के अंतर्गत दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गई है। इस अधिसूचना के अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति का दान करने पर अधिकतम 5,000 रुपये का स्टाम्प शुल्क नियत किया गया है। परिवार के सदस्य, जैसे पुत्र, पुत्री, पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्रवधू, सगा भाई (सगे भाई के मृत होने की स्थिति में उसकी पत्नी), सगी बहन, दामाद (पुत्री का पति), और पौत्र/पौत्री (पुत्र/पुत्री के बच्चे) को दान की गई अचल संपत्ति पर यह छूट लागू होती है। प्रेरणा सॉफ्टवेयर पर प्रमाणक अपलोड करना अनिवार्य है, जिसमें दानकर्ता के पास संपत्ति का प्राप्त स्रोत, दानकर्ता और दानग्राही के बीच संबंध का प्रमाण, मृतक भाई की पत्नी को दान देने के मामले में मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति का जियोटैग फोटोग्राफ या अक्षांश और देशांतर आदि शामिल होंगे। दान विलेख का अधिसूचना के प्रावधानों से मेल होना सुनिश्चित किया जाएगा, और अपलोड किए गए प्रमाण पत्र से संबंधों की पुष्टि की जाएगी। दानदाता और दानग्राही जैविक व्यक्ति हों, और संपत्ति किसी कंपनी, फर्म, संस्था, या सोसायटी के नाम पर न हो। स्टाम्प शुल्क छूट का लाभ केवल स्टाम्प शुल्क पर उपलब्ध होगा, न कि निबंधन शुल्क पर। निबंधन शुल्क, अधिसूचना संख्या दिनांक 13 फरवरी 2020 के अनुसार, संपत्ति के मूल्य का एक प्रतिशत देय होगा। अंतरित संपत्ति का मूल्य व्यक्त करना आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने सभी उप निबंधकों को निर्देशित किया है कि अधिसूचना संख्या-18/2023/995/94-एस0आर0-2-2023-700 (29)/2021 और अन्य संबंधित शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। निरीक्षण में किसी प्रकार की चूक पाए जाने पर संबंधित उप निबंधक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# फर्जी निकली लूट की घटना : अपने ही बुने जाल में फंस गया एक्सप्रेस बीस के कर्मचारी

### कंपनी के मालिक द्वारा बकाया पैसा मांगने पर रचा था फर्जी लूट की साजिश

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में कर्मचारी के साथ हुई लूट की घटना फर्जी निकली। जिस कंपनी में कार्य कर रहा था युवक उस कंपनी के मालिक द्वारा बकाया पैसा मांगने पर खुद लूट की साजिश रचा था। पुलिस इस लूट को चंद घण्टों में ही खुलासा कर दिया। कर्मचारी कृष्णा ने ही आर्थिक तंगी से पीड़ित होने की बात कबूला।

बता दें कि कृष्णा सिंह एक एक्सप्रेस बीस मिशो कंपनी में कोरियर का काम करता है। मंगलवार को कंपनी का कैश व लैपटाप लेकर आफिस पडरौना जा रहा था कि रास्ते में कुछ लोगों द्वारा रुपए व लैपटाप आदि लेकर चले गए। सूचना पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा घटना का शीघ्र खुलासा करते पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित टीमों द्वारा साक्ष्य संकलन व पूछताछ में यह बात प्रकाश में आया कि वादी ने ही आर्थिक तंगी से परेशान होकर लूट की झूठी साजिश रची थी। पुलिस द्वारा पूछताछ में शिकायतकर्ता कृष्ण मुरारी सिंह पुत्र सिंहासन सिंह द्वारा बताया गया कि वह एक कोरियर कंपनी में काम करता है। 6 जनवरी 2025 को कोरियर कंपनी के मैनेजर ने फोन करके बकाया रुपया मांगा था। इस प्रकार आर्थिक तंगी से परेशान होकर वह लूट की झूठी साजिश रच दिया। खुलासे के दौरान लूट की सूचना में दी गई लैपटाप व पर्स पुलिस ने वादी के घर से बरामद कर लिया। फर्जी लूट की घटना को अनावरण करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया हर्षवर्धन सिंह मय टीम तथा स्वाट टीम प्रभारी उनि आलोक यादव जनपद कुशीनगर मय टीम शामिल रहे।



# निजी जमीन पर सार्वजनिक रास्ता बताकर बगलगीरों ने महिला को पीटा

अवधनामा संवाददाता

- वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर का मामला

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर निवासी एक महिला के निजी जमीन पर सार्वजनिक रास्ता बताकर मंगलवार की सुबह बागलगीरों ने गोलबंद होकर मारपीट लिया। इस दौरान महिला का सर फट गया और गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर 112 नंबर पुलिस पहुंची और महिला को 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित महिला इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी को दिए तहरीर में पीड़ित महिला संतोषी देवी पत्नी जितेंद्र कुशवाहा वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर (फरदहां) ने जिक्र किया है कि मेरे खुद के निजी जमीन पर गाटा संख्या



घायल संतोषी देवी की फाइल फोटो

487/0.069 पर आने जाने के लिए राता छोड़ा है। उक्त जमीन पर बगल के रहने वाले तेतरा देवी पत्नी कपिलदेव, सपना, मीनू, खुशबू पुत्रीगण कपिलदेव, जगदीश पुत्र श्याम देव, मालती पत्नी जगदीश, लालमती पत्नी श्यामदेव, सुविष पुत्र बृजा व ईशरावती आदि लोगों द्वारा मेरे निजी जमीन को सार्वजनिक रास्ता कहते हुए मारपीट कर लिए।

मैं घर में अकेली रहती हूं, मेरे पति बाहर है। जिसका फायदा उठाकर बागलगीरों ने गोलबंद होकर मंगलवार की सुबह गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। इस दौरान मेरा सर फट गया और मैं बेहोश हो गई। जब होश आया तो 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 नंबर एंबुलेंस से सीएचसी मोतीचक लाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पीड़ित महिला ने यह भी बताया है नगर पंचायत से आरसीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। जबरन मेरे जमीन पर ही निर्माण करने की बात कहा जा रहा है। जबकि संबंधित लेखपाल द्वारा पईमाश कर आख्या भी दे दिया है कि उक्त आराजी नंबर का जमीन निजी है। इस पर कोई सार्वजनिक रास्ता नहीं है। तहरीर मिलने के बाद एसपी ने कप्तानगंज पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है।

## उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षा आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**देवरिया।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, आशुतोष पाण्डेय ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सेकेंडरी (मुंशी/मौलवी फारसी एवं अरबी) तथा सीनियर सेकेंडरी (आलिम फारसी एवं अरबी) के एक विषय हेतु परीक्षा आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ दिनांक 03 जनवरी 2025 का संदर्भ लेते हुए बताया गया है कि वर्ष 2025 की परीक्षा के लिए केवल एक विषय का ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। सीनियर सेकेंडरी (आलिम) के लिए गृह विज्ञान, सामान्य हिंदी, लॉजिक और फिलॉसफी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, तिब, टाइपिंग जैसे विषय उपलब्ध हैं। सेकेंडरी (मुंशी/मौलवी) के लिए गणित, गृह विज्ञान, लॉजिक और फिलॉसफी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, तिब जैसे विषयों में से किसी एक का चयन किया जा सकता है।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट 2025 का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** भारत के सबसे बड़े पावर स्टेशन, एनटीपीसी विंध्याचल ने 7 जनवरी 2025 को मैत्री सभागार में बीई (बिजनेस एक्सीलेंस) असेसमेंट की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम के साथ की। इस कार्यक्रम की अगुवाई ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने की। असेसर्स टीम की अध्यक्षता एस आर गोविंदराजन, गुणवत्ता चैम्पियन और जे सी नारायणप्पा, पूर्व मुख्य महाप्रबंध, एनटीपीसी लिमिटेड ने की। इस टीम में विनय कुमार तिवारी, जयप्रकाश सत्यकम, बिज्जा नवीन कुमार, विष्णु प्रताप सिंह और बिदिशा सेन जैसे प्रमुख असेसर्स शामिल थे, जो स्टेशन के परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी रही। जिसमें डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएम), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (सी एंड एम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, एनटीपीसी गीत और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत से हुई। श्री ई सत्य फणि कुमार ने कार्यक्रम में संबोधन करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल भारत के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने असेसर्स मंडल से मिलने वाली प्रतिक्रिया को महत्वपूर्ण बताते हुए स्टेशन के प्रदर्शन और कार्यकुशलता को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद एक कॉर्पोरेट फिल्म दिखाई गई, जिसमें स्टेशन की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और इसके बाद विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) ने स्टेशन के प्रदर्शन का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें विशेष रूप से कार्बन-टू-मेथेनॉल परियोजना को प्रमुखता दी गई, जो स्थायी ऊर्जा की दिशा में एक कदम है। इस पहल के अलावा, एनटीपीसी के पर्यावरणीय संरक्षण के व्यापक प्रयासों ने असेसर्स टीम पर गहरी छाप छोड़ी। इसके अतिरिक्त, कमना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने एनटीपीसी विंध्याचल के मानव संसाधन विकास, कौशल वृद्धि और सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम 2024) जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो समुदायों को सशक्त बनाती हैं और समाज के कल्याण में योगदान करती हैं।

# जरूरतमंदों की मदद पुनीत कार्य: पँ. राम मिलन तिवारी

**अवधनामा संवाददाता**

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** सत्यपथ फाउंडेशन के तत्वावधान में 501 जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किया गया।जरूरतमंदों की मदद पुनीत एवं महान कार्य है। ठंड के मौसम में बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़ों का दान प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। उक्त बातें नगर पँचायत कादीपुर में सत्यपथ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी पँ. राम मिलन तिवारी (एड.) ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कादीपुर चेयरमैन आनन्द जायसवाल ने कहा कि मानव सेवा सबसे बडी सेवा होती है। उन्होंने कहा कि सत्यपथ फाउंडेशन समाजसेवा के क्षेत्र में निरन्तर सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ठँड में बुजुर्गों को सर्वाधिक देखभाल व सहयोग की जरूरत होती है जिसमें कम्बल सहायक होगा। समाजसेवी डा. सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि सत्यपथ फाउंडेशन के सँरक्षक विवेक तिवारी ने धार्मिक, साँस्कृतिक क्षेत्रों में कार्य करने के साथ साथ शिक्षा, चिकित्सा व समाजसेवा में भी नया कीर्तिमान बनाया है। सामाजिक कार्यकर्ता अमरीश मिश्र ने सत्यपथ फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सत्यपथ फाउंडेशन ने सामाजिक क्षेत्रों में जीवनोपयोगी कार्य कर जरूरत मन्दों का सहयोगी बना है। इस अवसर पर चेयरमैन आनंद जायसवाल ने मुख्य अतिथि पँ. राम मिलन तिवारी व अमरीश मिश्र को अँगवस्त्र भैंटकर सम्मानित किया। समाजसेवी डा. सुरेंद्र तिवारी ने चेयरमैन श्री जायसवाल को अँगवस्त्र भैंटकर सम्मानित करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रदान किया। इस अवसर पर 501 जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किया। कार्यक्रम में शिवमँगल सिँह, उत्कर्ष मोदनवाल, सूर्यलाल गुप्ता, राजकुमार, अजय सोनी, सन्तोष सिँह, अँकित जायसवाल समेत नगर पँचायत के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कथित महंत बाबा भरत दास को लगा झटके पर झटका

- महाकुंभ मेला अधिकारी प्रयागराज के आदेश और खुद को महंथ बताने वाली भरत दास की याचिका हाई कोर्ट से खारिज हो गई

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले के बंधुआकला स्थित बाबा सहज राम आश्रम से जुड़ी बड़ी खबर फिर मिल रही है। वर्षो से आश्रम में काबिज विवादित महंथ बाबा कोभरतदास को प्रयागराज मेला प्राधिकरण (कुंभ मेला) से गत माह जोरदार झटका लगा था। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने मेले में भूमि आवंटन के लिए आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए भरतदास का आवेदन निरस्त करते हुए श्री महंत धर्मेंद्र दास को बंधुआ का महंत मानते हुए उनके नाम भूमि का आवंटन किया है। मेला अधिकारी के उक्त आदेश के खिलाफ भरत दास ने हाई कोर्ट की शरण ली थी। जिसमें उन्होंने खुद को असली महंत बताते हुए मेला अधिकारी के आदेश को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को न्यायमूर्ति ने भरत दास की याचिका तथ्यहीन करार करते हुए खारिज कर दी। अब भरत दास के खेमे में खलबली मच गई है। बताते चले कि कुंभ मेले में भूमि आवंटन के लिए मेला अधिकारी को बंधुआ कला आश्रम से दो आवेदन प्राप्त हुए थे। एक आवेदन भरतदास (जो इस समय जेल से पेरोल पर सशर्त बाहर है) तो दूसरा आवेदन श्री महंत धर्मेंद्र दास ने किया था। दोनों ने अपने अपने को बंधुआ आश्रम का महंत बताया था। दोनों तरफ से प्रस्तुत किए गए कागजातों का अवलोकन करते हुए प्रयागराज प्राधिकरण मेला प्रयागराज विजय किरण आनंद ने भरत दास का आवेदन निरस्त कर दिया था। उन्होंने 25 नवंबर 2024 को आदेश जारी कर श्री महंत धर्मेंद्र दास को बधुआँ आश्रम का महंत बताया और उनके नाम बंधुआ हसनपुर अखाड़े के लिए भूमि का आवंटन करते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस बाबत आदेश पत्र मेला अधिकारी श्री आनंद ने अपर मेला अधिकारी, लिपिक एवं आवेदनकर्ताओं को भी आदेश की प्रतिलिपि प्रेषित किया था।

उक्त आदेश के खिलाफ भरत दास ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। भरत दास की ओर से 11.12.2024 को हाई कोर्ट में दाखिल याचिका की सुनवाई कोर्ट नंबर 40 में मंगलवार यानी 7 जनवरी को हुई। डबल बेंच की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व विपिन चंद्र दीक्षित ने प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के तौर पर कागजातों का अवलोकन करते हुए भरत दास की याचिका खारिज कर दिया। श्री महंत धर्मेंद्र दास के पक्ष में पूर्व में किए गए मेला अधिकारी के आदेश को सही ठहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### ताइक्कांडो की नेशनल रेफरी बनी सिमोन शुक्ला




**सुल्तानपुर/दिल्ली।** सेकंड लेट श्री जय किशन मेमोरियल ताईक्कोंडो चैंपियनशिप 3 से 5 जनवरी 2025 को करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में टोकस तायक्वोंडो एकेडमी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मेरी बेटी सिमोन शुक्ला जो कि अंतरराष्ट्रीय तायक्कोंडो खिलाड़ी और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सुल्तानपुर ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। उसको नेशनल रेफरी के तौर पर एक नई भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्हें सम्मानित भी किया गया। सिमोन शुक्ला को ताइक्कांडो की रेफरी के रूप में सम्मानित होने पर शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### आबकारी व पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध की छापेमारी



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार, राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर सुल्तानपुर के निर्देशन में , संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक सदर, गिरिराज सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2, प्की संयुक्त टीम द्वारा जनपद सुल्तानपुर में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। मय स्टाफ साकेत राय प्र.आ.सि,अंकित शर्मा आ.सि, राजीव शुक्ला आ सि विकास सिंह आ सि द्वारा ग्राम बल्लीपुर व करौंदिया रेलवे लाइन के किनारे की दबिश दी गई । मौके पर 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए 48 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 250 किलो लहन बरामद किया गया जिसे मौके पर नष्ट किया गया । 01 अभियुक्त सौरभ पुत्र शिवकुमार निवासी बल्लीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। टीम द्वारा असरोगा टोल पर चेकिंग की गई । सर्किल की दुकानों का निरीक्षण किया गया व ढाबो की भी चेकिंग की गई तथा सभी ढाबो के मालिकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह अवैध शराब का सेवन अपने ढाबो पर ना करवाएं। गांवों में अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब का सेवन न करे इसके पोस्टर चिपकाए गए।

### ईसीसीई एजुकेटर्स व तकनीकी अनुदेशकों के चयन के लिए निविदा प्रकाशित

**बहराइच।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में 173 ईसीसीई एजुकेटर्स एवं लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के लिए 42 तकनीकी अनुदेशकों के चयन के सम्बन्ध में जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता के चयन हेतु निविदा प्रकाशित की गयी है। फर्मों के प्रतिभाग करने के लिए जेम पोर्टल पर बिड सं. जेम/2025/बी/5782756 पर निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु समस्त नियम एवं शर्तें बिड में अपलोड है। बीएसए श्री सिंह ने बताया कि बिड में जेम पोर्टल पर प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 28 जनवरी 2025 तथा समय अपरान्ह 02:00 बजे निर्धारित है। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है। उन्होंने बताया कि जेम पर अपलोड बिड में कंसाईनी का पता निकट नवोदय जवाहर विद्यालय ज्ञानपुर, भदोही पिन-221304 के स्थान पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गेंदघर, निकट राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बहराइच पिन-271801 पढ़ा जाये।

### विद्यालय के प्रबन्धक ने जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए 100 कम्बल

**बहराइच।** नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जनपद में दो दिनों से कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए जरुरतमदों की मदद के लिए प्रबंधक, गुरुकृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, बहराइच ने हाथ बढ़ाया है। आम जनमानस को शीतलहरी/ठंड से बचाव के लिए प्रबन्धक की ओर से जिला प्रशासन को वितरण हेतु 100 कम्बल दिया गया है।

### कोहरे एवं शीतलहर के चलते ट्रेने घंटो की देरी चल रही है



**टूंडला।** कोहरे एवं शीतलहर के चलते ट्रेने घंटो की देरी से चल रही है। जिससे रेलवे स्टेशन टूंडला पर रेलयात्री ठंड में ठिठुरते नजर आये। मंगलवार को रेलवे स्टेशन टूंडला पर रेलयात्रियों को ठंड में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। 4 से 5 घंटे देरी से चल रही ट्रेनों की इंतजार में बैठे रहे रेलयात्री। इस दौरान लेट होने वाली ट्रेनों में गाड़ी संख्या पुरी स्पेशल, 12419 गौमती एक्सप्रेस, नेताजी एक्सप्रेस, बीकानेर हावड़ा सुपर फास्ट, टाटा मुरी एक्सप्रेस, नार्थ ईस्ट सुपर फास्ट, सीमांचल सुपर फास्ट, स्वर्ण शताब्दी, मुजफ्फ़ुर जनसाधारण एक्सप्रेस नीलांचल एक्सप्रेस, ब्रहमपुत्र मेल आदि रही। जिससे रेलयात्री ठंड में रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में ठिठुरते नजर आये।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ –उ.रे. रे.उ/वाणिज्य–मण्डल |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-71-24-1 |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.01.2025 at 12:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

83/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनपद में मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

- पुनरीक्षण अभियान में 30587 मतदाताओं की हुई बढ़ोत्तरी
- जिले में मतदाताओं की संख्या हुई 26 लाख 22 हज़ार 17

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 28 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन तथा 07 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 को आलेख्य प्रकाशन के समय जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 2591430 थी जिसमें पुरुष मतदाता 1369351, महिला मतदाता 1222018 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाता 61 थे। श्री रंजन ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के पश्चात अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 2622017 हो गई है। अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में पुरुष मतदाता 1382980, महिला मतदाता 1238983 तथा तृतीय श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 54 है। इस प्रकार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कुल 30587 मतदाताओं की वृद्धि हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन के समय जहां जिले का जेण्डर रेशियों जेण्डर रेशियो 892 था, जो अंतिम प्रकाशन में 4 प्वाइंट बढकर 896 हो गया है। इसी प्रकार अगर ईपी रेशियों की बात की जाय तो आलेख्य प्रकाशन के समय जनपद का ईपी रेशियो 54.83 प्रतिशत था, जो अंतिम प्रकाशन में 0.65 प्रतिशत बढ़कर 55.48 प्रतिशत हो गया है। श्री रंजन ने बताया कि जनपद के सक्रिय सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जिला निर्वाचन कार्यालय, कपूरथला, बहराइच में अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की हार्ड कॉपी तथा सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करा दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रंजन ने बताया कि जनपद में अवस्थित सभी 2711 मतदेय स्थलों के बूथ लेविल आफिसर को अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली उपलब्ध करा दी गई है, जो कि जनसामान्य के निरीक्षण के लिए बूथ लेविल अधिकारियों के पास तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।

### सुल्तानपुर में भी अमित शाह के खिलाफ केस करने के लिए याचिका दायर

**सुल्तानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 17 दिसंबर 2024 को संसद में, अमित शाह ने कहा कि अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर एक फैशन हो गया है। अगर इतना नाम किसी भगवान का लिया जाए तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिलेगा। इस बयान के बाद पूरे भारत में अंबेडकर अनुयायियों में उबाल देखने को मिला। जगह-जगह धरना प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए। इसी क्रम में, सुल्तानपुर जनपद के थाना धम्मौर निवासी रामखेलावन ने एमपी-एमएलए कोर्ट में अमित शाह के खिलाफ याचिका दायर कर दी। रामखेलावन ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह की इस टिप्पणी से मेरी भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए मैंने उनके खिलाफ याचिका दायर की है। इस याचिका की सुनवाई 15 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। इस दौरान अधिवक्ता जयप्रकाश और झिनकूराम विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

# सम्बन्धित अधिकारी समय से शिकायतों का निस्तारण करे



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आईजीआरएस निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई, इस समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि राजस्व, पुलिस, प्रोवेशन, विद्युत विभाग एवं विकासखंड के आईजीआरएस के मामले समय से निस्तारण नहीं हो पा रहे हैं, यहां पर आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति अत्यंत असंतोष जनक है, जैसे जिला प्रोवेशन अधिकारी के पास 10 शिकायतें आई जिसमें केवल दो का ही संतोषजनक ढंग से निस्तारण हो सका, इसी तरह तहसीलों में तहसील फिरोजाबाद एवं सिरसागंज में भी आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं पाई गई, इसी तरह नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद एवं फरिहा में भी निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अगर कोई शिकायत डिफाल्टर पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की जन शिकायतों का निस्तारण स्वतरू संज्ञान लेते हुए ससमय और गुणवत्ता पूर्वक करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, बैठक के दौरान सभी जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं के आय प्रमाण-पत्र परिवार की आय को दर्शित नहीं करते

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रंजना शुक्ला ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र के साथ संलग्न आय-प्रमाण पत्र की संवीक्षा के सम्बन्ध में सूचित किया है कि दशमोत्तर कक्षाओं में अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में निर्गत ''उ.प्र. अल्पसंख्यक दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति में उल्लेख है कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता अथवा अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू. 02 लाख से अधिक न हो। उन्होने बताया कि कतिपय जिलों में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों द्वारा यह संज्ञान में लाया गया है कि ऐसे भी छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन किये गये हैं, जिनके द्वारा माता-पिता, अभिभावक को निर्गत परिवार के सभी स्त्रोंतो से आय का प्रमाण-पत्र संलग्न किये जाने के स्थान पर स्वयं का आय प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है, उन्होने बताया कि छात्र-छात्राओं के स्वयं के आय प्रमाण-पत्र, सम्पूर्ण परिवार की आय को दर्शित नहीं करते हैं, ऐसी दशा में ऐसे आवेदन पत्र जिसमें परिवार के सभी स्त्रोतों से आय के प्रमाण-पत्र लगाये जाने के बजाय केवल छात्र-छात्राओं द्वारा यदि स्वयं की आय का प्रमाण-पत्र लगाया गया है तो ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से छात्रवृत्ति नियमावली में दी गयी व्यवस्था के आलोक में ही उनके द्वारा माता-पिता, अभिभावक अथवा पति (जो न लागू हो) के आय को दर्शित करने वाले निर्गत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें तथा आवेदन पत्र में संशोधन की अवधि में माता-पिता, अभिभावक अथवा पति (जो लागू हो) हेतु परिवार की आय को दर्शित करने वाले आय प्रमाण-पत्र का प्रयोग कर ऑनलाइन आवेदन में संशोधन उनके द्वारा कर दिए जायें।

### सभी निर्वाचन पहचानपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

**मैनपुरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दि. 07 जनवरी को जनपद में समाविष्ट 107- मैनपुरी, 108- भोगांव, 109- किशनी (अ.जा.) एवं 110-करहल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्र, मतदेय स्थलों, पदाभिहीत स्थलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय आदि पर करा दिया गया है एवं जनपद की आधिकारिक बेवसाइट mainpuri.nic.in के DEO Portal पर भी पुर्नमुद्रित विद्आउट फोटो नामावली अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। उन्होने जनपद के नागरिकों, मतदाताओं से अपील की है कि मतदान केन्द्र, मतदेय स्थल पर प्रकाशित की जाने वाली फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कर लें यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है तो 01 सप्ताह के अंदर सम्बन्धित बूथ अधिकारी, निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलरामपुर।

पत्रांकः 05/ 2ए/निविदा /2025 दिनांकः- 01.01.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**(स्वीकृति की प्रत्याषा में)**

1- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''ए ,बी., सी. डी'' में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिषत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार आन लाइन निविदा आमंत्रित करते है। निविदादाता किसी एक अथवा सभी कार्यो हेतु विड प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधान सभा बलरामपुर | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर | गुलवरिया सम्पर्क मार्ग। | 7.46 | 0.75 | 856.00 | 2 माह |
| 2 | बलरामपुर | चिर्रैया होते हुये कोठार मार्ग का निर्माण कार्य। | 17.90 | 1.80 | 944.00 | 2 माह |
| 3 | बलरामपुर | बुद्धनगर से सुभागपुर गंगापुर होते हुये गंगापुर बर्धा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 29.80 | 2.98 | 944.00 | 2 माह |
| 4 | बलरामपुर | कुकरभुकवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 10.45 | 1.10 | 856.00 | 2 माह |
| 5 | बलरामपुर | बालपुर तिलकपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0-4 से युसुफपुरवा शोहराबपुरवा होते हुए लियाकटपरुवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 22.35 | 2.25 | 944.00 | 2 माह |
| 6 | बलरामपुर | पी0बी0 मार्ग के किमी0 318 से एफ0सी0आई0 गोदाम सम्पर्क मार्ग। | 5.97 | 0.60 | 856.00 | 2 माह |
| 7 | बलरामपुर | बलरामपुर तुलसीपुर मार्ग पर पड़री गांव सम्पर्क मार्ग। | 29.85 | 3.00 | 944.00 | 2 माह |
| 8 | बलरामपुर | बलरामपुर चूल्हा भारी से मटेरा सम्पर्क मार्ग। | 23.85 | 2.40 | 944.00 | 2 माह |
| 9 | बलरामपुर | गौरा तुलसीपुर मार्ग से सिघवा पुर सम्पर्क माग | 13.15 | 1.35 | 856.00 | 2 माह |
| विधानसभा उतरौला | | | | | | |
| 10 | बलरामपुर | सरायखास छितलूपुर के किमी0-1 से उपाध्यायडीह से मुखिया होते हुए भगवापुर तक सम्पर्क मार्ग | 14.90 | 1.50 | 856.00 | 2 माह |
| 11 | बलरामपुर | नौवा कोल समयथान सम्पर्क मार्ग | 17.90 | 1.80 | 944.00 | 2 माह |
| 12 | बलरामपुर | जखलीया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 6.70 | 0.70 | 856.00 | 2 माह |
| 13 | बलरामपुर | रेहरा सादुल्लानगर किमी 5 से प्रा0वि0 बनकटवा सरायखास नैटहवा साधूलालडीह, मालीडीह होते हुए लोनियानडीह मार्ग तक सम्पर्क मार्ग। | 29.80 | 3.00 | 944.00 | 2 माह |
| 14 | बलरामपुर | लोनियाडीह मार्ग के नवनिर्माण का कार्य। | 10.45 | 1.10 | 856.00 | 2 माह |
| 15 | बलरामपुर | जल्लहवा मार्ग | 8.95 | 0.90 | 856.00 | 2 माह |
| 16 | बलरामपुर | सहायीजोत पक्की सड़क से दौलताबाद तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 22.40 | 2.25 | 944.00 | 2 माह |
| 17 | बलरामपुर | सादुल्लाहनगर चन्द्रदीप घाट से गोल्हुईपुर सम्पर्क मार्ग | 23.85 | 2.40 | 944.00 | 2 माह |
| 18 | बलरामपुर | ऐदहा मार्ग | 8.35 | 0.85 | 856.00 | 2 माह |
| 19 | बलरामपुर | टढवा ठपपा बांक मार्ग | 1.80 | 0.20 | 856.00 | 2 माह |
| 20 | बलरामपुर | बसालत पुरवा सम्पर्क मार्ग | 8.35 | 0.85 | 856.00 | 2 माह |
| 21 | बलरामपुर | घासी पोखरा से लोहारडीह सम्पर्क मार्ग | 14.95 | 1.50 | 856.00 | 2 माह |
| 22 | बलरामपुर | तकियवा सम्पर्क मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 23 | बलरामपुर | विशुनपुर हनोमान पोखरा मार्ग से ढहवा सहजौरा होते हुए मुबारकपुर तक | 29.85 | 3.00 | 944.00 | 2 माह |
| 24 | बलरामपुर | बदलपुर सम्पर्क मार्ग | 14.90 | 1.50 | 856.00 | 2 माह |
| 25 | बलरामपुर | सरसय खास मुबारकपुर मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 26 | बलरामपुर | नौसहरा सम्पर्क मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 27 | बलरामपुर | रेहरा सादुल्लानगर मार्ग के किमी0-5 से दायें घोघरा सम्पर्क मार्ग | 8.20 | 0.82 | 856.00 | 2 माह |
| 28 | बलरामपुर | अचलपुर चौधरी से मनुआगढ़ अहिरौला होते हुए मथुरा गांव तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 14.90 | 1.50 | 856.00 | 2 माह |
| 29 | बलरामपुर | बनकटवा माइनर तक सम्पर्क मार्ग | 10.75 | 1.10 | 856.00 | 2 माह |
| 30 | बलरामपुर | पेहर हुसैनाबाद मार्ग से छत्तरडीह सम्पर्क मार्ग | 5.97 | 0.60 | 856.00 | 2 माह |
| 31 | बलरामपुर | यू0एफ0ए किमी0 7 से फक्रीरापुर सम्पर्क मार्ग | 5.95 | 0.60 | 856.00 | 2 माह |
| 32 | बलरामपुर | सिकरामाफी सम्पर्क मार्ग | 5.95 | 0.60 | 856.00 | 2 माह |
| 33 | बलरामपुर | बड़का डबरा सम्पर्क मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 34 | बलरामपुर | छोटका डबरा सम्पर्क माग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 35 | बलरामपुर | उतरौला डुमरियागंज मार्ग पर अजीगंजवा, हुसैनाबाद तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 29.00 | 2.90 | 944.00 | 2 माह |
| 36 | बलरामपुर | निर्भयडीह तक सम्पर्क मार्ग | 13.40 | 1.34 | 856.00 | 2 माह |
| 37 | बलरामपुर | उतरौला पचपेडवा चन्दनपुर (ओ.डी.आर.) के मार्ग किमी0 4 से बांये मटियारिया कर्मा होते हुए लाल नगर सम्पर्क मार्ग | 29.80 | 2.98 | 944.00 | 2 माह |
| 38 | बलरामपुर | सधाईडीह सम्पर्क मार्ग | 14.90 | 1.49 | 856.00 | 2 माह |
| 39 | बलरामपुर | उतरौला अयोध्या प्रयागराज (राज्य मार्ग) मार्ग के किमी0 3 से हबिबपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 40 | बलरामपुर | तिलहर से उपरौहुला डिहवा तक सम्पर्क माग | 22.35 | 2.25 | 944.00 | 2 माह |
| 41 | बलरामपुर | उतरौला विकास खण्ड में बभनी बुजुर्ग से तिलखी देवरिया अर्जुन परसौना सम्पर्क मार्ग | 23.85 | 2.40 | 944.00 | 2 माह |
| 42 | बलरामपुर | गैण्डास बुजुर्ग नहर पुल से मिश्रौलिया होते हुए नानकारी गैण्डास तक सम्पर्क मार्ग | 29.80 | 2.98 | 944.00 | 2 माह |
| 43 | बलरामपुर | रेहरा सादुल्लानगर किमी0-7 चुडिहारडीह से सराय खास गांव तक | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 44 | बलरामपुर | मनुआगढ़ सम्पर्क मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 45 | बलरामपुर | कुर्मीनडीह सम्पर्क मार्ग | 11.95 | 1.20 | 856.00 | 2 माह |
| 46 | बलरामपुर | उदयपुर सम्पर्क मार्ग | 5.95 | 0.60 | 856.00 | 2 माह |
| 47 | बलरामपुर | पी0बी0 रोड से किमी0 362 से चौधरीडीह सम्पर्क मार्ग | 13.15 | 1.35 | 856.00 | 2 माह |
| 48 | बलरामपुर | पी0बी0 रोड से अजगरी सम्पर्क मार्ग | 22.35 | 2.25 | 944.00 | 2 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनॉक 09.01.2025 से 20.01.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 20.01.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, को साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 20.01.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,
बलरामपुर।

UPID-225571 Dated-06-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# नया आगाज कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ओबरा।** जिसमें विशिष्ट अतिथि के रुप में ई अजीत तिवारी एडवाइजर प्रबंध निदेशक-यू पी आर वी यू एन एल, रेखा तिवारी, मुख्य अतिथि के रुप में ई आर के अग्रवाल मुख्य महा प्रबंधक ओबरा तापीय परियोजना, नूतन अग्रवाल अध्यछा वनिता मंडल ओबरा उपस्थित थीं। सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि ई अजित तिवारी,मुख्य अतिथी ई आर के अग्रवाल एवं योगेश गुप्ता महाप्रबंधक कोल, राजकुमार गुप्ता महाप्रबंधक ब ताप विद्युत गृह, एस के सिंघल महाप्रबंधक स ताप विद्युतगृह, ई तुलसीदास महाप्रबंधक प्रशासन,डॉ ए के गुप्ता सेवानिवृत्त सी एम ओ ओबरा प्रोजेक्ट हॉस्पिटल ओबरा, ई ए के राय एस ई सिविल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वन्दना के साथ किया गया, तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम कौव्वाली, चित्रहार, बच्चौ के डांस,कपल डांस एवं विभिन्न गेम का आयोजन किया गया। ब्लो द दिया गेम मे ई अमित जायसवाल, गेस द ऐड गेम में नूतन अग्रवाल अद्यछा वनिता मंडल विनर रहीं। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगो नें कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया। विशिष्ट अतिथि अजीत तिवारी एवम श्रीमती रेखा तिवारी का स्वागत मधुलिका राय सचिव वनिता मंड़ल ओवरा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मुख्य महाप्रबंधक ई आर के अग्रवाल एवं श्रीमती नूतन अग्रवाल अद्यछा वनिता मंड़ल ओबरा का स्वागत संयुक्त सचिव शशिभा सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

# मनाया गया श्री गुरूगोविन्द सिंह जी का प्रकाश पर्व

**अवधनामा ब्यूरो**



श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के हृदय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था : तरन पाल सिंह कालरा

**इटावा।** दुख निवारण गुरूद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में सरवंशदानी गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मानस की जाति सबै एकै पहिचानबो के उदघोष के साथ श्रद्धा व हर्ष के साथ मनाया गया। श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व की तैयारियाँ पिछले दस दिनों से चल रही थी, दस दिन से चल रही प्रभात फेरी जिसमें श्रद्धालू भक्तगण, स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवान गुरूवाणी का सबद वाहो-वाहो गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरु चेला, गायन करते हुये और ÷बोले सो निहाल सत श्री अकाल÷के जयकारों के साथ नगर की सड़कों पर निकल पड़ते थे। इसी क्रम में गुरूद्वारा में दस अखण्ड पाठ साहिब की श्रंखला प्रारम्भ हुई, जिसका समापन अर्धरात्रि में सबद कीर्तन व आरती के गायन के साथ पुष्पवर्षा करते हुये हुआ। प्रकाशोत्सव में सोमवार को सुबह से ही गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिये स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवानों का तांता लगा रहा, सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा में आकर माथा टेका व अरदास की। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालरा ने साहिबे कमाल गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई देते हुये कहा कि गुरू साहिब समाज सुधारक व सूरवीर योद्धा ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के कवि भी थे, आपकी काव्यक अनुभूति दैवीय थी, आपके अन्दर दार्शनिक, काल्पनिक, अध्यात्मिक आदि सभी गुण मौजूद थे, गुरू महाराज के हृदय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था। गुरु गोविंद सिंह में भक्ति, शक्ति, ज्ञान, वैराग्य, समाज का उत्थान और धर्म और राष्ट्र के नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु त्याग एवं बलिदान की मानसिकता से ओत-प्रोत अटूट निष्ठा तथा दृढ़ संकल्प की अद्भुत प्रधानता थी। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह महान कर्मप्रणेता, अद्वितीय धर्मरक्षक, ओजस्वी वीर रस कवि और संघर्षशील वीर योद्धा थे। मानवीयता की पहली शर्त मनुष्य की गरिमा की रक्षा करना है, मनुष्य को छोटा बनाकर कोई धर्म कोई दर्शन कोई विचारधारा बड़ी नहीं बन सकती है, इसी मानवीयता की रक्षा में श्री गुरूगोविन्द सिंह जी का सन्त सिपाही रूप चरित्रार्थ होता है। श्री कालरा ने कहा कि श्री गुरूगोविन्द सिंह जी जैसे व्यक्तित्व जिसमें ब्रह्मतेज, क्षत्रिय तेज के साथ ही अदभुत कवित्व शक्ति का भी संयोग है, जो विश्व साहित्य में सचमुच अनोखा व अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि आज खालसा पंथ के संस्थापक बादशाह दरवेष दशम गुरू श्री गुरू गोविन्द सिंह जी का आगमन पर्व सम्पूर्ण विश्व के कौने-कौने में मनाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने गुरूवाणी की कुछ पक्तियाँ प्रस्तुत की-''वाहौं-वाहौं गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरू चेला''उन्होंने बताया कि गुरू गोविन्द सिंह संत और सिपाही की एक अद्वितीय शख्सियत थी जो धर्म गुरू भी थे और धर्म योद्वा भी थे, ऐसी शख्सियत धरती पर दूसरी नहीं हुई है। त्याग और वीरता की मिसाल गुरु श्री गोविंद सिंह ने बाल विवाह, सती प्रथा, बहुविवाह, लड़की पैदा होते ही मार डालने जैसी बुराइयों के खिलाफ अपनी आवाज हमेशा बुलंदी के साथ उठाई थी। प्रकाशोत्सव पर गुरूद्वारा श्री गुरु तेगबहादुर साहिब के अन्दर पालकी साहिब व गुरूद्वारा की सजावट अनोखी छटा बिखेर रही थी, पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया था, इसकी सेवा युवा बच्चों द्वारा की गयी थी और पूरे गुरूद्वारे को बिजली से सजाया गया था। दोपहर में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद एक विशाल लंगर का आयोजन किया गया।

# भाजपा संविधान गौरव अभियान चलायेगी : कमलावती



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद इटावा संगठनात्मक प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर इन दिनों चल रही राजनीति के बीच भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके जरिए भाजपा देश की आम जनता तक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संघर्ष, संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किए गए उनके साथ छल को पहुंचाने का काम करेगी। यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था। लेकिन बाबा साहेब ने देश के प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिया। कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी। लेकिन बाबा साहेब को इस उपाधि से वंचित रखा। वहीं मरणोपरांत उन्हें नई दिल्ली में दो गज जमीन भी नसीब नहीं होने दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपने समापन उद्बोधन में जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि बाबा साहेब ने कश्मीर में धारा 370 का भी विरोध किया था।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इस हेतु संसाधनों की किसी भी प्रकार की कमी/समस्या ना हो इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय के लिए विभिन्न कार्यो को वित्तीय नियमो के अंतर्गत करने के निर्देश दिए। कहा कि क्रय कार्यो में वित्तीय नियमो का पूर्णतः अनुपालन किया जाय। जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए गए क्रय कार्य / खर्च की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है । कमेटी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी अन्य सदस्य होंगे। यह समिति इस बात की जांच करेगी कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत जो भी कार्य / खर्च हुआ है वह नियमानुसार हुआ है अथवा नही? इसके अलावा समिति यह भी देखेगी कि कि धनराशि खर्च करने से पूर्व सक्षम स्तर से उसका अनुमोदन लिया गया है अथवा नही? जिलाधिकारी ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल की आईसीयू यूनिट संचालित करने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा अस्पताल में आयुष्मान हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाए। इस मौके पर विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल एवं सीएमएस पुरुष अस्पताल एवं रोगी कल्याण समिति के अन्य सदस्य जलीस खान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर संगठन जिला चुनाव कार्यशाला संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के तहत आयोजित संगठन जिला चुनाव कार्यशाला प्रदेश महामंत्री/विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला व जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी। कार्यशाला का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि गोविन्द नारायण शुक्ला व जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल, पूर्व सांसद रामशकल ने पुष्प अर्पित कर किया। बैठक का संचालन जिला सह चुनाव अधिकारी अनिल सिंह गौतम ने किया। गोविन्द नारायण शुक्ला ने संगठनात्मक चुनाव के अगले चरण की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि विचारधारा संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लंबे समय तक संगठन को जीवंत रखते है भाजपा मेरा संगठन है इस विचार से जिले मे अच्छा संगठन तैयार करने की समझ के साथ रायसुमारी करें गुणात्मकता के साथ संगठन चुनाव के चार चरण पूर्ण हो चुके है हम अगले चरण के लिए आगे बढ़ रहे है। दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरुप ही समय समय पर प्रत्येक कार्यकर्ताओं के दायित्वों मे परिवर्तन होता है। आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक एक कार्यकर्ता की छवि भी समाज में राष्ट्रवाद के अग्रदूत के साथ ही संस्कारी तथा सेवाभावी व्यक्ति के रुप में होती है यही भाजपा के निष्ठावान अन्त्योदय विचारधारा के संवाहक तथा लोकसेवा मे समर्पित कार्यकर्ता विभिन्न दायित्वों मे पहुंचकर संगठन का नेतृत्व करते है संगठनात्मक चुनाव से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए नेतृत्व चयन का कार्य पूर्ण होगा। जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता ही एक मात्र राजनैतिक दल है जो संगठन की संरचना भी संगठनात्मक लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरुप करता है यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी में बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है संगठन पर्व के तहत पार्टी के पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से सदस्यता अभियान में किर्तीमान स्थापित किया है। संगठन बूथ समितियों के गठन मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन के साथ जिलाध्यक्ष निर्वाचन परिक्रिया की ओर बढ़ रहा है पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के रुप में निर्वाचित होंगे और संगठन में अब तक के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के अभियानों कार्यक्रमों और विचारधारा को गति प्रदान करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल ने आये हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उप जिलाधिकारी के निलंबन पर माननीय उच्च न्यायालय ने लगाई रोक

**सुल्तानपुर।** सरकार को माननीय न्यायालयीन फटकार लगाई,कहा कि पर्यवेक्षण में कमी इतना गंभीर कदाचार नहीं है। एसडीएम रहे संतोष कुमार ओझा के निलंबन पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने सोमवार को रोक लगा दी। बीती 13 दिसंबर को जयसिंहपुर तहसील के तत्कालीन एसडीएम संतोष कुमार ओझा को अधीनस्थ कर्मचारियों के शिथिल प्रशासनिक नियंत्रण और पर्यवेक्षण में कमी के आरोप में शासन ने निलंबित कर दिया था। बीते 2 दिसंबर को एसडीएम कोर्ट के पेशकार समरजीत पाल को अयोध्या ऐंटी करप्शन टीम ने 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया था जिसके बाद पेशकार निलंबित कर दिया गया था। निलंबित एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने लखनऊ हाई कोर्ट में 16 दिसंबर को रिट कर न्याय मांगा था।

# जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइ भिड़े फायरिंग में एक मरा पिता पुत्र घायल



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के ग्राम इटरा में जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार को सुबह दो भाइयों के मध्य जमकर गोलियां चली। इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई और पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार चल रहा है। कस्बा निवासी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व.आनंदी प्रसाद पालीवाल की पुश्तैनी जमीन ग्राम पंचायत चन्दपुरवा बुजुर्ग के मजरा इटरा में है। पूर्व चेयरमैन की मौत के बाद इस पुस्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर इनके पुत्र पूर्व प्रधान राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल एवं आलोक पालीवाल के मध्य विवाद है। बताते हैं कि कुछ जमीन को इस वर्ष आलोक पालीवाल ने अन्य भाइयों के साथ मिलकर गेहूं की फसल बोई थी। जिस पर टिंकू पालीवाल पानी नहीं लगाने दे रहा था। बताते हैं कि सोमवार की रात आलोक पालीवाल अन्य भाइयों के साथ खेत में पानी लगवाने के लिए पहुंचा था। इसकी जानकारी सुबह टिंकू पालीवाल को हुई तो सुबह टिंकू पालीवाल अपने पुत्र आयुष (18),रखवार राजू सोनकर एवं फूल सिंह प्रजापति (40) निवासी नरजिता थाना जसपुरा बांदा के साथ खेत पहुंचा और पानी लगाने के लिए बिछाई गई पाइप हटाने लगा। इसी बीच आलोक पालीवाल अपने अन्य भाइयों के साथ आ धमका और वाद विवाद के बाद फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में गोली लगने से फूल सिंह प्रजापति की मौके पर मौत हो गई और टिंकू पालीवाल के साथ उसका पुत्र आयुष पालीवाल घायल हो गया। जबकि राजू सोनकर बाल बाल बच गया। घटना की सूचना टिंकू पालीवाल ने थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह एवं डायल 112 को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की जानकारी होने पर सीओ सदर राजेश कमल अस्पताल पहुंचे और घायलों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल को भी देखा और थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह को जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की निर्देश दिए। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा भी घटनास्थल पहुंची और मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की निर्देश दिए।

# सपा की मासिक बैठक संपन्न, मिली जिम्मेदारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि नव वर्ष की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं के साथ आप लोगों की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों को जनता पहुंचने का काम करें और संगठन को मजबूत करने का काम करें और मतदाता सूची को हर बूथ पर पहुंचने का काम करें और उसे अच्छी तरह से पढ़ लें कि जीस मतदाता का वोटर लिस्ट में नाम छूटा है उसे बडवाएं और जिन मतदाताओं का नाम फर्जी है उसको कटवाने का काम करें। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार किसान नौजवान व्यापारी अल्पसंख्यक और हर गरीब के तबके की विरोधी सरकार है। इस सरकार से किसी से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सरकार में हत्या लूट बलात्कार घूसखोरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि हम लोगों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक कार्यकर्ता एवं आम जनता से मिलकर संगठन को और मजबूत करें और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजई बनाएं। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि हम लोगों की जिम्मेदारी है कि गांव गांव जाकर संगठन को मजबूत करें।

# चार बिंदुओं की सूचना भ्रामक देने पर सीएमओ पर गिर सकती है गाज

**अवधनामा संवाददाता**

सीएमओ से मांगी गई सूचना भ्रामक देने पर आयोग ने दूसरी बार नोटिस भेजकर तलब करते हुए अर्थदंड की दी चेतावनी

**राठ (हमीरपुर)।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत मांगी गई चार बिंदुओं की सूचना जन सूचना अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा सूचना न देने पर एवं 6 माह बाद भ्रामक सूचना देने पर के पूर्व सूचना आयोग लखनऊ में याचि द्वारा दर्ज कराई। अपीलार्थी रामसिंह राजपूत निवासी औड़ेरा गांव निवासी ने बताया कि जन सूचना अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी से 2 अप्रैल 2024 को चार बिंदुओं की सूचना निर्धारित समय में नहीं दी गई। तत्पश्चात अपीलार्थी ने प्रथम अपीलीय अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बांदा को 03 मई 2024 को की गई। लेकिन आज तक कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई। सूचना न मिलने पर 24 जून 2024 को द्वितीय अपील कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। अपील का संज्ञान लेते हुए राज्य सूचना आयोग ने प्रथम नोटिस भेजकर सीएमओ को तलब कर 05 दिसंबर 2024 को सुनवाई की तारीख निर्धारित की थी। इसमें सीएमओ ने राज्य सूचना आयोग के नोटिस की अवहेलना करने पर आयोग द्वारा जन सूचना अधिकारी सीएमओ को आयोग द्वारा तलब किया गया। और निर्धारित तिथि पर आयोग में उपस्थित न होने पर पुनः आयोग द्वारा 15 दिन में सही सही सूचना उपलब्ध कराने और सूचना न देने पर आयोग द्वारा आदेश में साफ चेतावनी दी गई कि धारा 20 (1) के अंतर्गत नियमानुसार अर्थदंड अधिरोपित करने का आदेश पारित कर सूचित किया गया। निश्चित रूप से सूचना भ्रामक उपलब्ध कराना आरटीआई मर्यादा अधिनियम का उल्लंघन करना दंडनीय अपराध माना गया है। आयोग द्वारा सुनवाई की अग्रिम तिथि 08 जनवरी 2025 नियत है। नियत तिथि पर न पहुंचने पर अंतिम आदेश पारित कर अर्थदंड की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। यह सूचना अधिकार अधिनियम का कोई महत्व नहीं देते हैं। और न ही अपने स्तर से प्रचार प्रसार व स्लोगन इत्यादि का प्रयोग करते हैं। यह कानून को ठेंगा दिखाकर हमेशा अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं।

## पीडीए यात्रा का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**भरुआ सुमेरपुर।** बुंदेलखंड की यात्रा पर निकली समाजवादी पीडीए यात्रा का कस्बे की उद्योग नगरी में सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा लेकर आए प्रदेश सचिव ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार संविधान के तहत नहीं मनुवाद के तहत चल रही है। इस सरकार में पीडीए के हित संरक्षित नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेश निषाद समाजवादी पीडीए रथ यात्रा लेकर बुंदेलखंड के भ्रमण पर निकले हैं। सोमवार की रात कस्बे में विश्राम के बाद सुबह पीडीए यात्रा कस्बे से राठ विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना हुई। यात्रा का कस्बे की उद्योग नगरी के एक प्रतिष्ठान में सपाइयों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी, सबीना खातून, नगर अध्यक्ष सभासद गोपाल बजाज, सलीम खान, रीतू रैकवार, विद्या देवी, संजय यादव, जगमोहन यादव, चांद राइन, राकेश कुमार श्रीवास, गफूर खान, शैलू खान, गोलू श्रीवास्तव, रत्नेश खरे, धीरेंद्र साहू, आलोक कबीर आदि शामिल रहे। यहां पर सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे, मुन्नीलाल निषाद, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू, जिलाध्यक्ष इदरीश खान, मनप्यारे निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। इसके बाद यात्रा राठ विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना हो गई।

## व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का आयोजन



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में 3 जनवरी से 7 जनवरी 2025 तक प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस असेसमेंट में सभी विभागों की कार्यशैली, पिछले वर्ष के प्रदर्शन का आकलन, और उनके कार्यों में सुधार के लिए सुझाव दिए जाते हैं। इसके अलावा, वेलफेयर बॉडीज जैसे वनिता समाज, स्पोर्ट्स क्लब, कर्मचारी क्लब और ष्टस्क्र गतिविधियों का भी मूल्यांकन किया जाता है। इस वर्ष के असेसमेंट में रामकृष्ण पटवर्धन, क्वालिटी चैंपियन, प्रेमदास टी., सीनियर असेसर, ए.के. टक्कर, निशांत गर्ग, सतीश चंद्र वनम और अनजन प्रमाणिक ने असेसर्स के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पूरे असेसमेंट का उद्देश्य प्लांट में चल रही सभी गतिविधियों का वार्षिक आकलन करना और उनमें सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव देना था। इस कार्यक्रम का सफल संचालन पीयूष श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, बिजनेस एक्सीलेंस और उनकी टीम द्वारा किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में इस प्रकार के असेसमेंट से संस्थान की कार्यक्षमता और उत्पादकता में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होती है।

# सोनू निगम की एक झलक पाने को बेकरार हुए युवा

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** इटावा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए देर रात मेगा बॉलीवुड नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जाने माने बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंगर सोनू निगम को सुनने के लिए हजारों की तादात में युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रात 8 बजे से होने वाले आयोजन के लिए शाम 5 बजे से ही महोत्सव पंडाल के अंदर हजारों की तादात में लोग अपने फेवरेट सिंगर सोनू निगम को सुनने के लिए वहां मौजूद थे। पुलिस और प्रशासन को भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आगरा, कानपुर, औरैया, मैनपुरी समेत अन्य जिलों से लोग सोनू निगम को सुनने इटावा महोत्सव पंडाल पहुंचे थे। इसी के साथ पंडाल के बाहर भी हजारों की तादात में युवा कार्यक्रम समाप्त होने तक डटे दिखाई दिए। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाओं के चलते मीडिया कर्मी भी जद में आ गए। जिला प्रशासन ने अपने करीबियों और परिवारीजनों की व्यवस्थाओं के आगे पीछे के ब्लॉक खाली छोड़ दिये। उनमें बैठने का कोई इंतजाम नहीं था। कुर्सी न होने से लोगों में जिला प्रशासन के प्रति खासा रोष भी दिखाई दिया। वीवीआईपी और वीआईपी पास लेकर हजारों लोग प्रदर्शनी के पंडाल में प्रवेश करने के लिए घूमते नजर आए। लेकिन पंडाल में बैठने की व्यवस्था न होने से लोग अपने-अपने वीवीआईपी और वीआईपी पास लिए बाहर ही खड़े नजर आए। इसी बात को लेकर लोगों ने प्रशासन की व्यवस्था के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की है।



## मनमनी से बांटे पास, नहीं लगाया भीड़ का अनुमान

इटावा महोत्सव समिति के साथ ही जिला प्रशासन व कार्यक्रम के संयोजकों ने बिना किसी अनुमान के बड़ी संख्या में पास वितरित किए थे। निःशुल्क व्यवस्था के साथ ही दो रंग के पास छपवाये गए थे जिससे जिसमें अतिविशिष्ट लोगों के लिए काले व सफ़ेद रंग के लिफाफे में पास रखे गए थे जबकि लाल रंग के सामान्य पास उपलब्ध कराए गए थे बड़ी संख्या में पास बाटने के बावजूद न तो भीड़ के आने का आकंलन किया गया और न ही उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। पंडाल में महज 1000 कुर्सियां लगाई गई थी। यही कारण है की बड़ी संख्या में लोग पास लेकर भी एंट्री नहीं ले पायें लिहाजा उनमें गुस्सा देखने को मिला वहीं जो लोग बिना पास के अथवा पास होने के बावजूद अंदर नहीं पहुंच सके, दरअसल प्रशासन अतिथियों के अलावा अपने परिवारीजनों के प्रति अधिक व्यवस्थाओं में लगा रहा जिसके चलते आम जनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## बैक टू बैक गीतों पर थिरके युवा

तू आ जा सोनिये, तुम जानो न हम, सन्देशे आते हैं, अभी मुझ में कहीं, पापा मेरी जान, कल हो न हो जैसे बैक टू बैक गानों के जरिए बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम ने महोत्सव मंच पर जमकर धमाल मचाया। तेज संगीत और झिलमिलाती लाइटों के साथ उन्होंने लोगों से साथ में गाने के अपील की। जिसके बाद युवाओ ने जमकर उनके साथ गीत गुनगुनाये और थिरके। इटावा महोत्सव की मेगा बॉलीवुड नाइट यादगार रही न सिर्फ भीड़ के लिए बल्कि कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर प्ले सिंगर सोनू निगम की प्रस्तुति लोगों के दिलों में उतर गई। आयोजन के लिहाज से पिछले कुछ वर्षों में जहां कई मशहूर हस्तियों ने इटावा महोत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुति दी है ऐसे में बीते साल बी प्राक के आने के बाद इस वर्ष सोनू निगम के आने से न सिर्फ युवाओं में एक नया जोश देखने को मिला बल्कि इस कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा था। शहर में भी जगह-जगह होडिंग, पोस्टर आदि लगाकर लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील की गयीं थी और उसी के साथ बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे थे इटावा और आसपास के जिलों से भी युवा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, हालांकि कार्यक्रम में अवव्यवस्था के चलते कम समय में ही कार्यक्रम खत्म हो गया इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

## सुरक्षा के किए गए थे कड़े इंतजाम

सोनू निगम के शो को लेकर महोत्सव पंडाल के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पंडाल के अंदर भीड़ अनियंत्रित न हो इसके लिए लोहे की जाली लगाई गई थी। पुलिस के एक दर्जन थानाध्यक्ष सहित पांच उपजिलाधिकारी, पांच सीओ सहित करीब 400 जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे। जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव व उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव ने सोनू निगम के आने से पहले सुरक्षा के इंतजामों का जायजा भी लिया था।

# एचएमपीवी को लेकर यूपी सरकार अलर्ट

## सीम योगी ने बुलाई बैठक, अधिकारियों को दिये निर्देश

■ भारत में एचएमपीवी के छह मामले

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) हो या मौसमी बीमारियां इनसे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहे। भीषण ठंड व शीतलहर के कारण सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने वाला है। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो या फिर कोई अन्य गंभीर बीमारी सभी तरह के मरीजों को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करें और लोगों का हाल-चाल लें, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए। बता दें, चीन में तेजी से फैलते ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के 6 मामले भारत में मिलने की आईसीएमआर ने पुष्टि की है। आईसीएमआर और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टर अतुल गोयल के मुताबकि, एचएमपीवी वायरस नया नहीं है। यह वायरल भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लंबे समय से सक्रिय रहा है। सामान्य न्यूमोनिया वायरस की सर्दियों में फैलने की अगर बात करें तो सर्दियों में इसके संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन भारत में इसका संक्रमण बढ़ने का कोई संकेत नहीं मिला है।

# महिलाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

■ 09 जनवरी को लखनऊ आईटीआई में हीरो मोटोकार्प का कैम्पस ड्राइव





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 9 जनवरी 2025 को हीरो मोटोकार्प लि., हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा केवल महिलाओं के लिए विशेष कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने दी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में केवल महिला अभ्यर्थी भाग ले सकती हैं। प्रतिभाग के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ-साथ आईटीआई (फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर आदि) में वर्ष 2022, 2023, और 2024 में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है।

कंपनी द्वारा चयनित महिला उम्मीदवारों को 23,626 रूपए प्रति माह सीटीसी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, अप्रेंटिसशिप के लिए भी भर्तियां की जाएंगी, जिनका मासिक मानदेय 17,936 रूपए होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 9 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे अपने बायोडाटा और सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठा सकती हैं। पुरुष अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में पात्र नहीं होंगे।

### महफिल व नज़्र का आयोजन 11 जनवरी को

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के छह महीने के मासूम बेटे हजरत अली असगर (अ.स) की विलादत के सिलसिले में 11 जनवरी को शाम 7 बजे कर्बला दियानुतउद्दौला बहादर, काजमैन रोड, में एक महफिल व नज़्र का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन कदीम मासूम-ए-असगर ने किया है। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से होगा। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग न्यू हैदराबाद में जश्ने मौला अली शीर्षक से एक महफिल का आयोजन 11 जनवरी को शाम 7 बजे किया जाएगा। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से कारी मोहम्मद मुस्लिम व संचालन गुलरेज नकी और अध्यक्षता मौलाना कल्बे जव्वाद करेंगे। जश्न में मेहामाने खुसूसी राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी होंगे। महफिल में मौलाना फैज अब्बास मशहदी और मौलाना रजा हुसैन हजरत अली (अ.स.) की फजिलत को बयान करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हैदरी मस्जिद प्रबंधक कमेटी ने किया है।

### कुल हिन्द महफिले मकासिदा को लेकर जलसा

**लखनऊ।** इदारा वारिसे काबा का एक जलसा नसीर अहमद ख़ां, महासचिव के निवास स्थान न्यू नजफ रूस्तम नगर में अख्तर इमाम की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें विलादत हजरत अली (अ.स.) के मौके पर होने वाली महफिल की तैयारियों पर चर्चा की गयी। जलसे का आगाज अब्बास मेहदी इफतेखारी ने कुरआन की तिलावत से किया। 14 जनवरी को %यौमे अली÷शीर्षक से कुल हिन्द महफिले मकासिदा का आयोजन शिया यतीमखाना गुलिस्ताने अबू तालिब में रात 9÷30 बजे होगा। महफिल का उद्घाटन मौलाना हमीदुल हसन व संचालन अरशी वास्ती करेंगे। जलसे को आगा अब्दुर्रहीम, यूसुफ जैदी, नसीर अहमद खां, एजाज जैदी, मजहर अब्बास, इरतेका हसन, रेहान अहमद ख़ां, हैदर अब्बास जैदी, मसूदुल इस्लाम, अज़ीम आगा, आजम आगा ने ख़िताब किया। मोहम्मद अली, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद जकी ने अपने अपने खयालात का इजहार किया।

# बाढ़ से बचाव के लिये परियोजनाओं को तैयार किया जाए: स्वतंत्र देव सिंह

**54 जनपदों की कुल 369 बाढ़ परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 6 लाख हेक्टेअर कृषि भूमि एवं 60 लाख आबादी को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी**

■ बाढ़ से बचाव हेतु 369 नवीन परियोजनाओं पर किया गया विचार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की 59वीं बैठक आज पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग के नवीन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बाढ़ से बचाव हेतु 369 परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण सिंचाई विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बाढ़ बचाव परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो जाने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनधन की हानि से बचा जा सकेगा। उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 59वीं बैठक में प्रस्तुत की गयी 54 जनपदों की कुल 369 बाढ़ परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 6 लाख हेक्टेअर कृषि भूमि एवं 60 लाख आबादी को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी। समिति द्वारा परियोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श करते हुए बाढ़ परियोजनाओं के अनुमोदन की कार्यवाही सम्पन्न की गई। जलशक्ति मंत्री ने समिति की बैठक में निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित परियोजनाओं का धरातल पर पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाय तथा अनुबंध की शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रदेश में बाढ़ कार्यों की परियोजनाओं को अभियान चलाकर तेजी से पूर्ण कराया जाय। निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, किसी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए, लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव हेतु स्थायी समाधान को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को तैयार किया जाए।

### चला टिकट चेकिंग अभियान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देश तथा मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में लखनऊ मैलानी रेलखण्ड पर टिकट चेकिंग अभियान चला गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 15009 गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस एवं 55083 मैलानी डालीगंज सवारी गाड़ी पर 49 बिना टिकट व अनियमित रेल यात्रियों के साथ साथ शयनयान एवं वातानुकूलित कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे एमएसटी धारक व वर्दीधारी यात्रियों को जांच अभियान में पकड़ा गया। यात्रियों को रेलवे टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया गया। अभियान में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक मुख्यालय अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक लखनऊ एसके.बरूआ, मुख्य चल टिकट निरीक्षक मुख्यालय एसपी.सिंह एवं सीटीआई रेड तथा आरपीएफ व जीआरपी के जवान और रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

# धर्मपाल सिंह ने पेट्रोलियम मंत्री को महाकुंभ में आने हेतु किया आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो



■ निमंत्रण देने के साथ ही मंत्री जी ने महाकुंभ के धार्मिक, अध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी से आज नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में मुलाकात की। इस बैठक के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जी को प्रयागराज महाकुंभ 2025 में शामिल होने का न्यौता दिया। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री महोदय को कुंभ कलश, महाकुंभ-2025 का लोगो, कुंभ साहित्य और महाकुम्भ संबंधी विविध सामग्री भेंट की। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रभावशाली दिशा-निर्देशन में राज्य सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार दिव्य, भव्य एवं डिजिटल महाकुंभ के लिए प्रतिबद्ध है। शिष्टाचार भेंट के दौरान सिंह ने महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। धर्मपाल सिंह ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 भारत की सांस्कृतिक विविधता और अनेकता में एकता का प्रतीक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना है।

### जश्ने मौलूदे हरम 13 को

**लखनऊ।** इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम की ओर से जश्ने मौलूदे हरम÷ शीर्षक से महफिल का आयोजन 13 जनवरी को रात 9 बजे किया जाएगा। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। महफिल को मौलाना अली मुत्तकी जैदी खिताब व संचालन नय्यर मजीदी करेंगे। इस मौके पर भव्य सजावट की जायेगी और ड्रा के जरिये लोगों को उपहार भी दिये जायेंगे।

### मिल्कीपुर में हम सपा को जिताने का करेंगे प्रयास

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मिल्कीपुर में हम अपने सहयोगी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को पूरा समर्थन कर जिताने का प्रयास कर जिताएंगे। श्री राय ने दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत के साथ लड़ रही है और वहां हमारी सरकार बनेगी। ईवीएम के सवाल पर कहा कि इस पर चीजें चल रही हैं और न्यायालय में भी सारी चीजें दायर की गयी हैं बहुत जल्द इस पर निर्णय आएगा। संभल के सवाल पर कहा कि संभल हो या बहराइच हो यह सरकार ने जानबूझ कर योजनाबद्ध तरीके से कराया गया।

# नेपथ्य में रहने वाले कलाकारों को संगीत की मुख्यधारा में लाना है: जयवीर

**संस्कृति उत्सव के दौरान विभिन्न लोक विधाओं से जुड़े कलाकारों की तहसील से लेकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्तर तक प्रतियोगितायें आयोजित होगी**

अवधनामा ब्यूरो



■ प्रदेश के स्थापना दिवस 24 जनवरी, 2025 को लखनऊ में विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विभिन्न विधाओं से जुड़े उ0प्र0 के सभी अंचलों के कलाकारों की पहचान कर उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान कर प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा 'उ0प्र0-हमारी संस्कृति हमारी पहचान' के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का आयोजन 02 जनवरी से 20 जनवरी, 2025 तक किया जा रहा है। इसका समापन समारोह उ0प्र0 दिवस के अवसर पर 24 जनवरी, 2025 को लखनऊ में किया जायेगा। इस महाकार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति उत्सव 2024-25 का मुख्य उद्देश्य भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं भावी पीढ़ी को हस्तान्तरित करके उनको अपनी गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि संस्कृति उत्सव 2024-25 को उद्देश्य परक एवं सफल बनाने के लिए समस्त मण्डलायुक्तों एवं समस्त जिलाधिकारियों को शासन द्वारा पत्र भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाटकीय विभिन्न विधाओं के मामले में अत्यन्त समृद्ध है। ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत की परम्परा भी अत्यन्त प्रसिद्ध है। इन विधाओं से जुड़े कलाकारों को मंच प्रदान करने तथा संगीत की मूल विधाओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है।

जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति उत्सव के अंतर्गत गांव, पंचायत, ब्लाक, तहसील स्तर के कलाकारों की तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता कराई जायेगी। इसी प्रकार तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की जनपद मुख्यालय पर प्रतियोगिता कराई जायेगी। जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की मण्डलीय मुख्यालय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा मण्डल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कराई जायेगी।

### 16 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चारबाग स्टेशन पर 16 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अफीम के चूरे को गंगा सतलज एक्सप्रेस से अम्बाला लेकर जा रहा था। जीआरपी के मुताबिक पकड़ी गई अफीम की बाजार में कीमत 4.50 लाख रुपये है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि तस्कर 25 वर्षीय सारण छपरा बिहार निवासी संदीप राय सोमवार को चारबाग स्टेशन पर गंगा सतलज एक्सप्रेस की एसी कोच में यात्रा कर रहा था। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर जब जीआरपी ने चेक किया तो उसके पास नीले रंग का बैग मिला। जिसमें कुछ प्लास्टिक के पैकेट थे। तलाशी लेने पर उसमें 16 किलो 218 ग्राम अवैध अफीम का चूरा मिला। उसकी योजना थी कि अम्बाला कैंट पहुंचने से पहले ही लोकल सप्लायर को वह बैग देकर वापस लैट जाता।

# आरटीओ कार्यालय पर छापेमारी

■ कार्यालय में आने वाले वाहनों की निगरानी की जाये: जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के साथ साथ ज्वाइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर अमित वर्मा ने दलबल के साथ छापेमारी कर दी। इस दौरान कई संदिग्धों को पकड़ा गया, लेकिन बाद में सही पाये जाने पर उन्हें छोड़ दिया गया। इस दौरान डीएम ने आरटीओ को हिदायत दी कि कार्यालय में आने वाले वाहनों की निगरानी की जाये। अगर कोई वाहन लगातार परिसर में आ रहा है तो उसकी डिटेल निकाल कर कार्रवाई की जाये। डीएम सबसे पहले आरटीओ ऑफिस के सामने परिसर में पहुंचे और चेकिंग की। इसके बाद वह आरटीओ कार्यालय के अंदर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के सभी गेट बंद करा दिये। वहां आए लोगों से पूछताछ भी हुई।

जिस काम के लिए आये थे, उसके कागज चेक किए। कुछ लोग संदिग्ध लगे तो उनसे गहनता से पड़ताल की गई। दलालों की जगह जगह खड़ी गाडयि़ां देख डीएम भडक़ गये। इस दौरान डीएम ने आरटीओ संजय तिवारी से कहा कि दो से तीन दिन का सीसीटीवी फुटेज कम्प्यूटर पर चेक करें। उसमें देखें कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो रोज आरटीओ कार्यालय आ रहा है और उसकी पहचान करें। इसके बाद पकडक़र गिरफ्तार कराये। जब डीएम आरटीओ कार्यालय से निकले तब गेट खुले और लोग बाहर निकले। एआरटीओ के कमरे में चेक किए सीसीटीवी कैमरे डीएम ने एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह के कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एलईडी स्क्रीन पर कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया।

# एलडीए ने अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के दौरान मंगलवार को चिनहट में 30 बीघा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला। वहीं पारा, नीलमथा और कैसरबाग के ख्यालीगंज में 2 अवैध निर्माणों पर लविप्रा अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि सन्नी सिंह व अन्य की ओर से चिनहट में अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रधानमंत्री आवास योजना के पीछे लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराते हुए स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कराया।

प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि सरोज कुमार व अन्य की ओर से पारा के सलेपमुर पतौरा में मोहान रोड योजना पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि महेश वर्मा, आदर्श वर्मा व अन्य की ओर से नीलमथा में हरिहरपुर रोड पर डिप्टीगंज बियर शॉप के सामने लगभग 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने दोनों अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग के आदेश दिये थे। प्रवर्तन टीमों ने दोनों निर्माणाधीन इमारतों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि आरिफ व अन्य की ओर से कैसरबाग कोतवाली के पास ख्यालीगंज में लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर अवैध निर्माण को सील कराया गया।

### रमेश विधूड़ी का बयान कुंठित व स्त्री विरोधी मानसिकता का परिणाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी नेता रमेश विधूड़ी के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अमर्यादित और अभद्र बयान उनकी कुंठित व स्त्री विरोधी मानसिकता का परिणाम है। दरअसल भाजपा के तमाम नेता समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते हैं। यही भाजपा की वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरा है।

प्रियंका गांधी पर रमेश विधूड़ी की आपत्तिजनक टिप्पणी से देश भर के कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव और उरूसा राना के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने हजरतगंज थाने पहुंच कर भाजपा नेता रमेश विधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को तहरीर दी। इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्न आरा, सिद्धिश्री, डॉ. रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत सहित महिला कांग्रेस की अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

**प्रदेश कांग्रेस संगठन का नये सिरे से गठन शुरू**

# भाजपा के 'कुशासन' के खिलाफ कांग्रेसजन मजबूती से लड़ रहे हैं: अविनाश पाण्डेय

■ भाजपा सरकार में नफरत और विघटन के बने हैं हालात : अविनाश पाण्डेय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रदेश की सभी इकाइयों को भंग करने और पिछले दिनों कर्नाटक के बेलगवी में वर्ष 2025 को कांग्रेस के संगठन सृजन वर्ष घोषित किये जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन का नये सिरे से गठन का कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्वांचल जोन प्रभारी राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल की मौजूदगी में शुरू हुए संगठन सृजन कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्षों पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व सांसद राजबब्बर, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी विशेष रूप से शामिल हुए।

मंगलवार को पूर्वांचल जोन के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज देश में भाजपा सरकार में नफरत और विघटन के हालात बन गये हैं। इनसे हमारे नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उस लड़ाई को जमीन पर उतार कर मजबूती से लड़ें। प्रदेश में कांग्रेसी मजबूती से भाजपा के कुशासन के खिलाफ लड़ रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम एक सशक्त संगठन का निर्माण करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के 6 दिनों में मैराथन बैठकों का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से आए जमीनी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर ऐसे संगठन का निर्माण किया जाएगा जो भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ जारी हमारी लड़ाई को आखिरी व्यक्ति तक ले जाएगा। श्री राय ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि एक सशक्त संगठन निर्माण के लिए हमारे पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता अपना सहयोग करने और अपने अनुभवों से हमें ताकत देने के लिए यहां मौजूद हैं। बैठक में सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, कांग्रेस सोशल मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, पूर्व विधायक विवेक बंसल ने भी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दलितों और पिछड़ों को संगठन में मिलेगी समुचित भागीदारी कांग्रेस ने अपने संगठन सृजन कार्यक्रम शुरू कर दिया है।

### कुम्भ में सेवाएं मुहैया कराने के लिए उप्र परिवहन निगम कटिबद्ध

**लखनऊ।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवाएं मुहैया कराने के लिए उप्र परिवहन निगम कटिबद्ध है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम की तरफ से संचालित इलेक्ट्रिक बस श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होगी। परिवहन निगम 7 हजार ग्रामीण बस एवं 350 शटल बसों का संचालन महाकुम्भ क्षेत्र में करेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जनपदों से आने वाली बसों को प्रयागराज के आउटर मेला क्षेत्र में स्थित 8 अस्थाई बस स्टेशनों तक बसों का संचालन किया जायेगा। करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ मेला में आने की उम्मीद है। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यातायात की सुगमता बनाये जाने के निर्देश दिये हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय पर कमाण्ड कंट्रोल सेंटर स्थापित व कार्यरत है। महाकुम्भ में संचालित बसों के किसी परिस्थिति में बस के चालक, परिचालक अथवा यात्रियों के सहायतार्थ 24 घण्टे सातों दिन मुख्यालय स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।